kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

❑ वर्ष-15 ❑ अंक-11 ❑ रविवार, 08 फरवरी 2026 ❑ नगर संस्करण ❑ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❑ मूल्य- ₹ 3.00 ❑ पृष्ठ-12

भारत और अमेरिका के बीच बढ़ता सहयोग मेड इन इंडिया पर वैश्विक विश्वास को दर्शाता है और भारत को वैश्विक विकास का प्रमुख चालक बनने की दिशा में और सुदृढ़ करता है। **योगी आदित्यनाथ**



यूपीएससी ने अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए कॉल सेंटर की समय-सीमा बढ़ाई 11

सीएम नीतीश ने 1224 नवनियुक्त डॉक्टरों को सौंपे नियुक्ति पत्र 12

## संक्षेप

### रील बनाने के प्रयास में विवाहिता की फंसी से मौत

**बांदा।** उत्तर प्रदेश में बांदा जिले के बबेरू थाना क्षेत्र में सोशल मीडिया के लिए आत्महत्या संबंधी रील बनाने के प्रयास में एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में फंसी लगने से मौत हो गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस क्षेत्राधिकारी बबेरू सौरभ सिंह ने शनिवार को बताया कि कस्बा बबेरू के करुहिया पुरवा निवासी जगदीश की 27 वर्षीय पत्नी मोहिनी का शव शुक्रवार अपराह्न घर के अंदर फंदे से लटका मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने फॉरेंसिक टीम के साथ मौके का निरीक्षण किया। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि मृतका मोबाइल पर यूट्यूब और गूगल में फंसी लगाने के तरीके खोज रही थी। प्रभारी निरीक्षक के अनुसार आशंका है कि मृतका ने रील बनाने के उद्देश्य से फंसी लगाने का प्रयास किया, जिससे उसकी जान चली गई। घटना की जानकारी मृतका की करीब पांच वर्षीय पुत्री ने भी दी है। हालांकि परिजनों ने आत्महत्या के कारणों की जानकारी से इंकार किया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और रिपोर्ट व अन्य साक्ष्यों के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### 1950 परियोजनाओं से मिली बाढ़ प्रबंधन को धार

**लखनऊ।** बाढ़ सुरक्षा और जल प्रबंधन के क्षेत्र में उत्तर प्रदेश बीते कुछ सालों में मॉडल स्टेट के रूप में उभरा है। हर साल बाढ़ नियंत्रण परियोजनाओं की संख्या, सुरक्षित क्षेत्र और लाभान्वित जनसंख्या में वृद्धि हो रही है। प्रदेश के आठ प्रमुख रिवर बेसिन गंगा, यमुना, गण्डक, सरयू, रामगंगा, राप्ती-रोहिन, सोन और गोमती नदियों के डूब क्षेत्र में बीते आठ साल में 1,950 बाढ़ परियोजनाओं को पूरा किया जा चुका है। साथ ही 3869 किलोमीटर क्षेत्र में 523 तटबंधों का निर्माण किया गया है। इससे प्रदेश की लगभग 3.72 करोड़ से अधिक आबादी प्रत्यक्ष तौर पर लाभान्वित हुई है। सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग की ओर से वर्ष 2017-18 में जहां 74 बाढ़ नियंत्रण परियोजनाएं संचालित की गई थीं, जिनकी संख्या वर्ष 2018-19 बढ़कर 111 हो गई। जिसके चलते प्रदेश में बाढ़ सुरक्षित क्षेत्र 0.65 लाख हेक्टेयर से बढ़कर लगभग 1.88 लाख हेक्टेयर पहुंच गया और इससे लाभान्वित जनसंख्या बढ़कर 22.03 लाख पहुंच गई। इसी क्रम में वर्ष 2019-20 में 151 और वर्ष 2020-21 में 196 परियोजनाओं के माध्यम से क्रमशः 2.88 और 5.01 लाख हेक्टेयर क्षेत्र को बाढ़ से सुरक्षा प्रदान की गई। वहीं वर्ष 2021-22 में 167 परियोजनाओं के माध्यम से प्रदेश में बाढ़ सुरक्षित क्षेत्र दोगुना बढ़कर 10.90 लाख हेक्टेयर पहुंच गया। जिसने प्रदेश के 46.26 लाख लोगों को प्रत्यक्ष तौर पर राहत प्रदान की।

# किसान सुरक्षित, कारोबार मजबूत

## भारत-अमेरिका अंतरिम व्यापार समझौते की रूपरेखा जारी

एजेंसी

नई दिल्ली/वॉशिंगटन। भारत और अमेरिका के बीच आर्थिक और रणनीतिक साझेदारी को नई ऊंचाई देने वाले अंतरिम व्यापार समझौते की रूपरेखा शनिवार को दोनों देशों की ओर से संयुक्त बयान के माध्यम से जारी कर दी गई। इस समझौते को भारत-अमेरिका संबंधों में एक ऐतिहासिक उपलब्धि बताते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि इससे भारत में कृषि, मत्स्य पालन, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योगों (एमएसएमई) तथा अन्य श्रम-प्रधान क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर पैदा होंगे और उच्च प्रौद्योगिकी, नवाचार तथा वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं में सहयोग मजबूत होगा।

प्रधानमंत्री ने इस समझौते को भारत और अमेरिका के बीच आपसी संबंधों को और मजबूत करने की दिशा में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की प्रतिबद्धता का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि यह समझौता दोनों देशों के बीच पारस्परिक विश्वास, संतुलित व्यापार और ठोस आर्थिक परिणामों पर आधारित साझेदारी को आगे बढ़ाएगा।

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार, यह अंतरिम समझौता 13 फरवरी 2025 को राष्ट्रपति डोनाल्ड जे. ट्रंप और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू की गई व्यापक भारत-अमेरिका द्विपक्षीय व्यापार समझौता (बीटीए) वार्ता की दिशा में पहला ठोस कदम है। इस ढांचे का उद्देश्य बाजार पहुंच को आसान बनाना, व्यापार में मौजूद गैर-प्रशुल्कीय बाधाओं को दूर करना और अधिक लचीली तथा भरोसेमंद आपूर्ति श्रृंखलाओं को समर्थन देना है। संयुक्त बयान में कहा गया है कि



- ❑ रूस से तेल खरीद पर लगाया गया 25% दंडात्मक शुल्क अमेरिका ने हटाया
- ❑ कृषि और डेयरी पूरी तरह सुरक्षितः गोयल
- ❑ किसानों को पूर्ण संरक्षण, दुष्प्रचार खारिज, 30 अरब डॉलर का अमेरिकी बाजार भारतीय निर्यातकों के लिए खुलेगा

यह समझौता पारस्परिक और संतुलित व्यापार के प्रति दोनों देशों की साझा प्रतिबद्धता को दर्शाता है और इससे भारत-अमेरिका साझेदारी में एक नया अध्याय जुड़ेगा। अंतरिम समझौते के तहत भारत और अमेरिका औद्योगिक वस्तुओं और अमेरिकी खाद्य एवं कृषि उत्पादों की एक विस्तृत श्रृंखला पर शुल्क समाप्त या कम करने पर सहमत हुए हैं। इनमें सूखे डिस्टिलर्स ग्रेन्स (डीडीजी), पशु आहार के लिए लाल ज्वार, मेवे, ताजे और प्रसंस्कृत फल, सोयाबीन तेल, शराब और स्पिरिट जैसे उत्पाद शामिल हैं।

इसके साथ ही अमेरिका ने 2 अप्रैल 2025 को जारी अपने सरकारी आदेश में संशोधन करते हुए भारत में निर्मित वस्तुओं पर लागू आयात शुल्क को घटाकर 18 प्रतिशत करने का निर्णय लिया है। इससे पहले कई भारतीय उत्पादों पर अमेरिका में आयात शुल्क 50 प्रतिशत तक था। नए प्रावधानों के तहत वस्त्र और परिधान, चमड़ा एवं जूते, प्लास्टिक और रबर उत्पाद, जैविक रसायन, घरेलू सजावट, हस्तशिल्प और कुछ मशीनरी उत्पादों को अमेरिकी बाजार में बेहतर प्रतिस्पर्धात्मक अवसर मिलेंगे। अंतरिम समझौते के सफल क्रियान्वयन के बाद अमेरिका पिछले वर्ष 5 सितंबर को जारी प्रशुल्क समायोजन आदेश में संशोधन करेगा। इसके तहत जेनेरिक दवाओं, रत्न एवं हीरे, विमान और विमान पुर्जों सहित कई उत्पादों पर लगाए गए जवाबी आयात शुल्क हटाए जाएंगे।

इसके अलावा अमेरिका राष्ट्रीय सुरक्षा के नाम पर 2018 और 2025 में विमान और विमान पुर्जों पर लगाए गए शुल्क भी समाप्त करेगा। इसके बदले भारत को कुछ ऑटोमोबाइल पुर्जों के निर्यात के लिए शुल्क-दर आधारित कोटा प्रदान किया जाएगा, जो अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा आवश्यकताओं के अनुरूप होगा। भारत-अमेरिका संबंधों में एक और महत्वपूर्ण घटनाक्रम के ● शेष पेज 11 पर

### इस्पात, एल्यूमीनियम, तांबे पर अमेरिका में बना रहेगा 50 प्रतिशत आयात शुल्क

**नयी दिल्ली।** अमेरिका और भारत के बीच अंतरिम व्यापार समझौते के बावजूद इस्पात, एल्युमीनियम और तांबे पर अमेरिका में आयात शुल्क 50 प्रतिशत के ऊंचे स्तर पर बना रहेगा। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शनिवार को अंतरिम व्यापार समझौते के संबंध में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में एक सवाल के जवाब में बताया कि अमेरिका इस्पात, एल्यूमीनियम और तांबे को अमेरिका अपनी राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े सेक्टर मानता है। भारत ही नहीं, अन्य देशों के लिए भी इन तीनों धातुओं के आयात पर वहां 50 प्रतिशत आयात शुल्क है। अंतरिम व्यापार समझौते के तहत ज्यादातर भारतीय उत्पादों पर अमेरिका में आयात शुल्क घटाकर 18 प्रतिशत कर दिया जायेगा। साथ ही, कई उत्पादों पर आयात शुल्क शून्य किया जायेगा।

# यूएस ट्रेड डील में भारत का पूरा नक्शा

एजेंसी

नई दिल्ली। भारत और अमेरिका के बीच अंतरिम ट्रेड डील के फ्रेमवर्क के ऐलान के साथ ट्रंप प्रशासन की ओर से जारी भारत के आधिकारिक नक्शे ने अंतरराष्ट्रीय कूटनीतिक हलकों में हलचल मचा दी है। अमेरिका के ट्रेड रिप्रेजेंटेटिव ऑफिस द्वारा साझा किए गए इस नक्शे में पूरा जम्मू-कश्मीर, पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) और अक्साई चिन को भारत का हिस्सा दिखाया गया है।

इसे अमेरिका के अब तक के रुख से अलग और भारत के पक्ष में एक अहम कूटनीतिक संकेत के रूप में देखा जा रहा है। खासतौर पर पाकिस्तान और चीन के लिए यह कदम असहज करने वाला माना जा रहा है।

भारत-अमेरिका अंतरिम ट्रेड डील की जानकारी सार्वजनिक करते समय जारी यह नक्शा केवल तकनीकी दस्तावेज़ नहीं माना जा रहा। अब तक अमेरिकी विदेश विभाग और अन्य एजेंसियां पीओके को लेकर अपेक्षाकृत संतुलित सीमांकन दिखाती रही हैं, जिससे पाकिस्तान की आपत्तियों से बचा जा सके। लेकिन ट्रंप प्रशासन द्वारा जारी ताज़ा नक्शे में पाकिस्तान के दावों को पूरी तरह नज़रअंदाज़ किया गया है। विशेषज्ञों के मुताबिक यह भारत-अमेरिका रणनीतिक साझेदारी के नए चरण का संकेत है। भारत लगातार यह स्पष्ट करता आया है कि जम्मू-कश्मीर उसका अभिन्न अंग है और इसकी संप्रभुता पर किसी भी तरह का सवाल स्वीकार्य नहीं है। भारत की इस स्थिति को किसी बाहरी मान्यता की




- ❑ पीओके और अक्साई चिन को भारत का हिस्सा दिखाकर ट्रंप प्रशासन का बड़ा कूटनीतिक संकेत
- ❑ भारत की पुरानी स्थिति को अप्रत्यक्ष समर्थन

आवश्यकता भले न हो, लेकिन अमेरिका द्वारा इस तरह का नक्शा जारी किया जाना भारत की कूटनीतिक लाइन के अनुरूप माना जा रहा है।

विदेश मंत्रालय पहले कई बार वैश्विक प्लेटफॉर्म पर जारी गलत नक्शों पर आपत्ति दर्ज करा चुका है। ट्रंप प्रशासन का यह कदम भारत की उन्हीं आपत्तियों को स्वीकार करने जैसा देखा जा रहा है। इस नक्शे की सबसे बड़ी खासियत यह है कि इसमें अक्साई चिन को भी भारत का हिस्सा दिखाया गया है। यह वही क्षेत्र है जिस पर चीन लंबे समय से दावा करता रहा है और जहां भारत-चीन के बीच सैन्य और कूटनीतिक तनाव रहा है। रणनीतिक मामलों के जानकारों का मानना है कि यह कदम ऐसे समय आया है जब अमेरिका इंडो-पैसिफिक क्षेत्र ● शेष पेज 11 पर

# रूस से तेल खरीद पर भारत अपने रुख पर कायम

एजेंसी

नयी दिल्ली। अमेरिका के बार-बार किये जा रहे इन दावों कि भारत अब रूस से तेल खरीदना बंद कर देगा के बीच भारत ने एक बार फिर दोहराया है कि देशवासियों की ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है और बाजार परिस्थितियों तथा बदलते अंतर्राष्ट्रीय घटनाक्रमों को ध्यान में रखकर ऊर्जा स्रोतों में विविधता लाना उसकी रणनीति का हिस्सा है।

सरकार इस मामले में हां या नहीं के रूप में जवाब देने से बचती रही है। रूस से तेल खरीदने के मामले में वाणिज्य मंत्रालय सवालों को विदेश मंत्रालय के पाले में डाल देता है। वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने शनिवार को इस सवाल के जवाब में कहा कि इसका उत्तर विदेश मंत्रालय देगा। मीडिया की ओर से बार-बार यह सवाल पूछे जाने पर विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने शनिवार को एक बार फिर गुरुवार को

❑ कहा देशवासियों की ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करना प्राथमिकता



साप्ताहिक मीडिया ब्रीफिंग में इस सवाल के जवाब में दिये गये वक्तव्य को ज्यों की त्यों दोहरा दिया। भारत का यह बयान अमेरिका द्वारा रूस से कच्चा तेल खरीदने के लिए पिछले साल अगस्त में उस पर लगाये गये 25 प्रतिशत दंडात्मक आयात शुल्क को हटाने के बाद आया है। विदेश मंत्रालय ने कहा है देशवासियों की ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है और बाजार परिस्थितियों तथा बदलते अंतर्राष्ट्रीय घटनाक्रमों को ध्यान में रखकर ऊर्जा स्रोतों में विविधता लाना उसकी रणनीति का हिस्सा है। विदेश मंत्रालय ने कहा है, '' सरकार ने कई अवसरों पर ● शेष पेज 11 पर

# 'हिंदू पहचान नहीं, सांस्कृतिक विशेषण है': मोहन भागवत

एजेंसी

मुंबई। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने कहा है कि संघ का काम बेहद अनोखा है और पूरी दुनिया में ऐसा काम कहीं और नहीं होता। उन्होंने कहा कि अब इसका प्रत्यक्ष अनुभव भी हो रहा है। भागवत ने स्पष्ट किया कि हिंदू कोई संज्ञा नहीं, बल्कि एक विशेषण है और भारत में रहने वाले सभी लोग हिंदू हैं।

आरएसएस के 100 वर्ष पूरे होने के अवसर पर मुंबई में आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भागवत ने कहा कि संघ ने शुरू से ही तय किया है कि उसका एकमात्र उद्देश्य संपूर्ण समाज को संगठित करना है। इसके अलावा संघ का कोई दूसरा काम नहीं है।

उन्होंने कहा, कुछ लोग कहते हैं कि नरेंद्र भाई प्रधानमंत्री हैं और आरएसएस के हैं। उनकी एक राजनीतिक पार्टी है- बीजेपी-जो अलग संगठन है। उसमें कई स्वयंसेवक हैं और वे प्रभावी भी हैं। लेकिन संघ किसी राजनीतिक प्रतिस्पर्धा में नहीं है। भागवत ने कहा कि संघ न तो किसी के विरोध में खड़ा है और न ही किसी प्रतिक्रिया के रूप में बना है। संघ को न लोकप्रियता चाहिए, न सत्ता। देश में जो भी अच्छे काम हो रहे हैं, वे ठीक से हों- संघ का उद्देश्य बस यही है। उन्होंने कहा कि भारतीय समाज का आपसी व्यवहार सौदे पर नहीं, बल्कि अपनत्व पर आधारित है। हिंदुस्तान का सनातन स्वभाव नहीं बदलता। ऋषि-मुनियों ने यह सोचकर ज्ञान पूरी दुनिया को दिया कि सब अपने हैं। भारत धर्मप्राण देश है, जहां सभी को साथ लेकर चलने की भावना है। किसी को छोड़ा नहीं जाना चाहिए। भागवत ने कहा, अकेले रहना हो तो अनुशासन की जरूरत नहीं होती, लेकिन समाज के साथ रहना है तो अनुशासन आवश्यक है। सृष्टि की शुरुआत से ही धर्म के आधार पर जीवन चलता आया है। उन्होंने कहा कि भारत विश्वगुरु बनेगा, लेकिन केवल भाषणों से नहीं, बल्कि अपने आचरण और उदाहरणों के जरिए। अगर आप भारतीय हैं, तो यह क्षमता आपको विरासत में मिली है। भारत के मुस्लिम और ईसाई भी भारत के ही हैं। मोहन भागवत ने कहा कि भारत में चार प्रकार के हिंदू हैं- पहले, वे जो गर्व से कहते हैं कि हम हिंदू हैं। दूसरे, वे जो कहते हैं कि हिंदू ● शेष पेज 11 पर



❑ संघ को न सत्ता चाहिए न लोकप्रियता, हमारा लक्ष्य समाज को जोड़नाः भागवत

### 51 माओवादियों ने किया आत्मसमर्पण, हथियार जमाकर समाज की मुख्यधारा में लौटे

सुकमा/बीजापुर। छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित इलाके सुकमा और बीजापुर जिले के 51 माओवादियों ने शनिवार को हिंसा का मार्ग त्याग कर मुख्यधारा में शामिल होने का ऐतिहासिक निर्णय लिया है। यह आत्मसमर्पण 'पूना मारगेमः पुनर्वास से पुनर्जीवन' नामक एक विशेष अभियान के तहत किया गया।

इन माओवादियों ने सुरक्षा बलों के समक्ष आत्मसमर्पण करते हुए एके-47 राइफल, एसएलआर राइफल, इंसास राइफल, बीजीएल (बैरल ग्रेनेड लॉन्चर) जैसे अत्याधुनिक और गोला-बारूद भी जमा करा दिया। इन हथियारों का हस्तांतरण औपचारिक रूप से जमा किया है, जो राज्य सरकार की नक्सलवाद से निपटने की नीति और पुनर्वास के प्रयासों की एक बड़ी कामयाबी मानी जा रही है। इस घटना को छत्तीसगढ़ में शांति और विकास की दिशा में एक सशक्त कदम के रूप में देखा जा रहा है। इतनी बड़ी संख्या में कैडरों का एक साथ मुख्यधारा में लौटना नक्सलवाद के खिलाफ चल रहे अभियान में एक मनोवैज्ञानिक ● शेष पेज 11 पर

# घूसखोर पंडत का शीर्षक बेहद अपमानजनक : अखिलेश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने घूसखोर पंडत फिल्म का नाम लिए बिना कहा है कि इसका शीर्षक केवल आपत्तिजनक नहीं, बेहद अपमानजनक भी है। उस फिल्म का नाम लिखने से भाजपा का उस समाज का तिरस्कार करने का उद्देश्य और भी अधिक पूरा होगा। इसका नाम बदलकर भी रिलीज नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा है कि जब निर्माताओं को आर्थिक हानि होगी, तभी ऐसी फिल्में बनना बंद होंगी। अखिलेश ने शनिवार को एक बयान में कहा है कि ये 'रचनात्मक स्वतंत्रता' या 'क्रिएटिव लिबर्टी' के हनन की बात नहीं है, ये 'रचनात्मक समझ' या कहिए 'क्रिएटिव प्रुडेंस' की बात है कि पूर्वाग्रह से ग्रसित जो फिल्म किस एक पक्ष की भावनाओं को, एक सोची-समझी साजिश के तहत आहत करे वो मनोरंजन कैसे हो सकती है।

अगर उद्देश्य मनोरंजन नहीं है तो किसी एक समाज को बदनाम करने के एजेंडे के पीछे के एजेंडे का खुलासा भी होना ही चाहिए। इसका भी भंडाफोड़ होना चाहिए कि इसके पीछे कौन है और कोई क्यों अपना पैसा और दिमाग ऐसे सामाजिक एकता विरोधी-विध्वंसकारी काम में लगा रहा है। उन्होंने कहा कि सिनेमा को समाज का दर्पण समझा जाता है, लेकिन ये दर्पण मैला और मलिन नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा है कि भाजपा सरकार ने देश के किसानो और खेती को खतरे में डाला है। अमेरिका के साथ ट्रेड डील किसानों के हितों के खिलाफ है। देश के किसानों, दुकानों, उद्योगों को बचाने के लिए, खोखले शब्दों के अलावा भाजपा के पास कोई और सुरक्षा कवच या संरक्षण-योजना है? भारत के हितों ● शेष पेज 11 पर

❑ अमेरिका के साथ ट्रेड डील किसानों के हितों के खिलाफ



## दो दिन की यात्रा पर कुआलालंपुर पहुंचे मोदी, अनवर इब्राहिम ने किया स्वागत

# विश्वास भारत की सबसे मजबूत मुद्रा : प्रधानमंत्री

एजेंसी

कुआलालंपुर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दक्षिण-पूर्व एशिया के साथ भारत की बढ़ती रणनीतिक, आर्थिक और सांस्कृतिक साझेदारी का उल्लेख करते हुए शनिवार को यहां भारतीय प्रवासी समुदाय को दोनों देशों के बीच ऐतिहासिक मित्रता को मजबूत करने वाला सेतु बताया। मलेशिया की दो दिन की यात्रा पर यहां आये श्री मोदी ने 'माइंस इंटरनेशनल एग्ज़िबिशन एंड कन्वेंशन सेंटर' में भारतीय प्रवासियों के एक सामुदायिक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि विश्वास और साझेदारी के सशक्त संदेश के साथ आज भारत को वैश्विक स्तर पर ''विकास के लिए एक विश्वसनीय साझेदार'' के रूप में देखा जा रहा है और ''विश्वास भारत की सबसे मजबूत मुद्रा बन चुका है।''

उन्होंने कहा ,'' कुआलालंपुर में भारतीय प्रवासी समुदाय की गर्मजोशी के लिए आभारी हूं। हमारा प्रवासी समुदाय भारत और मलेशिया के बीच एक सशक्त सेतु के रूप में निरंतर कार्य कर रहा है।'' मलेशिया में भारतीय मूल के लगभग 29 लाख लोग रहते हैं जो दुनिया में भारतीय मूल के लोगों का दूसरा सबसे बड़ा समुदाय है। प्रधानमंत्री ने कहा कि वह पिछले वर्ष आसियान शिखर सम्मेलन के लिए मलेशिया नहीं आ पाए थे लेकिन उन्होंने शीघ्र आने का वादा किया था। उन्होंने कहा, ''पिछले वर्ष मैं आसियान शिखर सम्मेलन के लिए मलेशिया नहीं आ सका था, लेकिन मैंने अपने मित्र से वादा किया था कि जल्द ही मलेशिया आऊँगा। वादे के अनुसार आज मैं यहाँ हूँ। 2026 में यह मेरी पहली विदेश यात्रा है। मलेशियाई प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम के निमंत्रण पर हो रही श्री मोदी की यह यात्रा 2015 के बाद देश की उनकी तीसरी यात्रा है। यह दौरा 2024 में स्थापित भारतऽमलेशिया व्यापक रणनीतिक साझेदारी की पृष्ठभूमि में हो रहा है और भारत की 'एक्ट ईस्ट नीति' तथा हिन्द प्रशांत दृष्टिकोण में मलेशिया के बढ़ते महत्व को दर्शाता है। दोनों समाजों के बीच गहरे सांस्कृतिक संबंधों को उजागर करते हुए श्री मोदी ने कहा, भारतीय और मलेशियाई दिलों को जोड़ने वाली बहुत सी बातें हैं। उन्होंने मलेशिया में भारतीय फिल्मों और संगीत की लोकप्रियता का उल्लेख किया। उन्होंने ज़ोर देकर कहा कि एक देश की सफलता दूसरे देश को भी लाभ पहुँचाती है और ''भारत की सफलता मलेशिया की सफलता है। आर्थिक मोर्चे पर प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा मोबाइल फोन निर्माता बन चुका है और मलेशिया में 100 से अधिक भारतीय कंपनियाँ कार्यरत हैं। उन्होंने कहा कि भारत ने ब्रिटेन, संयुक्त अरब अमीरात, ऑस्ट्रेलिया, न्यूज़ीलैंड, ओमान, यूरोपीय संघ और अमेरिका सहित प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं के साथ व्यापार समझौते किए हैं। श्री मोदी ने कहा दुनिया के लिए भारत खुला है। उन्होंने स्वच्छ ऊर्जा के लिए भारत के प्रयासों को भी रेखांकित किया जिसमें सौर ऊर्जा देश की कुल नवीकरणीय क्षमता का लगभग 40 प्रतिशत है। उन्होंने घोषणा की कि मलेशिया में शीघ्र ही एक नया भारतीय वाणिज्य दूतावास खोला जाएगा और यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफ़ेस (यूपीआई) डिजिटल भुगतान प्रणाली भी देश में शुरू की जाएगी, जिससे लोगों के बीच संपर्क और व्यापारिक संबंधों को और सहज बनाने में मदद मिलेगी। इससे पहले कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मोदी और प्रधानमंत्री इब्राहिम का भव्य स्वागत किया गया जिसमें 800 से अधिक कलाकारों की ● शेष पेज 11 पर




❑ भारत और मलेशिया के बीच ऐतिहासिक साझेदारी का सशक्त सेतु है भारतीय समुदाय : मोदी

# प्रयागराज में नाबालिग से कथित अवैध आईवीएफ प्रक्रिया का मामला, फर्जी दस्तावेजों के इस्तेमाल का आरोप

कैनविज टाइम्स संवाददाता

❒ 15 वर्षीय नाबालिग लड़की के साथ कथित तौर पर अवैध चिकित्सा प्रक्रिया किए जाने का आरोप है

प्रयागराज। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में एक निजी आईवीएफ सेंटर से जुड़ा गंभीर मामला सामने आया है, जिसमें 15 वर्षीय नाबालिग लड़की के साथ कथित तौर पर अवैध चिकित्सा प्रक्रिया किए जाने का आरोप है। पीड़िता की मां की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

शिकायत के अनुसार, नाबालिग लड़की को आर्थिक सहायता और अन्य प्रलोभनों के जरिए प्रभावित किया गया। आरोप है कि इस दौरान उसकी उम्र छिपाने के लिए फर्जी आधार कार्ड और कथित सहमति पत्र का इस्तेमाल किया गया, जिसके आधार पर निजी आईवीएफ सेंटर में मेडिकल प्रक्रिया कराई गई। लापता होने के बाद आईवीएफ सेंटर में मिली नाबालिग पुलिस को दी गई जानकारी के मुताबिक, 7 जनवरी को नाबालिग लड़की एक गेस्ट हाउस से लापता हो गई थी। करीब सात दिन तक उसका कोई पता नहीं चल सका। बाद में 21 जनवरी को वह एक निजी आईवीएफ सेंटर में मिली। परिजनों का आरोप है कि इसी अवधि के दौरान उसके अंडाणु निकाले गए।

## परिजनों का आरोप: आर्थिक तंगी का उठाया गया फायदा

पीड़िता की मां का कहना है कि पति की दुर्घटना में मृत्यु के बाद परिवार आर्थिक संकट से गुजर रहा था। इसी का फायदा उठाकर कुछ लोगों ने कथित तौर पर उनकी बेटी को बहलाया-फुसलाया और मानसिक रूप से प्रभावित किया।

## एफआईआर दर्ज, कई आरोपी नामजद

पुलिस कमिश्नर के निर्देश पर फाफामऊ थाने में जोया खान, पलक, मिजान, रिंकी हेला, सीमा, हिमांशु और कल्पना सहित अन्य के खिलाफ विभिन्न धाराओं में एफआईआर दर्ज की गई है। पुलिस का कहना है कि पूरे मामले की विस्तृत जांच की जा रही है और आईवीएफ सेंटर की भूमिका की भी गहनता से पड़ताल की जा रही है।स्वास्थ्य तंत्र और निगरानी व्यवस्था पर सवालयह मामला निजी चिकित्सा संस्थानों की निगरानी व्यवस्था और दस्तावेज़ सत्यापन की प्रक्रिया पर गंभीर सवाल खड़े करता है। नाबालिग से जुड़ी चिकित्सा प्रक्रियाओं में नियमों के पालन को लेकर भी चिंता जताई जा रही है। पुलिस का कहना है कि जांच पूरी होने के बाद दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## नाबालिग से जुड़े गंभीर आरोपों में आईवीएफ सेंटर संचालक समेत 5 गिरफ्तार

प्रयागराज। फाफामऊ क्षेत्र में नाबालिग लड़की से जुड़े एक गंभीर मामले में पुलिस ने आईवीएफ सेंटर के संचालक सहित पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पीड़िता की मां की शिकायत पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मामला दर्ज किया। आरोप है कि नाबालिग को बहला-फुसलाकर गलत गतिविधियों में फंसाया गया और उसे एक निजी ऋछ्ठक्क सेंटर ले जाया गया। मामला सामने आने के बाद पुलिस ने जांच शुरू कर आरोपियों को हिरासत में ले लिया। पुलिस अधिकारियों के अनुसार नाबालिग से जुड़े मामलों में कानून बेहद सख्त है और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। प्रकरण की विस्तृत जांच जारी है तथा अन्य तथ्यों की भी पड़ताल की जा रही है।

# समाधान दिवस: जिलाधिकारी ने शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण के दिए निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



प्रयागराज । जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में शनिवार को तहसील करछना में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी ने जनशिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही अथवा उदासीनता को अस्वीकार्य बताते हुए सभी संबंधित अधिकारियों को शिकायतों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

समाधान दिवस के अवसर पर तहसील परिसर में विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का जिलाधिकारी ने निरीक्षण किया तथा योजनाओं के व्यापक प्रचार-प्रसार के माध्यम से पात्र लाभार्थियों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए। इसी क्रम में पोषण अभियान के अंतर्गत 3 महिलाओं की गोदभराई एवं 2 बच्चों का अन्नप्राशन कराया गया। साथ ही गर्भवती महिलाओं को लगाए जाने वाले टीकों की जानकारी भी प्राप्त की गई।जिलाधिकारी ने राजस्व, पुलिस, स्वास्थ्य सहित अन्य विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों की जमीनी स्तर पर जांच कर नियमानुसार कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। प्रार्थनापत्रों की जांच व निस्तारण में विलम्ब होने पर संबंधित अधिकारी के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही किए जाने की चेतावनी दी गई। उन्होंने शिकायतकर्ताओं से फीडबैक लेकर यह सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए कि शिकायतकर्ता निस्तारण से संतुष्ट हों।समाधान दिवस के दौरान विभिन्न शिकायतों पर त्वरित संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारी ने संबंधित उपजिलाधिकारी एवं थाना अध्यक्षों को संयुक्त जांच कर विधिक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। अवैध कब्जा, गलत वरासत, सरकारी भूमि पर अतिक्रमण एवं दबंगई से जुड़ी शिकायतों पर सख्त रुख अपनाते हुए दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए गए।सम्पूर्ण समाधान दिवस पर तहसील करछना में कुल 208 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें राजस्व विभाग एवं राजस्व न्यायालय से संबंधित 166, पुलिस विभाग की 22, विकास विभाग की 08, विद्युत विभाग की 08 तथा अन्य विभागों की 04 शिकायतें शामिल रहीं। इनमें से 11 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। शेष शिकायतों के निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्धारित समयसीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण कार्यवाही के निर्देश दिए गए।इस अवसर पर ज्वाइंट मजिस्ट्रेट भारती मीना, सिटी मजिस्ट्रेट विनोद कुमार सिंह, जिला विकास अधिकारी जी.पी. कुशवाहा सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## कृषि विभाग द्वारा आयोजित 05 दिवसीय विराट किसान मेले का तृतीय दिवस सम्पन्न

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** कृषि विभाग द्वारा आयोजित पांच दिवसीय विराट किसान मेला, माघ मेला क्षेत्र के सेक्टर-3 स्थित गंगा पंडाल में शनिवार को तृतीय दिवस निदेशक, रहमानखेड़ा उत्तर प्रदेश लखनऊ श्री राजेन्द्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। मेले में कृषि विभाग के अंतर्गत खाद, बीज, कृषि रक्षा रसायन, सोलर पंप, ड्रोन एवं आधुनिक कृषि यंत्रों का प्रदर्शन किया गया। डेयरी विभाग, उद्यान विभाग एवं विभिन्न कृषक उत्पादक संगठनों सहित 40 से अधिक स्टॉल लगाए गए, जिनका अधिकारियों द्वारा अवलोकन किया गया। कार्यक्रम में लगभग 750 कृषकों की सहभागिता रही। निदेशक महोदय ने एकीकृत फसल प्रबंधन, फसल चक्र परिवर्तन, हरी खाद, समेकित खेती, पशुपालन, सूक्ष्म सिंचाई एवं कृषि यंत्रीकरण पर विस्तार से जानकारी दी। कृषि वैज्ञानिकों द्वारा मोटे अनाज, पोषण, पशुपालन, मृदा उर्वरता, टीकाकरण एवं जैविक-योगिक खेती पर चर्चा की गई। उप कृषि निदेशक ने कृषक उत्पादक संगठनों एवं फार्मर रजिस्ट्री के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन प्रीति त्रिपाठी द्वारा किया गया।

## फाइलेरिया उन्मूलन में मीडिया की भूमिका अहम: सीएमओ

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** जनपद प्रयागराज में राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत 10 से 28 फरवरी तक केवल बहादुरपुर और उरुआ ब्लॉक में सर्वजन दवा सेवन (एमडीए) अभियान चलाया जाएगा। इस दौरान 6.44 लाख लोगों को फाइलेरिया से बचाव की दवा दी जाएगी। सीएमओ सभागार में आयोजित मीडिया संवेदीकरण कार्यशाला में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अरुण कुमार तिवारी ने बताया कि नाइट ब्लड सर्वे में 21 ब्लॉकों में से केवल दो ब्लॉकों में संक्रमण पाया गया है। अभियान के लिए 87 सुपरवाइजर एवं 516 स्वास्थ्य टीमें गठित की गई हैं। एसीएमओ एवं वीबीडी नोडल अधिकारी डॉ. राजेश सिंह ने बताया कि जनपद में वर्तमान में 1590 हाथीपांव एवं 283 हाइड्रोसील मरीज पंजीकृत हैं। विशेषज्ञों ने दवा को सुरक्षित बताते हुए कहा कि दवा न लेना अधिक खतरनाक है।

## नागरिक सुरक्षा वार्डन सेवा में नियुक्ति, नवीनीकरण एवं पदोन्नति

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** जिलाधिकारी एवं नियंत्रक नागरिक सुरक्षा प्रयागराज श्री मनीष कुमार वर्मा के आदेश दिनांक 04 फरवरी 2026 के क्रम में नागरिक सुरक्षा प्रयागराज के प्रखंड कर्नलगंज अंतर्गत वार्डन सेवा के 14 सदस्यों की अवैतनिक पदों पर नियुक्ति एवं नवीनीकरण किया गया है। इसके साथ ही डिप्टी डिवीजनल वार्डन श्री एल.के. अहेरवार की पदोन्नति करते हुए उन्हें स्टाफ ऑफिसर टू चीफ वार्डन नियुक्त किया गया तथा घटना नियंत्रण अधिकारी श्री आशीष बाजपेई को डिप्टी डिवीजनल वार्डन पद पर तैनात किया गया। उक्त आदेश जारी होने पर नागरिक सुरक्षा के अधिकारियों एवं सदस्यों द्वारा नव नियुक्त एवं पदोन्नत कर्मियों को शुभकामनाएं दी गईं।

## जल अर्पण कार्यक्रम के तहत ग्राम पंचायत मानिकपुर पूर्णतः नल जल से आच्छादित

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** राज्य पेयजल स्वच्छता मिशन के निर्देशन में विकास खंड हंडिया की ग्राम पंचायत मानिकपुर में जल अर्पण कार्यक्रम भव्य रूप से संपन्न हुआ। कार्यक्रम में सांसद भदोही द्वारा फीता काटकर पानी की टंकी का लोकार्पण किया गया। ग्राम पंचायत की कुल जनसंख्या 1838 एवं 403 घरों में शत-प्रतिशत नल कनेक्शन प्रदान किया गया है। प्रतिदिन तीन समय जलापूर्ति की जा रही है। योजना के अंतर्गत 11.46 किमी पाइपलाइन बिछाई गई तथा कुल लागत 191.03 लाख रुपये रही। सोलर पैनल एवं जनरेटर की व्यवस्था की गई है तथा आगामी 10 वर्षों तक रख-रखाव कार्यदायी संस्था द्वारा किया जाएगा।

## झोलाछाप पत्रकारों पर कार्रवाई की मांग, पुलिस अधिकारियों को बदनाम करने का आरोप

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** यमुनापार क्षेत्र में कथित झोलाछाप एवं फर्जी पत्रकारों की गतिविधियों को लेकर सवाल उठने लगे हैं। स्थानीय लोगों और पुलिस सूत्रों के अनुसार कुछ लोग पत्रकारिता की आड़ में पुलिस अधिकारियों पर दबाव बनाने और अवैध वसूली करने का प्रयास कर रहे हैं। आरोप है कि मनमानी मांग पूरी न होने पर थाना प्रभारी व उच्च अधिकारियों को बदनाम करने के उद्देश्य से फर्जी खबरें प्रसारित की जाती हैं। आम जनता भी ऐसे कथित दलालों से परेशान बताई जा रही है। जानकारों का कहना है कि इन गतिविधियों से न सिर्फ पुलिस की छवि प्रभावित हो रही है बल्कि पत्रकारिता की विश्वसनीयता पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। ऐसे मामलों में प्रशासन से निष्पक्ष जांच और सख्त कार्रवाई की मांग की जा रही है।

## शंकरगढ़ थाना प्रभारी की सख्त कार्रवाई से अपराधियों में हड़कंप

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** शंकरगढ़ थाना प्रभारी यशपाल सिंह की सख्त कार्यशैली से क्षेत्र में अपराधियों और कथित दलालों में हड़कंप मचा हुआ है। पुलिस सूत्रों के अनुसार थाना प्रभारी के नेतृत्व में अवैध गतिविधियों पर प्रभावी कार्रवाई की गई है, जिससे क्षेत्र में कानून-व्यवस्था में सुधार देखने को मिला है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पुलिस अब सीधे जनता से संवाद कर रही है और शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई हो रही है। वहीं, पुलिस अधिकारियों को बदनाम करने के प्रयासों को भी सिरे से खारिज किया जा रहा है। प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार शंकरगढ़ क्षेत्र में अवैध खनन सहित अन्य गैरकानूनी गतिविधियों पर नियंत्रण है। जनता के बीच थाना प्रभारी की कार्यप्रणाली को लेकर संतोष का माहौल है।

## करेली पुलिस ने बच्ची से दुष्कर्म के आरोपी को किया गिरफ्तार

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** करेली थाना पुलिस ने बच्ची से दुष्कर्म के मामले में वांछित आरोपी रामनारायण कुशवाहा को सुल्तानपुर भावा क्षेत्र से गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार मामला दर्ज होने के बाद से आरोपी फरार था, जिसे सटीक सूचना के आधार पर पकड़ा गया। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को विधिक कार्रवाई के लिए न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि नाबालिगों से जुड़े अपराधों को लेकर पुलिस गंभीर है और ऐसे मामलों में त्वरित एवं सख्त कार्रवाई की जा रही है। मामले की विवेचना जारी है और आवश्यक साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं। पुलिस ने आम जनता से अपील की है कि ऐसे मामलों में बिना भय के जानकारी साझा करें।

## यूनिटी पीजी कालेज मे हुआ दो दिवसीय वार्षिक महोत्सव ''यूनीफ़ेस्ट 2026'' का शुभारंभ

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** आईआईएम बाई पास रोड स्थित यूनिटी पीजी कालेज मे दो दिवसीय वार्षिक महोत्सव यूनीफ़ेस्ट 2026 का शुभारंभ हुआ। जिसका उद्घाटन कालेज के चेयरमैन न्याय मूर्ति इम्तियाज मुर्तजा ने किया, जो कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। यूनिफ़ेस्ट मे रंगोली, नुक्कड़ नाटक, कोलाज मेकिंग, फ़ेसपेंटिंग, मेंहदी प्रतियोगिता, स्लैम पोएट्री, फोटोग्राफी, गायन (सोलो और ग्रुप) जैसी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमे विभिन्न विश्वविद्यालयों, कालेजों एवं स्कूलों के छात्र/छात्राओं ने हिस्सा लिया। बताया कि रविवार को रैम्प शों, ऐलीमिनायी मीट, पुरस्कार वितरण तथा फ़ेट का आयोजन किया जाएगा। शनिवार को कार्यक्रम में कॉलेज की वाइस चेयरपर्सन समीना इम्तियाज, कालेज के सचिव मर्तज़ा हसनैन खान, कालेज की संयोजक असमा जावेद एवं कालेज के प्राचार्य डा0 सुनील धवन समेत शिक्षकगण एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# 10 से 28 फरवरी तक चलेगा सर्वजन दवा सेवन अभियान

❒ खिलायी जाएगी फाइलेरिया से बचाव की दवा

कैनविज टाइम्स संवाददाता




लखनऊ। राष्ट्रीय फ़ाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत सीएचसी माल में 10 से 28 फरवरी तक सर्वजन दवा सेवन (आईडीए) अभियान संचालित किया जाएगा । इसी क्रम में शनिवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र माल पर मीडिया कार्यशाला आयोजित हुई ।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.एन.बी.सिंह ने बताया कि वर्ष 2027 तक फ़ाइलेरिया उन्मूलन के राष्ट्रीय लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए आईडीए अभियान सरकार की प्राथमिकता है। फ़ाइलेरिया (हाथीपाँव) एक गंभीर, दीर्घकालिक एवं दिव्यांगता उत्पन्न करने वाला मच्छर-जनित रोग है, जो मादा क्यूलेक्स मच्छर के काटने से फैलता है। जनपद के अन्य विकास खंडों में संक्रमण दर में उल्लेखनीय कमी आई है, इसलिए वहां इस वर्ष आईडीए अभियान संचालित नहीं किया जा रहा है। आईडीए अभियान पाँच स्तम्भों पर आधारित है। प्रत्यक्ष निगरानी में डब्लूएचओ अनुशंसित आइवरमेक्टिन, डीईसी एवं एल्बेंडाजोल का दवा सेवन रुग्णता प्रबंधन एवं रोकथाम ,वेक्टर नियंत्रण है। अंतर्विभागीय समन्वय एवं जन-आंदोलन, डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से रियल-टाइम रिपोर्टिंग नोडल अधिकारी डॉ. गोपीलाल ने बताया कि आशा कार्यकर्ता जब दवा खिलाने आएं तो बिना किसी हिचक के दवा का सेवन अवश्य करें। फ़ाइलेरिया उन्मूलन के लिए कम से कम 90 प्रतिशत पात्र आबादी का दवा सेवन आवश्यक है, क्योंकि अधिकांश संक्रमित व्यक्ति लक्षणहीन वाहक होते हैं और अनजाने में संक्रमण फैलाते रहते हैं। जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. रितु श्रीवास्तव ने बताया कि एक वर्ष से कम आयु के बच्चों, गर्भवती महिलाओं एवं गंभीर रूप से बीमार व्यक्तियों को छोड़कर सभी पात्र व्यक्तियों को दवा दी जाएगी। दवा स्वास्थ्यकर्मी के सामने ही खानी होगी और खाली पेट दवा नहीं लेनी चाहिए। उन्होंने बताया कि दवा सेवन के बाद चक्कर आना, जी मिचलाना या हल्का बुखार जैसे लक्षण सामान्य हैं और कुछ समय में स्वतः ठीक हो जाते हैं। यह शुभ संकेत हैं कि शरीर में फाइलेरिया के परजीवी थे और दवा सेवन की बाद उनके मरने के परिणाम स्वरूप यह प्रतिक्रिया हुई है। अभियान में तकनीकी सहयोग पाथ संस्था द्वारा तथा सामुदायिक जागरूकता के लिए पीसीआई एवं सीफॉर संस्थाओं द्वारा सहयोग प्रदान किया जा रहा है। पीएसपी प्लेटफॉर्म के माध्यम से सीएचओ के नेतृत्व में जनजागरूकता गतिविधियाँ संचालित की जा रही हैं। सीएचसी अधीक्षक डॉ. जे.पी.सिंह ने बताया कि माल की लगभग 2.21 लाख लक्षित आबादी को अभियान के अंतर्गत आच्छादित किया जाएगा। इसके लिए 37 सुपरवाइज़र एवं 177 टीमें गठित की गई हैं।आशा कार्यकर्ता घर-घर जाकर पात्र व्यक्तियों को अपने सामने दवा खिलाएंगी।

# मध्यस्थता के लिये चिन्हित पत्रावलियों को 15 फरवरी तक करें संदर्भित




❒ जनपद न्यायाधीश ने न्यायिक अधिकारियों को दिए दिशा-निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज । राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार मध्यस्थता अभियान 2.0 को सफल बनाने के उद्देश्य से शनिवार को जनपद न्यायालय सभागार में जनपद प्रयागराज के समस्त न्यायिक अधिकारियों के साथ एक बैठक आयोजित की गई।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए माननीय जनपद न्यायाधीश, प्रयागराज ने अवगत कराया कि मध्यस्थता अभियान 2.0 के अंतर्गत मध्यस्थता हेतु चिन्हित पत्रावलियों को संदर्भित किए जाने की अवधि 01 फरवरी 2026 से 15 फरवरी 2026 तक बढ़ा दी गई है। उन्होंने निर्देशित किया कि जनपद प्रयागराज के समस्त न्यायालयों एवं वाह्य न्यायालयों से अधिक से अधिक पत्रावलियों को मध्यस्थता के लिए संदर्भित किया जाए, ताकि मामलों का निस्तारण सुलह-समझौते के माध्यम से किया जा सके। इस अवसर पर सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रयागराज शशि कुमार ने सभी न्यायिक अधिकारियों से अनुरोध किया कि अधिक से अधिक उपयुक्त मामलों को मध्यस्थता केंद्र में संदर्भित कर अभियान को सफल बनाया जाए। यह जानकारी सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, प्रयागराज द्वारा प्रदान की गई।

# 25 लाख की स्मैक समेत 02 तस्कर गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शाहजहांपुर। जनपदीय एसओजी, सर्विलांस सेल और थाना सिंधौली की संयुक्त पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर प्राथमिक विद्यालय ग्राम कोरोकुईया के पास से दो मादक पदार्थ तस्करों को गिरफ्तार किया। जिनके कब्जे से पुलिस टीम ने करीब 119 ग्राम स्मैक बरामद की। बरामद स्मैक की कीमत अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 25 लाख रूपए बताई जा रही है।

पकड़े गए तस्कर थाना निगोही क्षेत्र के ग्राम डेलखेड़ा निवासी मोबीन खान पुत्र सैमनजादे और जनपद बरेली के थाना इज्जतनगर क्षेत्र के मोहल्ला फरीदपुर चौधरी निवासी मोहम्मद हसीन खान उर्फ नन्नू पुत्र नसरूद्दीन हैं। पुलिस पूछताछ में दोनों अभियुक्तों ने बताया कि वो लोग बरामद स्मैक जनपद बरेली के थाना फरीदपुर क्षेत्र के गांव मोहनपुर निवासी गुलाब उर्फ राशिद खान पुत्र रफीउल्ला खान और इसी थाना क्षेत्र के ग्राम बैहरा पडैरा निवासी तैमूर उर्फ भोला पुत्र तफाजुल से लेकर आए है। बताया कि यह दोनों मादक पदार्थों के बड़े तस्कर हैं। यह माल पहुंचाने का वो लोग उन्हें दो हजार रूपए देते हैं। फिलहाल, पुलिस ने दोनों तस्करों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई करते हुए उन्हें जेल भेज दिया है और प्रकाश में आए अभियुक्त गुलाब उर्फ राशिद खान तथा तैमूर उर्फ भोला की तलाश में जुटी है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में एसओजी प्रभारी निरीक्षक धर्मेन्द्र कुमार और सर्विलांस सेल प्रभारी मनोज कुमार के साथ थाना सिंधौली के उपनिरीक्षक नरगेश कुमार, अजीत सिंह आदि मौजूद रहे।

## डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान में दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन

लखनऊ । डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान में शारीरिक सक्रियता के प्रति जन-जागरूकता हेतु दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन ट्टघ्ख्ङ्क्रग्ग-2026 का सफल आयोजन किया गया। सम्मेलन में देशभर से लगभग 200 चिकित्सकों ने सहभागिता की। सम्मेलन का संयुक्त आयोजन समुदाय चिकित्सा विभाग एवं कार्डियोलॉजी विभाग द्वारा किया गया। संस्थान के निदेशक प्रो. सी. एम. सिंह ने अपने संदेश में कहा कि स्वस्थ जीवनशैली अपनाकर अनेक गैर-संचारी रोगों की रोकथाम संभव है। आयोजन अध्यक्ष डॉ. एस. डी. कांडपाल ने नियमित शारीरिक गतिविधि को दैनिक जीवन का अभिन्न अंग बनाने पर बल दिया। सह-आयोजन अध्यक्ष डॉ. भुवन ने संतुलित पोषण और सक्रिय जीवनशैली के संयुक्त महत्व को रेखांकित किया। तो वहीं आयोजन सचिव डॉ. सुमीत दीक्षित ने बताया कि सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य जनमानस में शारीरिक सक्रियता और स्वस्थ आदतों के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। सम्मेलन के दौरान बच्चों में बढ़ती मोटापे की समस्या पर विशेष चर्चा की गई तथा इस विषय पर एक पैनल चर्चा का आयोजन भी हुआ। वहीं इस मौके पर जीवनशैली से संबंधित स्वास्थ्य मुद्दों पर आधारित एक पुस्तक का विमोचन भी सम्मेलन के दौरान किया गया।

## पेड़ कट कर युवक पर गिरा, इलाज के दौरान मौत

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** गोसाईगंज क्षेत्र के गांव मोहम्दाबाद में काटे गए पेड़ की चपेट आए युवक की मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया।पुलिस के अनुसार त्रिलोक चंद (35) पुत्र भगौती निवासी मोहम्दाबाद अपने घर के पीछे लगा हुआ पेड़ काट रहा था। कटने के बाद पेड़ उसी युवक पर गिर गया। वह गंभीर रूप घायल हो गया।चोट खाए युवक को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया।इस मामले में एच सी अधीक्षक सुरेश पांडेय ने बताया कि त्रिलोक चंद की पीठ पर चोट लगी थी।

## डीपीएस एल्डिको ने नन्हे विद्यार्थियों के लिए आयोजित किया खेलकूद समारोह

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** दिल्ली पब्लिक स्कूल एल्डिको में नन्हे विद्यार्थियों के लिए ''लिटिल चैंप्स – प्ले, रन एंड शाइन'' खेलकूद समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वागत, टॉर्च रिले एवं खेल शपथ के साथ हुआ। प्रधानाचार्या मनीषा अंथवाल के संबोधन के पश्चात क्वालिटी इंश्योरेंस मनदीप कौर ने खेल महोत्सव को औपचारिक रूप से उद्घाटित किया। कार्यक्रम में ताइक्वांडो प्रदर्शन के साथ विभिन्न खेल प्रतियोगिताएँ आयोजित की गईं, जिनमें 50 मीटर व 30 मीटर दौड़, बॉल बैलेंसिंग, हुला हूप, टास्क रेस एवं क्रमिक दौड़ शामिल रहीं। विद्यालय के गायन समूह की प्रस्तुति भी आकर्षण का केंद्र रही। अभिभावकों के लिए म्यूजिकल चेयर्स एवं रस्साकशी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। अंत में विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान किए गए।

## क्वीन मैरी अस्पताल में विश्व कैंसर दिवस पर विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** केजीएमयू के क्वीन मैरी अस्पताल में 'विश्व कैंसर दिवस' के उपलक्ष्य में एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य कैंसर की रोकथाम, पहचान और उपचार के प्रति समाज और चिकित्सा कर्मियों को जागरूक करना था। कार्यक्रम डॉ. सुजाता देव के कुशल नेतृत्व और संयोजन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में अस्पताल की नर्सिंग अधिकारियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपनी प्रतिभा व ज्ञान का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि, क्वीन मैरी अस्पताल की विभागाध्यक्ष डॉ. अंजू अग्रवाल ने विजेताओं को पुरस्कार वितरित कर उनका उत्साहवर्धन किया। अपने संबोधन में डॉ. अग्रवाल ने नर्सिंग स्टाफ की सराहना करते हुए कहा कि कैंसर के मरीजों की देखभाल और उन्हें संबल प्रदान करने में नर्सिंग अधिकारियों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है।प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। जिसमें प्रथम पुरस्कार वैशाली, प्रिया और प्रीति को मिला। तो द्वितीय पुरस्कार पूर्णिमा और वंदना तथा तृतीय पुरस्कार अंशु और शशि को मिला।

# सिंगल यूज प्लास्टिक और गंदगी फैलाने वालों पर नगर निगम की सख्त कार्रवाई

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। नगर आयुक्त गौरव कुमार के निर्देश पर शुक्रवार को नगर निगम लखनऊ द्वारा शहर के विभिन्न जोनों में सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग और सार्वजनिक स्थलों पर गंदगी फैलाने वालों के विरुद्ध सघन अभियान चलाया गया। इस कार्रवाई का उद्देश्य स्वच्छता बनाए रखना, पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना तथा नागरिकों को स्वच्छ शहर के प्रति जागरूक करना रहा।

जोनल सेनेटरी ऑफिसर मनोज यादव के निर्देशानुसार जोन-03 क्षेत्र के अंतर्गत केशव नगर मोड़ से सेंट जोसेफ स्कूल तक मुख्य मार्ग पर विशेष रोकथाम अभियान संचालित किया गया। अभियान के दौरान सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी फैलाने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध कुल 11 चालान जारी किए गए, जिनसे 8,550 रुपये का जुर्माना वसूला गया। वहीं, सिंगल यूज प्लास्टिक एवं प्रतिबंधित पॉलीथीन का उपयोग पाए जाने पर 7 चालान किए गए, जिनसे 8,500 रुपये की धनराशि वसूल की गई।इस प्रकार कुल 17 चालानों के माध्यम से 17,050 रुपये का जुर्माना वसूल कर नगर निगम कोष में जमा कराया गया। कार्रवाई के दौरान संबंधित व्यक्तियों को भविष्य में गंदगी न फैलाने तथा प्रतिबंधित प्लास्टिक का प्रयोग न करने की सख्त हिदायत भी दी गई। इस अभियान में सफाई एवं खाद्य निरीक्षक प्रमोद कुमार गौतम, सुमित मिश्रा, पुष्कर सिंह पटेल, अंकाक्षा गोस्वामी सहित 296 प्रवर्तन दल के कार्मिक एवं क्षेत्रीय सुपरवाइजर की संयुक्त टीम उपस्थित रही।

# गृहकर बकायेदारों के विरुद्ध नगर निगम का कुर्की अभियान, 19 भवन सील

कैनविज टाइम्स संवाददाता




लखनऊ । नगर आयुक्त गौरव कुमार के निर्देश पर शनिवार को नगर निगम लखनऊ द्वारा गृहकर बकायेदारों के विरुद्ध सख्त कुर्की अभियान चलाया गया। यह कार्रवाई जोन-8 क्षेत्र में जोनल अधिकारी के नेतृत्व में की गई, जिसका उद्देश्य बकाया गृहकर की वसूली सुनिश्चित करना और कर अनुपालन को सुदृढ़ करना रहा।

अभियान के दौरान वार्ड श्रद्धेय अटल बिहारी बाजपेई, इब्राहिमपुर द्वितीय एवं राजा बिजली पासी प्रथम के अंतर्गत कुल 19 भवनों में सीलिंग की कार्रवाई की गई। इन भवनों पर कुल बकाया गृहकर राशि 27,97,045 रुपये पाई गई। कार्रवाई के दौरान 11 भवनों से 9,45,505 रुपये की धनराशि तत्काल जमा कराई गई, जबकि शेष बकायेदार प्रतिष्ठानों को सील कर दिया गया।यह समस्त कार्रवाई जोनल अधिकारी जोन-8 विकास सिंह के निर्देशन में संपन्न हुई। अभियान में कर निर्धारण अधिकारी दिव्यांशु पाण्डेय, कर अधीक्षक राम अचल, राजस्व निरीक्षक राजा भैया, अंदलीब जेहरा एवं अनुज गौढ़ सहित ईटीएफ टीम और अन्य संबंधित स्टाफ मौजूद रहा।

# 12वीं के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह का आयोजन

❒ गोमती नगर विस्तार स्थित दिल्ली पब्लिक स्कूल में आयोजित हुआ कार्यक्रम

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । दिल्ली पब्लिक स्कूल गोमती नगर विस्तार में कक्षा बारहवीं के विद्यार्थियों के सम्मान में विदाई समारोह विद्यालय परिसर में अत्यंत हर्षोल्लास, सौहार्द एवं गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ।

इस अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन कक्षा ग्यारहवीं के विद्यार्थियों एवं शिक्षकगण द्वारा किया गया। समारोह में विद्यालय प्रबंधन, शिक्षकगण तथा विद्यार्थीगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की संगीत मंडली द्वारा प्रस्तुत भावपूर्ण प्रार्थना से हुआ, जिसने वातावरण को आध्यात्मिक एवं सकारात्मक ऊर्जा से परिपूर्ण कर दिया । संगीत मंडली द्वारा प्रस्तुत मधुर एवं भावनात्मक गीतों ने कार्यक्रम को संगीतमय स्वर प्रदान किया। विद्यालय की हेडमिस्ट्रेस नाज़िश जफ़र ने कक्षा बारहवीं के विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए विद्यालय के आदर्श वाक्य– ज्ञान, बुद्धि, चरित्र एवं साहस के लिए शिक्षा को अपने जीवन में आत्मसात करने के लिए प्रेरित किया।

उन्होंने विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य हेतु शुभकामनाएँ दीं तथा आगामी सीबीएसई परीक्षाओं में उत्कृष्ट सफलता प्राप्त करने के लिए महत्वपूर्ण मार्ग दर्शन प्रदान किया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन द्वारा विद्यार्थियों को स्मृति-चिह्न भेंट कर आशीर्वाद प्रदान किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंतर्गत कक्षा ग्यारहवीं के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत नृत्य एवं गायन की मनमोहक प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। इसके उपरांत विद्यार्थियों ने विभिन्न मनोरंजक गतिविधियों में सहभागिता करते हुए संगीत, नृत्य एवं हास्य का भरपूर आनंद लिया। इस अवसर पर आराध्य द्विवेदी को मिस्टर डी.पी.एस.तथा आमरा रईस को मिस डी.पी.एस. के खिताब से सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के अंत में सभी विद्यार्थियों एवं शिक्षकगण ने विदाई भोज का आनंद लिया। भावनाओं से ओतप्रोत इस स्मरणीय समारोह के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ, जो कक्षा बारहवीं के विद्यार्थियों के लिए सदैव अविस्मरणीय रहेगा।

# सीवर ओवर फ्लो से कॉलोनियों में हाहाकार, नागरिकों ने जलकल विभाग के महाप्रबंधक का फूंका पुतला

❒ शीघ्र ही व्यवस्था में नहीं हुआ सुधार, तो महापौर के खिलाफ होगा विरोध प्रदर्शनः ममता त्रिपाठी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। सीवर ओवरफ्लो की समस्या से परेशान नागरिकों का सब्र शनिवार को जवाब दे गया। जिसमें परेशान नागरिकों ने सामाजिक कार्यकर्ता ममता त्रिपाठी के नेतृत्व में जलकल विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और महाप्रबंधक का पुतला भी फूंका।

नागरिकों ने बताया कि फैजुल्लागंज क्षेत्र की श्याम विहार कॉलोनी, प्रजापति टावर, संतकबीरनगर कॉलोनी, प्रीति नगर, कृष्ण लोक नगर, गायत्री नगर, इन्द्रपुरी, महर्षि नगर, भरत नगर, यश नगर, नौबस्ता, कसाईबाड़ा, श्री नगर, हरिओम नगर तथा बेरी होटल समेत कई इलाकों में सीवर ओवरफ्लो होने से हालात बदतर हो गए हैं। बदबूदार पानी सड़कों व गलियों में बहने से लोगों का घरों से निकलना दूभर हो गया है। भीषण दुर्गंध के कारण सांस लेना तक मुश्किल हो रहा है। लोगों के मुताबिक उन्होंने ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराई तथा पार्षद और विधायक से भी गुहार लगाई, लेकिन दो माह बीत जाने के बावजूद समस्या का समाधान नहीं हो सका। इससे आक्रोशित नागरिकों ने जलकल विभाग के महाप्रबंधक का पुतला फूंक कर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान ममता त्रिपाठी ने आरोप लगाया कि कार्यदायी संस्था के पास पर्याप्त संसाधन नहीं हैं, जिससे शिकायतों का निस्तारण नहीं हो पा रहा है। जलकल विभाग के जेई और अधिशासी अभियंता नागरिकों की समस्याओं से अनजान बने हुए हैं। अधिकारियों द्वारा फोन नहीं उठाया जाता तथा ऑनलाइन शिकायतों का फर्जी निस्तारण कर दिया जाता है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र ही व्यवस्था में सुधार नहीं किया गया तो लखनऊ नगर निगम की महापौर के खिलाफ भी विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। इस विरोध प्रदर्शन में गुड़िया सिंह, अभिषेक मिश्र, सूरज कश्यप, इंदिरा शर्मा, राखी कनौजिया, लीलाधर पांडेय, गिरीश चंद्र नैथानी, सुनीता नैथानी सहित बड़ी संख्या में नागरिक मौजूद रहे।

# संस्कृति एवं सिनेमा पर आधारित परिचर्चा का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । नेताजी सुभाष चंद्र बोस राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय अलीगंज में संस्कृति एवं सिनेमा पर आधारित एक परिचर्चा का आयोजन किया गया। परिचर्चा में मुख्य वक्ता के रूप में जाने माने इतिहासकार डॉक्टर रोशन तक़ी मौजूद रहे। अपने उद्बोधन में उन्होंने लखनवी तहजीब की चर्चा करते हुए कहा कि लखनऊ गंगा जमुनी तहजीब का गहरवारा है।

उन्होंने विस्तार से लखनऊ के क्रमागत विकास की चर्चा करते हुए कहा कि देश के विभिन्न प्रांतों से सन 1775 में लोगों ने यहाँ आना शुरू किया। उन्होंने कहा कि लखनऊ की पहचान लखनवी संस्कृति से है ये किसी ख़ास फिरके मजहब या धर्म से नहीं पहचाना जाता। मुख्य अतिथि ने कहा कि लखनऊ की पहले आप की चर्चा सारी दुनिया में होती है। उन्होंने कहा रानी केतकी की कहानी और पद्मावत ने अवध की जुबान को बहुत मजबूत किया है। इस परिचर्चा का आयोजन महाविद्यालय के इतिहास विभाग के द्वारा किया गया। निदेशालय द्वारा स्वीकृत परियोजना से लखनऊ की संस्कृति एवं सिनेमा पर काम कर रहीं प्रोफ़ेसर श्वेता मिश्रा एवं डाक्टर सनोबर हैदर ने परिचर्चा का विस्तार से उद्देश्य बताते हुए कहा कि छात्राओं को लखनऊ की संस्कृति से परिचित किया जाना जरूरी है। डाक्टर तक़ी ने कहा पहली बोलती फ़िल्म आलम आरा लखनऊ की ही कहानी लगती है। आन और अमर जैसी फ़िल्मों की कहानी लखनऊ से ही लिखी गई। उन्होंने कहा कि जब महान फ़िल्म मुग़ले आज़म लिखी जा रही थी तो उसके लेखक कमाल अमरोही भाषा का अध्ययन करने लखनऊ आए थे। फ़िल्मों में लखनऊ के योगदान की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि मेरे महबूब और मेरे हुजूर जैसी फ़िल्में लखनऊ पर ही आधारित हैं। गुरुदत्त की चौदहवीं का चाँद भी लखनऊ की कहानी कहती है। उमराव जान और शतरंज के खिलाड़ी कभी न भूली जाने वाली फ़िल्में भी लखनऊ को स्पर्श करती है। महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफ़ेसर रश्मि बिश्नोई ने अतिथि का स्वागत करते हुए कहा कि आज की पीढ़ी को लखनऊ का इतिहास और यहाँ की कला संस्कृति और विरासत को समझने की आवश्यकता है। परिचर्चा का संयोजन डाक्टर श्वेता मिश्रा तथा धन्यवाद ज्ञापन डाक्टर सनोबर हैदर ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी शिक्षक एवं बड़ी संख्या में छात्राएं मौजूद रही।

# नगराम पुलिस का वारंटियों पर शिकंजा, कोर्ट के एनबीडब्ल्यू में 5 फरार गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता




नगराम, लखनऊ। थाना नगराम पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर बड़ी कार्रवाई करते हुए लंबे समय से फरार चल रहे 5 वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया।

थाना प्रभारी विवेक चौधरी ने बताया कि ये अभियुक्त न्यायालय में नियत तिथियों पर लगातार अनुपस्थित थे, जिसके चलते इनके खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किया गया था। एनबीडब्ल्यू जारी होने के बाद पुलिस टीम गठित कर शनिवार को दबिश दी गई और सभी वारंटियों को उनके घरों से गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तारी के बाद आवश्यक विधिक कार्रवाई करते हुए सभी अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।गिरफ्तार वारंटी अभियुक्तों के नामः आशीष कुमार यादव पुत्र राम सरोहन यादव निवासी गौरिया खुर्द , शालू पुत्र स्व. उस्ताद निवासी भजा खेड़ा , करिया पुत्र सुखलाल निवासी भजा खेड़ासर्वजीत पुत्र रामसुचित निवासी अमवां मुर्तजा पुर , देशराज पुत्र गयाप्रसाद निवासी चोरहापुर पुलिस ने स्पष्ट किया है कि अपराधियों के खिलाफ आगे भी अभियान जारी रहेगा और फरार आरोपियों पर लगातार कार्रवाई की जाएगी।

## भारतीय डाक विभाग द्वारा लखनऊ पेक्स के अंतर्गत हुआ लेखन प्रतियोगिता, डाक टिकट कार्यशाला एवं संगोष्ठी का आयोजन



**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जन भवन लखनऊ में प्रादेशिक फल शाकभाजी एवं पुष्प प्रदर्शनी के द्वितीय दिवस पर भारतीय डाक विभाग द्वारा लखनऊपेक्स के अंतर्गत विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राओं के साथ पत्र लेखन प्रतियोगिता, डाक टिकट(फिलेटलिक) कार्यशाला एवं संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भारतीय डाक विभाग द्वारा पोस्टमास्टर जनरल, मुख्यालय परिक्षेत्र सुनील कुमार राय की मौजूदगी में आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में सिटी इंटरनेशनल स्कूल (बालागंज), लॉरेटो कान्वेन्ट कालेज, बाल विद्या मंदिर (चारबाग) एवं आदर्श माध्यमिक विद्यालय (जन भवन, लखनऊ) के छात्र-छात्राओं की सहभागिता रही। फिलेटलिक कार्यशाला एवं संगोष्ठी के माध्यम से उन्होंने डाक टिकटों के ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं शैक्षिक महत्व को समझा। सभी गतिविधियों में छात्र-छात्राओं ने जिज्ञासा और सक्रिय भागीदारी का परिचय दिया। पत्र लेखन प्रतियोगिता के प्रथम, द्वितीय व तृतीय पुरस्कार प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान किये जायेंगे। जिला स्तरीय डाक टिकट प्रदर्शिनी लखनऊपेक्स में लखनऊ एवं प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आए फिलैटलिस्टों द्वारा अपने दुर्लभ एवं संग्रहणीय डाक टिकट प्रदर्शों के माध्यम से सहभागिता की गई।

## उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए एसकेडी एकेडमी ने हासिल की ओवरऑल चैंपियनशिप ट्रॉफी



**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** वृंदावन योजना स्थित एसकेडी एकेडमी परिसर में आयोजित दो दिवसीय राइजिंग स्टार्स स्केटिंग चैंपियनशिप 2.0 (अंडर-14) का भव्य समापन हुआ। एसकेडी स्पोर्ट्स एकेडमी के तत्वावधान में आयोजित इस मेगा प्रतियोगिता में लखनऊ के 24 प्रतिष्ठित विद्यालयों के 500 से अधिक उत्साही स्केटर्स ने हिस्सा लिया। कड़ी प्रतिस्पर्धा के बाद, मेज़बान विद्यालय एसकेडी एकेडमी ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए ओवरऑल चैंपियनशिप ट्रॉफी अपने नाम की। वहीं लखनऊ स्पीड स्केटिंग अकादमी ने द्वितीय और मॉडर्न अकादमी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। चैंपियनशिप का उद्घाटन एसकेडी ग्रुप ऑफ एजुकेशन के निदेशक मनीष सिंह, लखनऊ रोलर स्पोर्ट्स एसोसिएशन के महासचिव नरेश कुमार एवं संयुक्त सचिव संजय भगत की उपस्थिति में हुआ था। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों में एसकेडी एकेडमी से आर्यन चौरसिया, दर्शिल एवं आर्या रही, तो वहीं टीम एलएसएसए से शिवी सागर, ईशान्वी आनंद एवं मंजरि चंद्रा, तो एपेक्स से अज़ान खान एवं हैदर नवाज़ व पीस अकादमी से अर्जिता मौर्य, स्वस्तिक एवं आदित्य तथा जीडी गोयनका से श्रेनिका प्रमुख रहीं।

## स्वास्थ्य शिविर में एकेटीयू ने कराई ग्रामीणों की सेहत की जांच

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** डॉ0 एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय की ओर से जनभवन में आयोजित स्वास्थ्य शिविर में गोद लिये गये गांवों के ग्रामीणों के स्वास्थ्य की जांच करायी गयी। कुलपति प्रो0 जेपी पाण्डेय के निर्देशन में गोद लिये गये दिगोई, पहाड़पुर, रैथा, पश्चिम गांव और दुग्गौर गांवों के पुरूष और महिलाओं ने स्वास्थ्य शिविर में अपनी जांच करायी। इस दौरान चिकित्सकों ने रक्तचाप, वजन, हृदय, मस्तिष्क, कान, नाक, गला, सहित अन्य जांच की। जांच के आधार पर दवाएं और सुझाव भी दिये। साथ ही स्वास्थ्य को लेकर जागरूक किया। शिविर में जांच के लिए विश्वविद्यालय स्तर पर समिति गठित की गयी थी। विश्वविद्यालय के महिला समिति की अध्यक्ष सरोज पाण्डेय के नेतृत्व में जांच करायी गयी। इस दौरान उपकुलसचिव डॉ0 डीपी सिंह, सहा0 कुलसचिव डॉ0 आयुष श्रीवास्तव डॉ अंजनेय शर्मा सहा0 कुलसचिव शांतनु पाठक, कंप्यूटर प्रोग्रामर शुभी पांडे, डॉ विनय चतुर्वेदी, डॉक्टर गजेंद्र गुप्ता, डॉ वर्षा शुक्ला, अंजली सिंह, शेफाली सिंह व आरजू गुप्ता सहित शिक्षकों, अधिकारियों कर्मचारियों ने सहयोग प्रदान किया। जांच के बाद ग्रामीणों ने जनभवन में लगे प्रादेशिक पुष्प, शाकभाजी प्रदर्शनी को भी देखा।

## अलग-अलग सड़क हादसों में बुजुर्ग महिला समेत अधेड़ की मौत, गांवों में पसरा मातम

**मोहनलालगंज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र के फत्तेखेड़ा व कीर्तिखेड़ा गांव में शुक्रवार को हुए अलग-अलग सड़क हादसों में एक बुजुर्ग महिला समेत एक अधेड़ की दर्दनाक मौत हो गई। दोनों घटनाओं से क्षेत्र में सनसनी फैल गई, वहीं परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।पहली घटना शुक्रवार रात करीब नौ बजे फत्तेखेड़ा गांव स्थित शिवगढ़ रिसॉर्ट के पास की है। जानकारी के अनुसार, भद्दीखेड़ा थाना निगोहां निवासी शिवराजा हाइवे किनारे पैदल जा रही थीं। इसी दौरान तेज रफ्तार कार ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गईं। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और एम्बुलेंस की मदद से उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोहनलालगंज पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।वहीं दूसरी घटना शुक्रवार देर शाम कीर्तिखेड़ा गांव की है। यहां तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने रामचन्द्र निवासी कीर्तिखेड़ा मजरा कनकहा को टक्कर मार दी। हादसे में रामचन्द्र गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजन उन्हें एम्बुलेंस से इलाज के लिए ट्रामा सेंटर लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पंचनामा भरते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रभारी निरीक्षक बृजेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि दोनों घटनाओं में शामिल अज्ञात वाहनों की तलाश की जा रही है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है, ताकि वाहनों की पहचान कर जल्द कार्रवाई की जा सके।इधर, लगातार हो रहे सड़क हादसों से क्षेत्रवासियों में रोष व्याप्त है। लोगों ने हाइवे व ग्रामीण मार्गों पर तेज रफ्तार वाहनों पर सख्ती से रोक लगाने और नियमित पुलिस गश्त बढ़ाने की मांग की है।

# इंटीग्रल यूनिवर्सिटी ने किया 'फिएस्टा 2026' का आयोजन




कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । इंटीग्रल यूनिवर्सिटी ने फिएस्टा 2026 के तहत अंतर-महाविद्यालयी खेल प्रतियोगिता के पुरस्कार वितरण समारोह का भव्य आयोजन किया। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश सरकार के उद्योग विकास, निर्यात प्रोत्साहन, एनआरआई एवं निवेश प्रोत्साहन मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी मुख्य अतिथि रहे। इस मौके पर उन्होंने उत्तर प्रदेश को उत्तम प्रदेश से 'सर्वोत्तम प्रदेश' बनाने की यात्रा पर प्रकाश डाला। उन्होंने निवेशक सम्मेलनों, बुनियादी ढांचे में बढ़ते निवेश और शिक्षा क्षेत्र पर जोर का जिक्र किया। वहीं उन्होंने युवाओं को राष्ट्र-निर्माण का आधार बताते हुए विश्वस्तरीय शिक्षा व्यवस्था पर बल दिया। विश्वविद्यालय के चांसलर एवं संस्थापक प्रोफ़ेसर एस. डब्ल्यू. अख्तर ने राज्य के समग्र विकास की सराहना की तथा चरित्र निर्माण, सत्य, सद्भाव और नैतिक मूल्यों पर जोर दिया। प्रो. अख्तर ने यूनिवर्सिटी की शिक्षण, शोध, नवाचार और रोजगारोन्मुखी शिक्षा के प्रति प्रतिबद्धता दोहराई। इस मौके पर विभिन्न साहित्यिक, सांस्कृतिक, खेल प्रतियोगिताओं और इंटीग्रल फैकल्टी लीग के विजेताओं को सम्मानित किया गया। फिएस्टा 2026 ने छात्रों को कला, साहित्य व संस्कृति के माध्यम से एकजुटता और उत्कृष्टता का मंच प्रदान किया।

# समेसी में वार्षिकोत्सव का भव्य आयोजन

❒ सांसद नीरज मौर्य के हाथों पुरस्कार पाकर मेधावी छात्रों के चेहरे खिले

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नगराम, लखनऊ। शनिवार को क्षेत्र के समेसी बाजार स्थित नीरज रमादेवी नलिनीश कुमार पब्लिक इंटर कॉलेज में वार्षिकोत्सव समारोह बड़े ही धूमधाम और उत्साह के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर सभी का मन मोह लिया।

कॉलेज परिसर तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा।इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे लोकसभा आंवला के सांसद एवं विद्यालय के प्रबंधक नीरज मौर्य तथा अध्यक्ष रश्मि मौर्या ने कार्यक्रम में शिरकत कर आयोजन को गरिमा प्रदान की। कार्यक्रम का शुभारंभ वृंदावन धाम से पधारे आचार्य मनोज मोहन द्वारा बुद्धि शुद्धि हवन-यज्ञ के साथ कराया गया। इसके बाद छात्र-छात्राओं ने ऑपरेशन सिंदूर, पश्चिम बंगाल देवी गीत, कजरी नृत्य सहित एक से बढ़कर एक प्रस्तुति देकर उपस्थित दर्शकों को मंत्र-मुग्ध कर दिया। समारोह के समापन पर मुख्य अतिथि सांसद नीरज मौर्य ने मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया। पुरस्कार पाकर छात्रों के चेहरे खुशी से खिल उठे। वहीं प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार ने मुख्य अतिथियों को अंगवस्त्र पहनाकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक बिंदु शुक्ला ने किया। आयोजन में बड़ी संख्या में अभिभावक, शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में तहसील सरोजनीनगर में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

❒ जनपद की पांचो तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 727 प्रकरण प्राप्त हुए, 167 प्रकरणों का निस्तारण मौके पर किया गया




लखनऊ। लखनऊ की पांचों तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किये गये । जिलाधिकारी ने कहा कि जनसामान्य की शिकायतों का स्थानीय स्तर पर समाधान किया जाना शासन की प्राथमिकता है जिसके क्रम में तहसील में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया जाता है।

जिलाधिकारी ने कहा कि सभी अधिकारी जनता की इन शिकायतों का निस्तारण त्वरित एवं समयबद्ध तरीके से एक सप्ताह में करना सुनिश्चित करें। विशाख जी ने बताया कि तहसील सरोजनीनगर में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 205 प्रकरण प्राप्त हुये, जिसमें से 84 प्रकरणों का निस्तारण विभिन्न टीमो के माध्यम से कर दिया गया। शेष प्रकरणों को निस्तारण हेतु सम्बन्धित विभागों को इस निर्देश के साथ उपलब्ध करा दिये गये कि उनका निस्तारण एक सप्ताह में सुनिश्चित करा दिया जायें।

सम्पूर्ण समाधान दिवसो में तहसील सदर में 80 में से 08 प्रकरण का निस्तारण प्रकरण, तहसील मलिहाबाद में 88 में से 09 प्रकरण का निस्तारण, तहसील बी0के0टी0 में 130 में से 33 प्रकरण का निस्तारण, तहसील मोहनलालगंज में 224 में से 33 प्रकरण का निस्तारण तथा तहसील सरोजनीनगर में 205 में से 84 प्रकरण का निस्तारण मौके पर किया गया। शेष प्रकरणों को समयबद्ध निस्तारण हेतु सम्बन्धित विभागों को प्रेषित किए गये। आज जनपद में पुलिस 77, राजस्व एवम पुलिस संयुक्त 01, राजस्व 385, विकास 60, शिक्षा 03, स्वास्थ्य 03, समाज कल्याण 16, नगर निगम 03 तथा अन्य 179 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए है। सामाधान दिवस के दौरान शिकायतकर्ता द्वारा अपनी भूमि पर अवैध अतिक्रमण संबंधित प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया गया। जिसके संबंध में प्रकरण में पूर्व प्रस्तुत आवेदन का निस्तारण न करवाने एवं गलत निस्तारण प्रस्तुत करने के संबंध में राजस्व निरीक्षक को कारण बताओ नोटिस जारी करने और संबंधित लेखपाल को तहसील से हटाते हुए मुख्यालय संबद्ध किए जाने व उनके विरुद्ध विभागीय कार्यवाही शुरू करने के निर्देश दिए गए। समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी द्वारा सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिए गए की आज जो भी प्रकरण प्राप्त हुए है उनके निस्तारण के लिए समय सीमा निर्धारित की गई है। सभी प्रकरणों का निस्तारण निर्धारित समय सीमा में करते हुए, फोटो व वीडियो सहित आख्या उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाए। उक्त के साथ ही जिलाधिकारी द्वारा निर्देश दिए गए की समाधान दिवस के जो भी प्रकरण निस्तारण करने के लिए अधिकारियों को दिए गए है उन सभी प्रकरणों में निस्तारण के बाद अधिकारीगण शिकायतकर्ताओं से कॉल करके फीडबैक लेना सुनिश्चित करे। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अजय जैन, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व राकेश सिंह, उप जिलाधिकारी तहसील सरोजनीनगर अंकित शुक्ल, तहसीलदार सरोजनीनगर, पुलिस, समाज कल्याण सहित विभिन्न स्तरों के अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# नगर निगम लखनऊ का सघन अतिक्रमण विरोधी अभियान, शहरभर में बड़ी कार्रवाई

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। शहर में लगातार बढ़ते अवैध अतिक्रमण और यातायात अवरोधों को गंभीरता से लेते हुए नगर निगम लखनऊ ने शनिवार को व्यापक और बहुस्तरीय अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाया। अभियान नगर आयुक्त गौरव कुमार के निर्देश पर विभिन्न जोनों में एक साथ संचालित किया गया।

कार्रवाई का मुख्य उद्देश्य प्रमुख सड़कों, सार्वजनिक स्थलों, नालियों और फुटपाथों को अतिक्रमण मुक्त कर नागरिकों को सुगम, सुरक्षित और निर्बाध यातायात सुविधा उपलब्ध कराना रहा। नगर निगम जोन-1 क्षेत्र में जोनल अधिकारी जोन-1 ओपी सिंह के नेतृत्व में अमीनाबाद थाना प्रभारी, पुलिस प्रशासन एवं प्रवर्तन विभाग की 296 टीम द्वारा सघन अभियान चलाया गया। नगर निगम मुख्यालय से कैम्प कार्यालय होते हुए अमीनाबाद क्षेत्र के चारों ओर क्रेन के माध्यम से अवैध रूप से खड़े वाहनों को हटाया गया। इस दौरान मुख्य मार्ग पर यातायात बाधित कर रहे वाहनों को केन से उठाया गया तथा एक ट्रक अवैध सामान जब्त किया गया। इसी क्रम में नगर निगम जोन-3 क्षेत्र में जोनल अधिकारी आकाश कुमार के निर्देश में 296 टीम के साथ जानकीपुरम योजना, सेक्टर-जे में अभियान चलाया गया। भवन संख्या 3/220, 3/299 एवं 1/647 के सामने असामाजिक तत्वों द्वारा प्लॉट की दीवार पर अवैध रूप से निर्मित घर बनाकर किए गए कब्जे को चिन्हित कर उसे हटाया गया। यह कार्रवाई अवैध निर्माण और कब्जे के विरुद्ध सख्त संदेश के रूप में देखी जा रही है। जोन-6 क्षेत्र में जोनल अधिकारी के नेतृत्व में वार्ड हुसैनाबाद और बालागंज में भी प्रभावी कार्रवाई की गई। कालीचरण डिग्री कॉलेज के सामने क्लार्क होटल के पास प्राप्त शिकायत का निस्तारण किया गया। बालागंज चौराहे से हरिनगर चौराहे तक अवैध रूप से किए गए अस्थायी अतिक्रमण को हटाने के दौरान 25 ठेले, 5 काउंटर और 40 अस्थायी दुकानों को हटवाया गया। साथ ही 4 टायर, 5 लोहे की बेंच, 2 लोहे के स्टूल, 1 लोहे की मेज और 4 पैलेक्स बोर्ड सहित अन्य सामान जब्त किया गया। अतिक्रमणकर्ताओं से 4,500 रुपये का जुर्माना वसूला गया और उन्हें भविष्य में पुनः अतिक्रमण न करने की सख्त चेतावनी दी गई। इस कार्रवाई में जोनल अधिकारी अमर जीत यादव, कर अधीक्षक विजय शंकर, कर निरीक्षक धर्मदेव एवं 296 टीम उपस्थित रही।जोन-7 क्षेत्र में भी व्यापक अभियान चलाया गया।

# यूपी के विकास, रोजगार व आत्मनिर्भरता को ऊंचाई देने वाला बजट: दुर्विजय शाक्य

❒ भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष दुर्विजय शाक्य ने जिला सहकारी बैंक के नमो सभागार में की प्रेसवार्ता



कैनविज टाइम्स संवाददाता

शाहजहांपुर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में प्रस्तुत केंद्रीय बजट 2026-27 उत्तर प्रदेश के विकास, रोजगार और आत्मनिर्भरता को नई ऊंचाई देने वाला बजट है। यह बजट राज्य को इंफ्रास्ट्रक्चर, उद्योग,कृषि और युवाओं का ग्रोथ इंजन बनाने की दिशा में निर्णायक कदम है।

यह बात भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष दुर्विजय शाक्य ने जिला सहकारी बैंक के नमो सभागार में आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान कही। उन्होंने कहा कि इस बजट से 07 हाई स्पीड रेल कॉरिडोर और रेलवे आधुनिकीकरण का सबसे बड़ा लाभ उत्तर प्रदेश को मिलेगा। इससे लखनऊ, कानपुर, वाराणसी, प्रयागराज, आगरा जैसे शहरों की कनेक्टिविटी और व्यापार दोनों तेज होंगे। बजट में राष्ट्रीय राजमार्ग, मल्टी-मॉडल लॉजिस्टिक्स और फ्रेट कॉरिडोर पर विशेष जोर दिया गया है, इनसे उद्योगों की लागत घटेगी और निवेश बढ़ेगा। उद्योगों के लिए 10 हजार करोड़ रुपए का एमएसएमई ग्रोथ है, जिससे यूपी के कुटीर उद्योग, हस्तशिल्प, हैंडलूम, चमड़ा और फूड प्रोसेसिंग सेक्टर को मजबूती मिलेगी और रोजगार बढ़ेगा। 10 हजार करोड़ रुपए की बायोफार्मा शक्ति योजना से उत्तर प्रदेश में फार्मा और मेडिकल डिवाइस मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा मिलेगा। पूर्वांचल और बुंदेलखंड में बुनियादी ढांचा, निवेश और रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे। भारत विस्तार एआई प्लेटफॉर्म के माध्यम से किसानों को फसल, मौसम और बाजार की जानकारी मिलेगी। बजट में कैंसर और गंभीर बीमारियों में उपयोग होने वाली 36 जीवनरक्षक दवाओं को सीमा शुल्क से छूट दी गई है, जिससे यूपी के लाखों परिवारों के इलाज का खर्च कम होगा। बालिकाओं की उच्च शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए हर जिले में गर्ल्स हॉस्टल की घोषणा की गई है। इससे यूपी की बेटियों को सुरक्षित आवास और बेहतर शैक्षणिक अवसर मिलेंगे। उन्होंने कहा कि बजट में 15 हजार स्कूलों और 500 कॉलेज में एनिमेशन, गेमिंग और वीएफएक्स लैब स्थापित होंगी, जिससे यूपी के युवा भविष्य की तकनीकी नौकरियों के लिए तैयार होंगे। 10 हजार टूर गाइड को प्रशिक्षण देने की योजना से काशी, अयोध्या, मथुरा और प्रयागराज जैसे धार्मिक पर्यटन केंद्रों में रोजगार और पर्यटन दोनों को बढ़ावा मिलेगा।

इसके अलावा देश भर में 200 पुराने औद्योगिक क्लस्टरों के आधुनिकीकरण की घोषणा से उत्तर प्रदेश के परंपरागत उद्योगों को नई तकनीक, बेहतर उत्पादन और वैश्विक बाजारों से जुड़ने का अवसर मिलेगा। साथ ही सिटी इकोनामिक रीजन के विकास से लखनऊ, कानपुर, नोएडा, गाजियाबाद, आगरा और वाराणसी जैसे शहर रोजगार और स्टार्टअप हब के रूप में उभरेंगे। इससे शहरी अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। इस दौरान लोकसभा सांसद अरुण कुमार सागर, जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष डीपीएस राठौर, भाजपा जिलाध्यक्ष केसी मिश्रा, महानगर अध्यक्ष शिल्पी गुप्ता, पवन सिंह आदि मौजूद रहे।

# आकाशवाणी में होगा बिसवां के साहित्यकार सन्दीप मिश्र 'सरस' के अवधी काव्यपाठ का प्रसारण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर। प्रतिष्ठित आकाशवाणी केंद्र लखनऊ में गत दिवस 'लोकायतन' कार्यक्रम में ''लोकभाषा कवि गोष्ठी'' की रिकॉर्डिंग हुई। जिसमें साहित्यकार सन्दीप मिश्र ''सरस'' के साथ गंगागंज लखनऊ की रचनाकार, कुसुमाकर कुसुम और बाराबंकी के जगन्नाथ दीक्षित निर्दोष भी सम्मिलित रहे। काव्य गोष्ठी का संचालन संदीप मिश्र सरस ने किया।रेडियो के लोकप्रिय कार्यक्रम 'लोकायतन' में 8 फरवरी 2026 दिन रविवार को शाम 6 बजकर 30 मिनट से आकाशवाणी लखनऊ पर इस कार्यक्रम का प्रसारण होगी। इसे मीडियम वेव 747 किलो हर्टज या ड्रइवप धड्ड थड्ड ऐप पर सुना जा सकता है।उल्लेखनीय है कि 'साहित्य सृजन संस्थान' के संस्थापक/अध्यक्ष संदीप मिश्र 'सरस', साहित्य की विभिन्न विधाओं में अपने लेखन से निरंतर सक्रिय अवदान देते रहे हैं और अपने चर्चित कॉलम विमर्श, संवाद, बेबाक, कलमकार, रचनाकार, सृजन के सारथी, आदि के माध्यम से तमाम प्रतिष्ठित साहित्यकारों, नवोदित प्रतिभाओं से संवाद करते रहते हैं। उन्होंने बिसवां क्षेत्र की बौद्धिक समृद्धता के लिए ''साहित्य सृजन संस्थान'' द्वारा ''सृजन पुस्तकालय'' की स्थापना की है।उनके लेखन में एकता और राष्ट्रवादी चेतना के समसामयिक स्वर हैं वहीं दूसरी ओर घर आंगन के रिश्तो की आत्मीयता और सभ्यता संस्कृति की संवेदना से जुड़ा प्रभावी सृजन है। वे अपनी रचनाधर्मिता में जन सरोकारों से सीधा संवाद करते हैं और उनकी रचनाओं में ग्राम्य संस्कृति, पर्यावरण, जन जागरूकता के संदर्भों की चेतना सदैव जीवंत रहती है। उनकी पुस्तक 'कुछ गजलें कुछ गीत हमारे' बेहद सराही गयी और कई महत्वपूर्ण पुस्तकें प्रकाशन के क्रम में हैं। देश की तमाम प्रतिष्ठित पत्रिकाओं में उनकी रचनाएं प्रकाशित होती रहती है। न्यूज18, आकाशवाणी व दूरदर्शन लखनऊ से उनके काव्य पाठ का प्रसारण होता रहता है।

## सपा अल्पसंख्यक सभा के महानगर अध्यक्ष का निधन, सपा नेताओं ने रखा 02 मिनट का मौन

शाहजहांपुर। समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष व पूर्व चेयरमैन तनवीर खां की अध्यक्षता में पार्टी के जिला कार्यालय पर महानगर कार्यकारिणी व जिला कार्यकारिणी एवं नगर विधानसभा कार्यकारिणी की मासिक बैठक हुई। बैठक में बीती 06 फरवरी को सपा अल्पसंख्यक सभा के महानगर अध्यक्ष स्वर्गीय अनिल दास का दिल का दौरा पड़ने से आकस्मिक निधन हो जाने को लेकर उनकी दिवंगत आत्मा की शांति के लिए पार्टी के सभी लोगों ने पार्टी कार्यालय पर 02 मिनट का मौन रखकर उनके परिवार वालों को इस गहरे दुख को सहन करने के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। इस मौके पर पूर्व मंत्री अवधेश कुमार वर्मा, सपा जिला महासचिव रणजय सिंह यादव, सपा अल्पसंख्यक सभा के प्रदेश प्रमुख महासचिव सैयद रिजवान अहमद, सपा नेता अनवर अली, सपा प्रदेश सचिव विजय सिंह, रामसूरत यादव, सपा महानगर अध्यक्ष चैधरी रामकुमार भोजवाल, सुचि कश्यप, लखन प्रताप सिंह, मुनेंद्र पाल सिंह यादव, मोहम्मद फिरोज, लल्ला सिंह यादव, राजकुमार शर्मा, पीएल गौतम, हफीज अंसारी समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# भक्ति और उल्लास के संग सडिला में गूंजे जयघोष तृतीय दिवस पर इंद्रदेव संवाद का भव्य मंचन



कैनविज टाइम्स संवाददाता

मछरेहटा, सीतापुर। विकास खण्ड मछरेहटा की ग्राम पंचायत सडिला में चल रही 5 दिवसीय श्री रामलीला एवं रासलीला महोत्सव के तृतीय दिवस पर श्रद्धा, भक्ति और उल्लास का अद्भुत संगम देखने को मिला। तीसरे दिन आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में खण्ड विकास अधिकारी मछरेहटा राजेश तिवारी जी की गरिमामयी उपस्थिति रही।

तीसरे दिन इंद्रदेव संवाद प्रसंग का भव्य एवं मनोहारी मंचन किया गया, जिसे देखकर श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे।मंचन के दौरान दर्शाया गया कि जब धरती पर बढ़ते अत्याचार और अधर्म से व्याकुल होकर इंद्रदेव, दैत्यों के बढ़ते प्रभाव और देवताओं की पीड़ा का वर्णन करते हुए देवसभा में पहुंचे। इंद्रदेव ने कहा कि दैत्यों के अत्याचार से तीनों लोक त्रस्त हैं और धर्म की रक्षा के लिए भगवान विष्णु को अवतार लेना होगा। इस मार्मिक संवाद ने दर्शकों को भावनात्मक रूप से झकझोर दिया और धर्म की विजय का संदेश दिया। प्रभावशाली संवाद, आकर्षक वेशभूषा और सजीव अभिनय ने समूचे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। स्थानीय श्रद्धालुओं ने कहा कि यह महोत्सव धार्मिक चेतना को जागृत करने के साथ-साथ सांस्कृतिक एकता एवं सामाजिक समरसता को भी सुदृढ़ कर रहा है। आयोजन समिति ने समस्त क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर महोत्सव में सहभागिता करने तथा पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की है।

## थानाध्यक्ष राजेश कुमार की हुई विदाई




जहांगीराबाद,सीतापुर। शनिवार पूर्वाह्न लगभग 11 बजे दर्जनों संभ्रांत लोगों, उपनिरीक्षकों व आरक्षियों के मध्य स्थानांतरित हुए थानाध्यक्ष राजेश कुमार को फूल-माला पहनाकर व अंगवस्त्र तथा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर राजेश कुमार ने सभी उपस्थित जनों को धन्यवाद देते हुए कहा कि हमें अपने लगभग सात माह के कार्य काल में आप सभी का पूर्ण सहयोग एवं मार्गदर्शन मिलता रहा है जिसके लिए मैं आप सभी का आभारी हूं।आप सभी का प्यार व आशीर्वाद इसी प्रकार आने वाले थानाध्यक्ष को भी मिलता रहेगा ऐसा मुझे विश्वास है। उन्होंने कहा कि नौकरी में स्थानांतरण एक सतत प्रक्रिया है पर आप सभी के स्नेह को मैं भुला नहीं पाऊंगा। थानाध्यक्ष राजेश कुमार का स्थानांतरण वृहस्पतिवार को सीतापुर क्राइम ब्रांच में हो गया है। उन्होंने जुलाई 2025 में थाना सदरपुर की कमान संभाली थी।

# रमाबाई अंबेडकर की जयंती पर विचार गोष्ठी का हुआ आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शाहजहांपुर। माता रमाबाई अंबेडकर की जयंती पर एक विचार गोष्ठी का आयोजन निगोही रोड पर सम्राट अशोक पार्क के पास पुस्तकालय में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पंचशील सोशल वेलफ़ेयर सोसाइटी के अध्यक्ष राम सिंह ने की। इस दौरान वक्ताओं ने माता रमाबाई के जीवन संघर्ष और बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर के मिशन में उनके योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला।

सोसाइटी अध्यक्ष राम सिंह ने कहा कि माता रमाबाई अंबेडकर त्याग और धैर्य की प्रतिमूर्ति थीं। उन्होंने अत्यंत अभावों में रहकर भी बाबा साहब का संबल बनाए रखा, अगर उन्होंने घरेलू मोर्चे पर कष्ट न सहे होते, तो बाबा साहब के लिए राष्ट्र निर्माण और समाज सुधार के इतने बड़े कार्य करना कठिन होता। समाज को उनके जीवन से त्याग और समर्पण की सीख लेनी चाहिए। एसपी कॉलेज प्रवक्ता ज्वाला प्रसाद ने कहा कि रमाबाई का जीवन केवल एक पत्नी का नहीं, बल्कि एक मूक क्रांति का नाम है। उन्होंने अपने बच्चों को खोया, गरीबी देखी, लेकिन कभी हिम्मत नहीं हारी। वह शोषितों और वंचितों के उत्थान के लिए बाबा साहब की सबसे बड़ी प्रेरक शक्ति थीं। बेसिक शिक्षक संघ के कोषाध्यक्ष राजीव कुमार वर्मा ने कहा कि आज की पीढ़ी को माता रमाबाई के संघर्षों को पढ़ने की जरूरत है। उन्होंने शिक्षित समाज का सपना देखा था। निगोही रोड पर इस लाइब्रेरी के माध्यम से हम उनके शिक्षा के प्रसार के सपने को आगे बढ़ा रहे हैं। उनके पदचिह्नों पर चलना ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि है। इस अवसर पर बुधपाल सिंह, मातादीन वर्मा, विनोद सम्राट, रितेंद्र कुमार, मुकुल गौतम, सर्वेश कुमार, संजीव कुमार, मोहम्मद इमरान, इंद्र प्रताप सिंह आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इस दौरान पंचशील सोशल वेलफ़ेयर सोसाइटी के तमाम सदस्य और शिक्षक आदि मौजूद रहे।

# डीएम–एसपी की मौजूदगी में संपूर्ण समाधान दिवस, योजनाओं की सौगात से खिले चेहरे

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर खीरी। जनपद की तहसील मितौली के सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस प्रशासन और आमजन के बीच संवाद का सशक्त माध्यम बना। इस अवसर पर जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल, पुलिस अधीक्षक डॉ. ख्याति गर्ग एवं मुख्य विकास अधिकारी अभिषेक कुमार ने फरियादियों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं और संबंधित अधिकारियों को त्वरित, निष्पक्ष व गुणवत्तापरक निस्तारण के स्पष्ट निर्देश दिए।

जनसुनवाई के दौरान डीएम ने कहा कि शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता जनसमस्याओं का समयबद्ध समाधान है। गरीब और जरूरतमंद नागरिकों की शिकायतों का संवेदनशीलता से निस्तारण करते हुए उन्हें जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाना सुनिश्चित किया जाए। भूमि विवादों के मामलों में राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा तत्काल कार्रवाई के निर्देश भी दिए गए।संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 42 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से 04 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। प्राप्त शिकायतों में राजस्व विभाग की 17, पुलिस विभाग की 06, विकास विभाग की 06, आपूर्ति विभाग की 05, विद्युत विभाग की 04, जल निगम की 03 और शिक्षा विभाग की 01 शिकायत शामिल रही। सभी प्रार्थना पत्रों को पृष्ठांकित कर संबंधित विभागों को शीघ्र निस्तारण हेतु सौंपा गया।कार्यक्रम के दौरान समाधान दिवस का मानवीय और जनकल्याणकारी स्वरूप भी देखने को मिला। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, एसपी डॉ. ख्याति गर्ग और सीडीओ अभिषेक कुमार ने तीन गर्भवती महिलाओं का गोद भराई संस्कार संपन्न कराया तथा छह माह के तीन शिशुओं को खीर खिलाकर अन्नप्राशन संस्कार कराया। साथ ही प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना के अंतर्गत पांच लाभार्थियों को चेक प्रदान किए गए, जिससे लाभार्थियों के चेहरे खिल उठे।डीएम ने कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे, यही प्रशासन का संकल्प है। समाधान दिवस के माध्यम से आमजन के चेहरे पर मुस्कान देख प्रशासनिक अधिकारियों का उत्साह भी बढ़ता है।इस अवसर पर सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता, प्रशिक्षु आईएएस मनीषा धारवे, एसडीएम मधुसूदन गुप्ता, पीडी एसएन चौरसिया, डीडीओ गजेंद्र प्रताप सिंह सहित अन्य जनपदीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# नैमिषारण्य रेल मार्ग पर ट्रैक पार करते समय पैर कटा, सिर में भी गंभीर चोटें

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नैमिषारण्य सीतापुर। सीतापुर के नैमिषारण्य थाना क्षेत्र के लक्ष्मनपुर गाँव के पास गुजर रही रेलवे लाइन पर शनिवार दोपहर एक दर्दनाक हादसा हो गया ट्रेन की चपेट मे आने से एक युवक गम्भीर रुप से घायल हो गया जिसका एक पैर कट गया घायल को प्राथमिक उपचार के बाद हालत नाजुक देखते हुए जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

जानकरी के अनुसार लक्ष्मणपुरगाँव निवासी लल्लू 51 किसी जरूरी काम से घर से निकले थे इसी दौरान ट्रैक पर करते समय सीतापुर की ओर से आ रही एक मालगाड़ी की चपेट मे वह आ गए हादसा इतना भीषण था कि युवक का एक पैर कट गया और सिर मे भी गंभीर चोट आई घटना के बाद मौके पर अफरा तफरी मच गई हादसे की जानकरी मिलते ही स्थानीय लोग मौके पर पहुँचे और घायल को तत्काल नैमिष स्थितसामुदायिक स्वास्थ केन्द्र लेकर पहुंचे वहा मौजूद चिकित्सको ने प्राथमिक उपचार किया लेकिन हालत गंभीर होने के कारण उसे बेहतर इलाज के लिए मेडिकल कालेज लखनऊ रेफर कर दिया गयामालूम हो कि लक्ष्मणपुर और आसपास के इलाको मे रेलवे लाइन के पास सुरक्षा इंतजामो की कमी के चलते लगातार हादसे सामने आ रहे है इससे पहले भी नैमिषारण्य क्षेत्र मे ट्रेन से कटने की कई घटनाए हो चुकी हे हाल ही मे स्कूल जा रही एक छात्रा भी ट्रेन हादसे का शिकार हुई थी जिसमे उसके दोनों पैर कट गए थे ग्रामीणों ने रेलवे प्रशासन से जल्द सुरक्षा उपाय किए जाने की माँग की है तकि भविष्य मे इस तरह की दर्दनाक घटनाओं को रोका जा सके

## पीएचसी पर वैक्सीन नहीं जाना पड़ रहा सीएचसी

**सीतापुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जहांगीराबाद प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर इन दिनों कुत्ता काटने पर लगाई जाने वाली वैक्सीन न होने से लोगों को 13 किलोमीटर दूर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिसवां, रेउसा, सांडा आदि जगहों पर जाकर वैक्सीन के इंजेक्शन लगवाने पड़ रहे हैं जिसमें पीड़ितों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। जहांगीराबाद में कुत्तों का आतंक जारी है। अभी तक प्राप्त जानकारी के अनुसार तीन चार दिनों के अन्दर तीन लोगों को कुत्ते ने काटा है। लोगों को घरेलू उपचार के बाद इलाज के लिए बिसवां सीएचसी भेजा गया है। जहांगीराबाद निवासी ग्यारह वर्षीय बालक दुर्गेश गत वृहस्पतिवार को घर के बाहर खड़ा था कि अचानक कुत्ते ने आकर उसके बायें पैर में काट लिया। दूसरे दिन शुक्रवार को जहांगीराबाद में ही उसी कुत्ते ने हमला कर सिराज के पैर में काट लिया जिससे खून बहने लगा। वह कुत्ता आये दिन बकरियों व बच्चों को दौड़ा लेता है। जहांगीराबाद पीएचसी प्रभारी डा0 अंशुमान शुक्ल ने बताया कि पीएचसी पर वैक्सीन उपलब्ध नहीं है इसलिए इलाज के लिए बिसवां सीएचसी जाना पड़ेगा। जहांगीराबाद सहित आसपास के तमाम लोगों ने जहांगीराबाद प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर कुत्ता काटने पर लगाई जाने वाली वैक्सीन उपलब्ध कराये जाने की मांग की है।

## लखीमपुर खीरी में मैरिज हॉल संचालकों पर गिरी गाज, मुकदमा दर्ज



**लखीमपुर खीरी , कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जनपद में शादी समारोहों के दौरान नियमों की खुलेआम अनदेखी अब भारी पड़ने लगी है। डीएम और एसपी के सख्त निर्देशों के बाद पुलिस ने रात दस बजे के बाद पटाखेबाजी और तेज आवाज में डीजे बजाने के मामले में कड़ी कार्रवाई की है।मामला शहर के डीसी रोड स्थित महाराजा गेस्ट हाउस का है, जहां देर रात तक जमकर पटाखेबाजी की गई और तेज आवाज में डीजे बजाया गया। शोर–शराबे से आसपास के लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा, जिसकी शिकायत प्रशासन तक पहुंची।शिकायत का संज्ञान लेते हुए पुलिस मौके पर पहुंची और जांच के बाद गेस्ट हाउस मालिक अविनाश अरोरा के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस ने उन्हें हिरासत में भी लिया था।इसी क्रम में राजमहल मैरिज लॉन से जुड़े एक अन्य मामले में भी नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर मैरिज हॉल संचालक और आतिशबाजी करने वाले के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। रात दस बजे के बाद पटाखे छोड़ना और डीजे बजाना स्पष्ट रूप से प्रतिबंधित है, इसके बावजूद नियमों की अनदेखी की गई।प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि शादी समारोह हो या कोई अन्य कार्यक्रम, रात 10 बजे के बाद शोर–शराबा और पटाखेबाजी किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी।एसडीएम ने शहर के सभी गेस्ट हाउस और मैरिज हॉल संचालकों को नोटिस जारी करते हुए चेतावनी दी है कि यदि भविष्य में नियमों का उल्लंघन हुआ तो सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।प्रशासन की इस कार्रवाई से मैरिज हॉल और गेस्ट हाउस संचालकों में हड़कंप मचा हुआ है। अधिकारियों ने साफ संकेत दे दिए हैं कि कानून व्यवस्था और आम जनता की शांति से कोई समझौता नहीं किया जाएगा।

## खण्ड विकास अधिकारी ने किया ग्राम पंचायत सडिला का निरीक्षण, व्यवस्थाओं का लिया जायजा



**मछरेहटा, सीतापुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** विकास खण्ड मछरेहटा के खण्ड विकास अधिकारी राजेश तिवारी द्वाराग्राम पंचायत सडिला का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पंचायत में संचालित विभिन्न विकास योजनाओं एवं कार्यों की प्रगति की समीक्षा की तथा संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए।खण्ड विकास अधिकारी ने साफ–सफाई व्यवस्था, पेयजल आपूर्ति, स्वच्छता, आवास, मनरेगा कार्यों एवं अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं की स्थिति का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ समय से मिलना चाहिए तथा कार्यों की गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता न किया जाए।इस अवसर पर अभिषेक दीक्षित, मोहित दीक्षित, प्रभात सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस में अधिकारियों ने फरियादियों की सुनी समस्याएं, निस्तारण के निर्देश




कैनविज टाइम्स संवाददाता

शाहजहांपुर। सम्पूर्ण समाधान दिवस पर जनपद की सभी तहसीलों में जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित हुआ। इसी क्रम में एडीएम वित्त एवं राजस्व अरविन्द कुमार, सीओ सदर प्रियांक जैन आदि ने तहसील सदर में फरियादियों की शिकायतों और समस्याओं को सुना और उनकी समस्याओं का निष्पक्ष एवं समयबद्ध निस्तारण करने के निर्देश संबधित को दिए। सीओ सदर ने कहा कि सम्पूर्ण समाधान दिवस का मुख्य उद्देश्य जनसामान्य की समस्याओं का एक ही मंच पर त्वरित एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित करना, प्रशासन एवं आमजन के मध्य विश्वास एवं संवाद को सुदृढ़ करना तथा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करना रहा। इस दौरान तहसील सदर सहित अन्य संबंधित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# रिटायर्ड नर्सिंग अधिकारी ने सीएमओ व एसीएमओ पर लगाए गंभीर आरोप, कार्यवाही की मांग

❒ पीड़िता ने जिलाधिकारी से की शिकायत, कार्रवाई की मांग

कैनविज टाइम्स संवाददाता




लखीमपुर खीरी। जनपद के मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय से जुड़ा एक गंभीर मामला सामने आया है। रिटायर्ड नर्सिंग अधिकारी छंदा पाण्डेय ने आरोप लगाया है कि अपनी बेटी के अनुभव प्रमाणपत्र के संबंध में जानकारी लेने पर उनके साथ सीएमओ कार्यालय में अभद्र व्यवहार किया गया और एफआईआर दर्ज कराने की धमकी तक दी गई।

छंदा पाण्डेय ने जिलाधिकारी को दिए गए शिकायती प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया है कि एसीएमओ डॉ. रवि मोहन गुप्ता, सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता तथा कर्मचारी राहुल वर्मा ने उनके साथ दुर्व्यवहार किया। शिकायत में यह भी उल्लेख किया गया है कि उनके पति रमाकांत पाण्डेय को भी कथित तौर पर धमकाया गया।पीड़िता का कहना है कि वह केवल नियमों के तहत अपनी बेटी के अनुभव प्रमाणपत्र के संबंध में जानकारी लेने सीएमओ कार्यालय पहुंची थीं, लेकिन वहां मौजूद अधिकारियों और कर्मचारियों का रवैया बेहद आपत्तिजनक रहा। उन्होंने आरोप लगाया कि सम्मानजनक तरीके से बात करने के बजाय उन्हें डराने-धमकाने का प्रयास किया गया।छंदा पाण्डेय ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी अधिकारियों व कर्मचारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग जिलाधिकारी से की है। उनका कहना है कि एक सेवानिवृत्त कर्मचारी होने के बावजूद इस तरह का व्यवहार बेहद आहत करने वाला है और इससे आम जनता का भरोसा सरकारी कार्यालयों से उठता है।उल्लेखनीय है कि छंदा पाण्डेय को उनके उत्कृष्ट सेवाभाव के लिए पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी द्वारा सम्मानित किया जा चुका है, जिससे यह मामला और भी संवेदनशील हो जाता है।फिलहाल प्रशासन की ओर से इस मामले में कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है। अब देखना होगा कि जिलाधिकारी स्तर पर शिकायत पर क्या कार्रवाई होती है और आरोपों की जांच किस दिशा में आगे बढ़ती है।

## महाविद्यालय चुनाव में कांटे की टक्कर, विनोद कुमार वार्ष्णेय को मिली जीत

बदायूँ कैनविज टाइम्स संवाददाता। बहजोई के एजुकेशन डेवलपमेंट ट्रस्ट द्वारा संचालित बहजोई महाविद्यालय की प्रबंध समिति का चुनाव शुक्रवार को शांतिपूर्ण व उत्साहपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। इस चुनाव में अध्यक्ष एवं कोषाध्यक्ष पद पर मुकाबला बेहद रोमांचक रहा, जिसमें अंततः विनोद कुमार वार्ष्णेय 'नेताजी' की टीम ने जीत दर्ज की। चुनाव अधिकारी एडवोकेट लव मोहन वार्ष्णेय के अनुसार कुल 1190 मतदाताओं में से 1127 सदस्यों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। अध्यक्ष पद पर विनोद कुमार वार्ष्णेय को 560 मत मिले, जबकि उनके प्रतिद्वंद्वी दीपेंद्र कुमार उर्फ टिंकू सेठ को 557 मत प्राप्त हुए। वहीं कोषाध्यक्ष पद पर उत्कर्ष वार्ष्णेय सर्राफ ने भी 560 मत पाकर तीन मतों से जीत हासिल की। अन्य पदों पर उपाध्यक्ष सोम प्रकाश वार्ष्णेय, प्रबंधक नीरज कुमार वार्ष्णेय (गोपी मिल) तथा उप सचिव सुमित कुमार क्ट निर्वाचित घोषित किए गए। चुनाव प्रक्रिया की पारदर्शिता के लिए मतदान और मतगणना का लाइव प्रसारण एलईडी/एलसीडी स्क्रीन पर किया गया। परिणाम घोषित होते ही विजयी समर्थकों में उत्साह का माहौल रहा।

## सांसद आदित्य यादव ने फार्म–7 के दुरुपयोग का लगाया आरोप, निष्पक्ष जांच की मांग

बदायूँ कैनविज टाइम्स संवाददाता। बदायूँ संसदीय क्षेत्र से सांसद आदित्य यादव ने जिला निर्वाचन अधिकारी को पत्र लिखकर विशेष गहन पुनरीक्षण– 2026 के तहत फार्म–7 के कथित दुरुपयोग का गंभीर आरोप लगाया है। सांसद ने कहा कि कुछ राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों द्वारा बिना मतदाताओं की जानकारी व सहमति के आपत्तियाँ दर्ज कराकर मतदाता सूची से नाम हटवाने का प्रयास किया जा रहा है।उन्होंने बताया कि बिसौली, बिल्सी, शेखुपुर, दातागंज सहित कई विधानसभा क्षेत्रों से इस संबंध में लगातार शिकायतें मिल रही हैं। सांसद ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध कड़ी विधिक कार्रवाई की मांग की है। पत्र की प्रतिलिपि मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश व भारत निर्वाचन आयोग को भी भेजी गई है।

## सुनील ने UGC NET-JRF में देश में प्रथम स्थान प्राप्त कर, किया बदायूँ जिले का नाम रोशन

बदायूँ कैनविज टाइम्स संवाददाता। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा एवं जूनियर रिसर्च फैलोशिप (ठक्कए गक्त्तु–ख्टक्र) में बिसौली तहसील के सुनील कुमार यादव ने देश भर में पहला स्थान प्राप्त किया है। उन्होंने पहले प्रयास में 300 में से 238 अंक लेकर जनपद का नाम रोशन किया। सुनील कुमार यादव का परिवार बिसौली तहसील के गांव निमठौली का है और उनके पिता कृषक हैं। सीमित संसाधनों के बावजूद सुनील की इस उपलब्धि से क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई है। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय पिता दरियाय सिंह यादव, माता सोमवती देवी और भाई हरिशंकर यादव को दिया है। गांव और परिवार में खुशी का माहौल है।

## उझानी के एपीएस इंटरनेशनल स्कूल में बहु–विषयक प्रदर्शनी का आयोजन

बदायूँ। उझानी क्षेत्र के एपीएस इंटरनेशनल स्कूल में बहु–विषयक प्रदर्शनी (हिंदी, अंग्रेजी, सामाजिक विज्ञान, गणित, कंप्यूटर, फाइन आर्ट्स, विज्ञान व एटीएल) का शानदार व आकर्षक ढंग से आयोजन हुआ। विभिन्न विषयों पर विद्यार्थियों ने मॉडल प्रस्तुत किए। इस प्रदर्शनी ने विद्यार्थियों की कौशल क्षमता व रचनात्मकता को प्रदर्शित किया। इस प्रदर्शनी का उद्देश्य छात्रों का सर्वांगीण विकास, वैज्ञानिक दृष्टिकोण, टीम वर्क व ज्ञान को साझा करने की भावना था। विद्यार्थियों द्वारा निर्मित मॉडल्स का निरीक्षण विद्यालय के चेयरमैन विमल कृष्ण अग्रवाल, चेयरपर्सन श्रीमती पूनम अग्रवाल, निदेशक निलांशु अग्रवाल, निदेशिका श्रीमती नंदिता अग्रवाल, प्रधानाचार्य रविंद्र भट्ट व उप प्रधानाचार्या श्रीमती मीनाक्षी शर्मा ने किया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय के प्रबंध तंत्र व अभिभावकों द्वारा मॉडल से संबंधित पूछे गए प्रश्नों का विद्यार्थियों ने बखूबी उत्तर दिया। प्रदर्शनी सभी के आकर्षण का केंद्र रही।

## शिक्षक–अभिभावक संगोष्ठी का आयोजन

बदायूँ। बिल्सी क्षेत्र के बाबा इंटरनेशनल स्कूल में शिक्षक– अभिभावक संगोष्ठी आयोजित हुई। घ्कसे 12वीं तक के छात्रों की प्रगति पर चर्चा की गई। शिक्षकों ने अभिभावकों को बच्चों की पढ़ाई व अनुशासन में सहयोग के लिए मार्गदर्शन दिया। विद्यालय प्रबंधन ने कहा कि गुणवत्तापूर्ण वसंस्कारयुक्त शिक्षा पर शिक्षकों के साथ ही साथ अभिभावकों का भी फोकस होना चाहिए तभी उनका सर्वांगीण विकास होता है।

# मलिकपुर में जल जीवन मिशन का कार्य पूर्ण, जल अर्पण दिवस समारोह आयोजित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

रजपुरा। विकास खंड रजपुरा की ग्राम पंचायत मलिकपुर में जल जीवन मिशन के अंतर्गत कराए गए कार्य का सफलतापूर्वक समापन हो गया। योजना के पूर्ण होने के उपलक्ष्य में शुक्रवार को ग्राम में जल अर्पण दिवस समारोह का आयोजन किया गया।

समारोह में राजपुरा ब्लॉक प्रमुख के प्रतिनिधि गिरेश यादव के नेतृत्व में जल निगम ग्रामीण के अधिशासी अभियंता श्री चंद्रहास, सहायक अभियंता चर्चित चौधरी, जूनियर इंजीनियर रविंद्र सिंह, कार्यदायी संस्था घ्गए ट्टघ्ख्रख्र ख्ठु मुरादाबाद के परियोजना प्रबंधक अभिषेक सिंह, ग्राम प्रधान, ग्रामवासी एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख के प्रतिनिधि ने बताया कि ग्राम पंचायत के सभी घरों में घरेलू जल कनेक्शन प्रदान कर दिए गए हैं और वर्तमान में ग्राम पंचायत में 100 प्रतिशत पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि यह पानी की टंकी शुद्ध पेयजल आपूर्ति के लिए बनाई गई है, जिसकी देखरेख एवं संरक्षण की जिम्मेदारी सभी ग्रामवासियों की है। साथ ही उन्होंने कहा कि भोजन एवं पेय के लिए केवल टंकी के पानी का ही उपयोग करें, जिससे जलजनित बीमारियों से बचाव किया जा सकता है।

दौरे के दौरान सहायक अभियंता एवं अधिशासी अभियंता द्वारा ब्लॉक प्रमुख के प्रतिनिधि को पानी की टंकी के संचालन की प्रक्रिया की जानकारी दी गई। कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यालय के बच्चों को भी शुद्ध पेयजल, जल संरक्षण तथा अशुद्ध पानी से होने वाली बीमारियों के बारे में जागरूक किया गया। इसके साथ ही एक जन-जागरूकता रैली/प्रभात फ़ेरी भी निकाली गई।

## अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं : राजेंद्र सिंह पुंडीर

बदायूँ। बिसौली कोतवाली के पुलिस इंस्पेक्टर राजेंद्र सिंह पुंडीर ने पुलिस बल के साथ बाजार में उतरकर अतिक्रमण कारियों को निर्देश दिए कि नगर में अतिक्रमण किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अतिक्रमण के कारण ही नगर में यातायात व्यवस्था फ़ेल हो जाती है। वाहन चालकों को निकालने में परेशानी होती है और जाम की समस्या पैदा हो जाती है। पुलिस इंस्पेक्टर राजेंद्र सिंह पुंडीर ने नगर के हाईवे पर लगी सब्जी की दुकानों और फल के ठेले हटवाए। इस कार्रवाई से लंबे समय से चली आ रही जाम की समस्या से लोगों को राहत मिलेगी। नगर में अतिक्रमण एक बड़ी समस्या बन गई है। हाईवे किनारे अस्थाई अतिक्रमण के कारण आए दिन जाम की स्थिति बनती है। जिससे वाहनों को निकलने में काफी समय लग जाता है और दुर्घटनाओं की आशंका भी लगातार बनी रहती है। श्री पुंडीर ने दुकानदारों को सख्त हिदायत दी कि यदि सड़क पर अतिक्रमण किया तो कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस इंस्पेक्टर राजेंद्र सिंह पुंडीर ने कहा कि नगर को जाम मुक्त बनाने के लिए यह अभियान प्रतिदिन चलाया जाएगा। पुलिस की इस कार्रवाई से लोगों को राहत की उम्मीद जगी है। इस दौरान चौकी इंचार्ज अमित चौहान, एसएसआई शिवेंद्र सिंह भदौरिया आदि उपस्थित रहे ।

# फ्यूचर लीडर्स स्कूल, बिल्सी ने मनाया वार्षिक उत्सव उड़ान फ्लाइट ऑफ ड्रीम्स

कैनविज टाइम्स संवाददाता




बदायूँ। बिल्सी क्षेत्र में शिक्षा, संस्कार और कला के संगम के साथ फ्यूचर लीडर्स स्कूल, ने अपना वार्षिक उत्सव ल्लउड़ान ऽ द फ्लाइट ऑफ ड्रीम्सङ्क धूमधाम से मनाया। कार्यक्रम में बिल्सी विधायक हरीश शाक्य मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे और विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में वयोवृद्ध सम्मान समारोह भी आयोजित किया गया, जिसमें वरिष्ठ कवि नरेंद्र गरल तथा सेवानिवृत्त शिक्षक सुखपाल सिंह को शॉल, स्मृति चिन्ह और सम्मान पत्र से सम्मानित किया गया। साथ ही समाज के सजग प्रहरी पत्रकार बंधुओं को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत माँ सरस्वती की वंदना एवं दीप प्रज्वलन से हुई। इसके बाद विद्यार्थियों द्वारा नृत्य-नाटिका 'उड़ान', योग प्रदर्शन, शास्त्रीय नृत्य, देशभक्ति गीत और विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से दर्शकों का मन मोह लिया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष ओमप्रकाश सागर, थानाध्यक्ष मनोज कुमार, वेद प्रचारक आचार्य संजीव रूप सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि विधायक हरीश शाक्य ने कहा कि ल्लफ्यूचर लीडर्स स्कूल केवल शिक्षा ही नहीं दे रहा, बल्कि संस्कारों से युक्त भावी भारत के शिल्पकार भी गढ़ रहा है।ङ्क विद्यालय संरक्षक बीरेन्द्र सिंह ने कहा कि ल्लहमारा उद्देश्य प्रत्येक विद्यार्थी में ऐसा आत्मविश्वास पैदा करना है, जिससे वह अपने हर सपने को ऊँची उड़ान दे सके।ङ्क समारोह के दौरान वार्षिक स्पोर्ट्स मीट में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को मेडल देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का समापन सामूहिक राष्ट्रगान के साथ हुआ। विद्यालय के डायरेक्टर बी.पी. सिंह ने सभी अतिथियों, अभिभावकों और नगरवासियों का आभार व्यक्त किया।

## पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय, रायबरेली में कक्षा 9 एवं 11 में प्रवेश हेतु परीक्षा सकुशल संपन्न

महराजगंज, रायबरेली कैनविज टाइम्स संवाददाता। पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय, रायबरेली में शैक्षणिक सत्र 2026ऽ27 में प्रवेश हेतु कक्षा 9 एवं 11 की प्रवेश परीक्षा आज शांतिपूर्ण, पारदर्शी एवं नकल–विहीन वातावरण में सफलतापूर्वक संपन्न हुई। विद्यालय के प्राचार्य डॉ. एस. पी. त्रिपाठी ने जानकारी देते हुए बताया कि कक्षा 9 में प्रवेश हेतु कुल 438 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 312 परीक्षार्थी उपस्थित रहे तथा 126 अनुपस्थित रहे। वहीं कक्षा 11 में प्रवेश हेतु कुल 82 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिनमें 37 परीक्षार्थी उपस्थित एवं 45 अनुपस्थित रहे। परीक्षा के सफल संचालन में विद्यालय के उपप्राचार्य डॉ. यज्ञनाथ मिश्रा, विनीत कुमार पाठक शफक शमसी ओपी सिंह दिनेश कुमार दुबे, एम. एन. तिवारी अवनीश सिंह सहित समस्त स्टाफ का सहयोग सराहनीय रहा। इसके अतिरिक्त जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय द्वारा नामित पर्यवेक्षक शिवशंकर मौर्या एवं बृजेश कुमार तिवारी और खंड शिक्षा अधिकारी राममिलन यादव की उपस्थिति में परीक्षा प्रक्रिया की निगरानी की गई। प्राचार्य डॉ. त्रिपाठी ने बताया कि परीक्षा पूरी तरह नकल–विहीन, निष्पक्ष एवं अनुशासित वातावरण में संपन्न कराई गई।

## गौदान' फ़िल्म गौ–संस्कृति और ग्रामीण भारत की सच्ची तस्वीर : राजीव कुमार गुप्ता

बदायूँ कैनविज टाइम्स संवाददाता। सिटी मॉल में ढिशुम सिनेमा हॉल में फ़िल्म 'गौदान' के रिलीज़ होने के अवसर पर जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता ने नगर वासियों तथा पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ फ़िल्म देखी गई। जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता ने कहा 'गौदान' जैसी फ़िल्में केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि समाज को जागरूक करने का माध्यम हैं। यह फ़िल्म गौमाता के सम्मान, ग्रामीण जीवन की वास्तविकताओं और मानवीय मूल्यों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत करती है, जो प्रत्येक भारतीय को आत्मचिंतन के लिए प्रेरित करती है। उन्होंने कहा कि गौमाता भारतीय संस्कृति, आस्था और ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ रही हैं। दुखद सत्य यह है, कि कांग्रेस सरकार के समय जब सनातनियों ने केवल गौमाता के सम्मान की माँग की थी, तब बदले में उन्हें जेल और गोलियों का सामना करना पड़ा। इतिहास के इन कड़वे सत्यों को समाज के सामने लाना आवश्यक है। उन्होंने आह्वान किया कि ऐसी यथार्थपरक, राष्ट्र और संस्कृति से जुड़ी फ़िल्मों का समर्थन करना हम सभी का दायित्व है, ताकि आने वाली पीढ़ियों को सच्चाई और भारतीय मूल्यों से जोड़ा जा सके। इस अवसर पर युवा नेता विश्वजीत गुप्ता, जिला महामंत्री सुधीर श्रीवास्तव, क्षेत्रीय मंत्री अंकित मौर्य, पारस गुप्ता, गोपाल शर्मा, अजय मथुरिया, सुरजीव गुप्ता, विवेक कुमार सिंह, रचित साहू, अमन वैश्य, अंकित शाक्य, पंकज शर्मा, रचना शंखधार, मनोज चंदेल, मधुसूदन गुप्ता, डीबी सिंह पटेल, डॉ संजीव सक्सेना, राज प्रताप सिंह, अनुभव उपाध्याय आदि लोग उपस्थित रहे।

## स्काउट भवन में हुआ सम्मान समारोह का आयोजन

बदायूँ कैनविज टाइम्स संवाददाता। स्काउट भवन प्रशिक्षण केंद्र पर भारत स्काउट एवं गाइड द्वारा सम्मान समारोह आयोजित किया गया, जिसमें जिले के प्रशिक्षकों को शोल्डर बैज प्रदान किए गए। जिला संगठन कमिश्नर मोहम्मद असरार और स्काउट प्रशिक्षक नंदराम शाक्य को उनके समर्पित सेवाभाव और अनुशासित कार्यशैली के लिए सम्मानित किया गया। जिला मुख्यायुक्त महेश चंद्र सक्सेना ने कहा कि स्काउटिंग बच्चों और युवाओं को जिम्मेदार नागरिक बनाती है। वक्ताओं ने स्काउट–गाइड गतिविधियों के विस्तार पर जोर दिया। कार्यक्रम में जिले के कई पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## स्काउटिंग से युवाओं में विकसित होता है अनुशासन, सेवा भाव, नेतृत्व क्षमता

बदायूँ कैनविज टाइम्स संवाददाता। उझानी के विद्या मंदिर इंटर कालेज में स्काउट गाइड प्रशिक्षण शिविर में प्रतिभाग करने वाले प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। प्रमाण पत्र वितरण समारोह का शुभारंभ। प्रधानाचार्य शैलेन्द्र यादव ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया। मुख्य अतिथि पूर्व जिला ट्रेनिंग कमिश्नर संजीव कुमार शर्मा ने स्काउट गाइड को प्रवेश, प्रथम सोपान, द्वितीय सोपान के प्रशिक्षण शिविर के प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि स्काउटिंग जीवन जीने की एक सशक्त पद्धति है। बच्चों और युवाओं में अनुशासन, सेवा भाव, नेतृत्व क्षमता और आत्मनिर्भरता जैसे गुणों का विकास करती है, जो उन्हें एक जिम्मेदार नागरिक बनाती है।प्रधानाचार्य शैलेन्द्र यादव ने कहा कि बच्चे समय की कीमत समझें। स्काउटिंग का प्रशिक्षण पाकर हर क्षण को उपयोगी बनाएं। हर समय किसी भी आपदा में लोगों की मदद के लिए तैयार रहें। आंदोलन युवाओं को कर्त्तव्य, त्याग और राष्ट्रसेवा की भावना पैदा करता है। इस मौके पर अयोध्या प्रमाद डिग्री कालेज के प्रशिक्षु आकाश कुमार, प्रीती कुमारी, श्याम, शिक्षिका नाजिमानी, किरन सागर, मंजू यादव, रिंकी देवी, गार्गी जैन, शिवानी, सुधीर कुमार सिंह, रईस अहमद, राजेश भारती आदि मौजूद रहे।

# सरकार की मंसा को सुचारू रूप से धरातल पर लाने के लिए तहसील दिवस में पहुंचे एडीएम प्रशासन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**सख्त लहजे में अधिकारियों व कर्मचारीयों को निर्देश देते हुए कहा कि सरकार की मंशा है कि सभी विभाग के अधिकारी 10 से 12 बजे तक अपने–अपने कार्यालय में बैठकर जनता की समस्याएं सुने**

**उस पर त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित करें, लापरवाही बरतने वाले अधिकारी व कर्मचारी बख्शे नहीं जाएंगे**

महराजगंज,रायबरेली। सरकार की मंसा को सुचारू रूप से धरातल पर लाने के लिए तहसील दिवस में पहुंचे एडीएम प्रशासन सिद्धार्थ कुमार ने सख्त लहजे में अधिकारियों व कर्मचारीयों को निर्देश देते हुए कहा कि सरकार की मंशा है कि सभी विभाग के अधिकारी 10 से 12 बजे तक अपने-अपने कार्यालय में बैठकर जनता की समस्याएं सुने और उस पर त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित करें। लापरवाही बरतने वाले अधिकारी व कर्मचारी बख्शे नहीं जाएंगे। शनिवार को तहसील सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता कर रहे एडीएम प्रशासन सिद्धार्थ कुमार व अपर पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार सिन्हा ने उपस्थित कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि सभी विभागों के अधिकारी सुबह 10 से दोपहर 12 बजे तक अपने कार्यालय में बैठकर जनता की समस्याएं सुने। यदि किसी भी अधिकारी को न्यायालय का कोई कार्य हो तो वह जा सकता है अन्यथा लापरवाही करने वाले अधिकारी बख्शे नहीं जाएंगे। इस दौरान तीन किसानों के इंतखाब पर ग़लत नाम व गाटा संख्या अंकित होने की शिकायत पर तत्काल शुद्धिकरण किया गया। बछरावां के रवि कुमार ने परिवार रजिस्टर में नाबालिक दर्ज थी । जिसको अविलंब बालिग दर्ज किया गया। समाधान दिवस में कुल 44 शिकायतों में राजस्व की 12, पुलिस की 13, विकास की 05 व अन्य की 14 शिकायतें रही। जिसमें से 4 का मौके पर निस्तारण किया गया। एडीएम सिद्धार्थ कुमार ने ईओ राम आशीष वर्मा से कस्बे में आपूर्ति होने वाले दूषित पानी की समस्या के बारे में जानकारी ली तो ईओ राम आशीष वर्मा ने बताया कि सभी लीकेज मिल गए हैं व शुद्ध पेयजल की सप्लाई दी जारही है। एडीएम प्रशासन सिद्धार्थ कुमार ने उपजिला अधिकारी कार्यालय, तहसीलदार कार्यालय, अभिलेखागार, इंतखाब खतौनी कार्यालय, निर्वाचन कार्यालय तथा कोषागार का गहन निरीक्षण किया। तथा अभिलेखों की गहनता से जांच की उपस्थित कर्मचारियों को निर्देश देते हुए कहा कि आप सभी लोग अपने-अपने कार्यों का ईमानदारी से निर्वहन करते हुए फरियादियों को त्वरित न्याय दिलाते रहे। वही अधिवक्ता संघ के पदाधिकारीयों ने नायब तहसीलदार सत्यराज के खिलाफ एक ज्ञापन एडीएम प्रशासन सिद्धार्थ कुमार को सौंपा। इस मौके पर उप जिलाधिकारी गौतम सिंह, क्षेत्राधिकारी प्रदीप कुमार, खंड विकास अधिकारी वर्षा सिंह, नायब तहसीलदार उमेश चंद्र त्रिपाठी, पूर्ति निरीक्षक मुकेश कुमार पांडे एवं अवधेश चतुर्वेदी, कानूनगो उमेश कुमार दीक्षित, आबिद अली, मोहम्मद अहमद, उपखंड अधिकारी विद्युत विभाग सहित समस्त विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# बाबा खाटू श्याम और दुर्गा जी की मूर्ति की वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ हुई प्राण प्रतिष्ठा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



**राज्यमंत्री राजा मयंकेश्वर शरण सिंह और गौरीगंज के विधायक के साथ हजारों भक्तों ने ग्रहण किया प्रसाद**

तिलोई अमेठी । विकास क्षेत्र की ग्राम पंचायत जमुरवां स्थित प्राचीनतम श्रीराम जानकी मंदिर में बाबा खाटू श्याम एवं दुर्गा जी की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा समारोह में राज्यमंत्री राजा मयंकेश्वर शरण सिंह के साथ ब्लाक प्रमुख तिलोई के प्रतिनिधि कृष्ण कुमार सिंह उर्फ मुन्ना सिंह ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पूजन किया। प्राण प्रतिष्ठा समारोह के उपरांत विशाल भण्डारा आयोजित किया गया जिसमें क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों अधिकारियों के साथ ही हजारों की संख्या में सम्भ्रांत नागरिकों ने प्रसाद ग्रहण किया।क्षेत्र की ग्राम पंचायत जमुरवां स्थित प्राचीनतम श्रीराम जानकी मंदिर क्षेत्रीय नागरिकों के लिये आस्था का केंद्र बिंदु बना हुआ है।राज्यमंत्री राजा मयंकेश्वर शरण सिंह के प्रयास से पर्यटन विभाग द्वारा इस मंदिर का लाखों रुपये की लागत से सौंदर्यीकरण कराया गया। श्रीराम जानकी मंदिर में श्रीराम चरित मानस पाठ के बाद पूर्णाहुति हवन पूजन किया गया जिसके बाद बाबा खाटू श्याम एवं दुर्गा जी की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा समारोह आयोजित किया गया जिसमें प्रदेश सरकार के चिकित्सा शिक्षा एवं स्वास्थ्य राज्यमंत्री राजा मयंकेश्वर शरण सिंह, ब्लाक प्रमुख तिलोई के प्रतिनिधि कृष्ण कुमार सिंह उर्फ मुन्ना सिंह, यजमान बाबू अनूप सिंह और रामेश्वर सिंह ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पूजन किया। श्रीराम जानकी मंदिर में आयोजित कन्या भोज और ब्राम्हण भोज के बाद राज्यमंत्री द्वारा दक्षिणा प्रदान किया गया।शनिवार को आयोजित विशाल भण्डारा में श्रीराम जानकी मंदिर सेवा समिति द्वारा अतिथियों को अंगवस्त्र भेंटकर स्वागत किया गया। इस विशाल भण्डारा में क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों के साथ ही हजारों की संख्या में सम्भ्रांत नागरिकों ने प्रसाद के रुप में पूड़ी सब्जी और बूंदी ग्रहण किया।इस मौके पर गौरीगंज के विधायक राकेश प्रताप सिंह, पूर्व ब्लाक प्रमुख रमेश सिंह, खण्ड शिक्षा अधिकारी हरिओम तिवारी, संत बख्श सिंह, वीरेन्द्र तिवारी,सत्येन्राज्यमंत्री राजा मयंकेश्वर शरण सिंह और गौरीगंज के विधायक के साथ हजारों भक्तों ने ग्रहण किया प्रसाद द्र तिवारी, अखण्ड प्रताप सिंह, देवी शरण बाजपेई,आदित्य पाण्डेय, प्रदीप सिंह,कौशलेंद्र सिंह, आनंद सिंह,सोनू यज्ञसैनी, ज्ञानेंद्र सिंह,विकास सिंह, सिद्धार्थ सिंह राठौर, संतोष तिवारी, धर्मेश मिश्रा,गुडडू सिंह,विजय सिंह, पंकज तिवारी, दिग्विजय सिंह,जय सिंह, लकी सिंह, सोनू सिंहशुभम सिंह सहित अन्य तमाम लोग मौजूद रहे।

# राजस्व के मामलों का त्वरित निस्तारण किया जाय : डीएम

कैनविज टाइम्स संवाददाता

## जिलाधिकारी ने तहसील तिलोई का किया गहन निरीक्षण



अमेठी । जिलाधिकारी संजय चौहान ने शनिवार को तहसील तिलोई में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस के उपरांत तहसील परिसर का गहन निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने तहसील कार्यालय की कार्यप्रणाली, विभिन्न राजस्व पटलों, न्यायालय कक्षों तथा अभिलेखों के रख-रखाव की स्थिति का बारीकी से जायजा लिया। जिलाधिकारी ने राजस्व से संबंधित लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए उनके शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनसुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों का समाधान समयबद्ध एवं पारदर्शी ढंग से किया जाना सुनिश्चित किया जाए, ताकि आमजन को अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने अभिलेखों के सुव्यवस्थित रख-रखाव, फाइलों के संधारण तथा कार्यालय परिसर की स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने कर्मचारियों को अपने दायित्वों का ईमानदारी से निर्वहन करने तथा जनता के प्रति संवेदनशील रवैया अपनाने को कहा। जिलाधिकारी ने यह भी स्पष्ट किया कि शासन की मंशा के अनुरूप राजस्व कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और सभी अधिकारी-कर्मचारी अपने कार्यों में पारदर्शिता एवं जवाबदेही सुनिश्चित करें। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी अमित सिंह, नायब तहसीलदार अमीषा यादव सहित तहसील के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# तिलोई के सम्पूर्ण समाधान दिवस में डीएम और एसपी ने सुनी जनसमस्याएं

कैनविज टाइम्स संवाददाता



अमेठी । जनसामान्य की शिकायतों के त्वरित निस्तारण के उददेश्य से जनपद की चारों तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया।जिलाधिकारी संजय चौहान की अध्यक्षता में तहसील तिलोई में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुआ। सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने शिकायतकर्ताओं की समस्या सुनकर मौके पर अधिकारियों को निर्देश देते हुये कहा कि शिकायतें लंबित न रखी जाये, शिकायतों को गम्भीरता से लेकर उनका प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण सुनिश्चित कराया जाय। उन्होंने कहा कि जन सामान्य की शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करना हमारी प्राथमिकता है। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान पुलिस विभाग के संबंधित शिकायतों को पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. ने सुना एवं संबंधित थानाध्यक्षों को निस्तारण के निर्देश दिये। तहसील तिलोई में कुल उनचास शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें छह का मौके पर निस्तारण कराया गया।तहसील मुसाफिरखाना में अठारह शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें तीन का निस्तारण किया गया। तहसील गौरीगंज में अठारह शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें तीन शिकायत का निस्तारण किया गया तथा तहसील अमेठी में चौबीस शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें दो का निस्तारण कराया गया तथा शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु पुलिस और राजस्व की संयुक्त टीमें मौके पर भेजी गई। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान उपजिलाधिकारी अमित सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अंशुमान सिंह, प्रभागीय वनाधिकारी रणवीर मिश्र, खण्ड शिक्षा अधिकारी हरिओम तिवारी, सीओ दिनेश कुमार मिश्रा, नायब तहसीलदार अमीषा यादव सहित जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

# पचास हजार के इनामी रितिक सिंह उर्फ बिल्लू को एसटीएफ ने किया गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा । परसपुर पुलिस और यूपी एसटीएफ की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए पचास हजार के इनामी आरोपी रितिक सिंह उर्फ बिल्लू को हरि याणा से गिरफ्तार किया है। आरोपी को गोंडा लाकर न्यायालय में पेश किया गया,जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। रितिक सिंह ने अपने साथियों मलखान सिंह, जाकिर, रिजवान,सनी और योगेश के साथ मिलकर पर सपुर थाना क्षेत्र के लक्ष्मणपुर डेहरास स्थित कं पोजिट बीयर की दुकान में चोरी की घटना को अंजाम दिया था। चोरी के बाद सभी आरोपी पैसे बांटकर फरार हो गए थे। इन आरोपियों ने धर्मनगर स्थित एक बीयर की दुकान में भी इसी तरह की चोरी की थी।इन सभी के खिलाफ पर सपुर थाने में मुकदमा दर्ज किया गया था। इस के अतिरिक्त, रितिक सिंह के खिलाफ परसपुर थाने में गैंगस्टर एक्ट के तहत भी मामला दर्ज है,जिसमें वह लगातार फरार चल रहा था।गोंडा के पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने रिति क की गिरफ्तारी के लिए पचीस हजार रुपये का इनाम घोषित किया था।जब आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हो पाई, तो देवीपाटन रेंज के आईजी अमित पाठक ने इनाम की राशि बढ़ा कर पचास हजार रुपये कर दी थी।यूपी एसटी एफ के निरीक्षक ओम शंकर शुक्ला ने अपनी टीम के उपनिरीक्षक प्रताप नारायण सिंह मुख्य आरक्षी दिलीप यादव, कुलदीप सिंह, गिरजा शंकर यादव और शिव भोला शुक्ला के साथ मिलकर इस गिरफ्तारी अभियान को अंजाम दिया।टीम ने परसपुर थाने की पुलिस के साथ हरियाणा में छापेमारी कर आरोपी को पकड़ा। परसपुर थानाध्यक्ष अनुज त्रिपाठी ने बताया कि रितिक सिंह ने उनके थाना क्षेत्र की कई बीयर और शराब की दुकानों में लगातार चोरी की घ टनाओं को अंजाम दिया था। उन्होंने यह भी बताया कि आरोपी के खिलाफ गैंगस्टर का मु कदमा भी दर्ज है और अब उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

# अवैध रूप से संचालित एक पैथोलॉजी व एक क्लीनिक और एक अल्ट्रासाउंड सेंटर सील

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा । जिले में स्वास्थ्य विभाग ने अवैध रूप से संचालित स्वास्थ्य केंद्रों के खिलाफ सख्त कार्र वाई की है।इस अभियान के तहत जिले में दो अवैध अस्पताल,एक पैथोलॉजी सेंटर,एक क्ली निक और एक अल्ट्रासाउंड सेंटर को सील कि या गया है।कटरा बाजार क्षेत्र में दो अवैध अस्प ताल एक पैथोलॉजी और एक क्लीनिक सील किए गए। वहीं, बेलसर क्षेत्र में जांच अभियान के दौरान एक अवैध अल्ट्रासाउंड सेंटर पर कार्र वाई की गई।विभाग ने नियमों का उल्लंघन कर रहे अन्य अस्पतालों,अल्ट्रासाउंड सेंटरों और पै थोलॉजी संचालकों को भी सख्त निर्देश दिए हैं

सील किए गए सभी केंद्रों के खिलाफ विभागी य कार्रवाई भी शुरू कर दी गई है, इसका उद्दे श्य यह सुनिश्चित करना है कि भविष्य में इस तरह के अवैध संचालन से मरीजों के जीवन से खिलवाड़ न हो। यह कार्रवाई कटरा बाजार में एक अवैध अस्पताल में हुई घटना के बाद शुरू की गई। यहां एक सेवानिवृत्त नर्स ने अपने घर पर एक महिला की डिलीवरी कराई थी।इस दौ रान महिला ने दो बच्चों को जन्म दिया,जिनमें से एक नवजात की मौत हो गई और दूसरा गं भीर स्थिति में था।इस घटना के बाद गोंडा के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संतलाल पटेल ने पूरे जिले में अभियान चलाकर कार्रवाई के निर्देश दिए। अतिरिक्त सीएमओ डॉ.आदित्य वर्मा के नेतृत्व में गठित स्वास्थ्य विभाग की टीम लगातार जांच कर रही है और अवैध केंद्रों पर कार्रवाई कर रही है।सीएमओ डॉ. संतलाल पटेल ने बताया कि अवैध रूप से संचालित स भी केंद्रों को सील कर दिया गया है।संबंधित मा मलों की जांच कर दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा रही है।उन्होंने स्पष्ट किया कि मरीजों के जीवन से किसी भी कीमत पर खिल वाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। डॉ.संत लाल

पटेल ने अवैध रूप से अस्पताल,क्लीनिक या पैथोलॉ जी सेंटर चला रहे लोगों को चेतावनी दी।कि ऐसे संचालक विभाग की कार्रवाई से पहले स्वयं अपने केंद्र बंद कर लें,अन्यथा पकड़े जाने पर उनके खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

# बेरहम शिक्षक: होमवर्क पूरा न होने पर छात्र को दी तालिबानी सजा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा । जिले में बच्चे को शिक्षक ने गुस्से में इतना पीटा की उसके हाथ पैर में छाले पड़ गए, स्कूल टीचर ने क्लास दो के बच्चे को गिनकर एक सौ पांच डंडे मारे, बच्चे की गलती सिर्फ इतना थी कि उसने होम वर्क पूरा नहीं किया था।डर से सहमा हुआ बच्चा जब रोने लगा तो टीचर ने उसे बिस्कुट दिया।फिर बोला- घर पर किसी को बताया तो और ज्यादा मारूंगा। टीचर की

मार देखकर बाकी बच्चे भी डर गए। छुट्टी के बाद बच्चा रोते-रोते घर पहुंचा।परिवार वालों को पूरी बात बताई। बच्चे के पिता उसे तुरंत इलाज के लिए अस्पताल ले गए। वहीं पिता जब शिकायत करने स्कूल पहुंचे तो टीचर ने उन्हें डांटकर भगा दिया गया।पुलिस ने पिता की शिकायत पर टीचर पर केस दर्ज किया है। आरोपी टीचर को स्कूल से निकाल दिया गया है।मामला करनैलगंज थाना क्षेत्र का है चतरौली के रहने वाले राज प्रसाद गोस्वामी मजदूरी कर ते हैं।उनके परिवार में पत्नी जानकी बेटा अव धेश बेटी रिशु और सबसे छोटा बेटा अभिषेक हैं, छोटा बेटा गुमदहा के एम आरजी पब्लिक स्कूल में कक्षा दो का छात्र है। बुधवार को सुबह 9 बजे स्कूल गया। उसने अपनी सभी क्लासेज लीं लंच के बाद एक बजे सोशल साइंस की क्लास लेने के लिए टीचर प्रखर सिंह आए। उन्होंने आते ही बच्चों से होमवर्क दिखाने के लिए कहा।प्रखर बारी-बारी से होमवर्क चेक करने लगे।वह पीड़ित बच्चे के पास पहुंचे। उसका होमवर्क पूरा नहीं था।इस पर प्रखर आग बबूला हो गए।उन्होंने बच्चे को पीटना शुरू कर दिया।प्रखर ने बच्चे के पैरों से मारना शुरू किया।उसके पूरे शरीर पर गिनकर एक सौ पांच डंडे मारे। ये देखकर क्लास के बाकी बच्चे सहम गए।अभिषेक जोर-जोर से रोने लगा।बच्चे को ज्यादा रोता देख टीचर ने उसे बिस्किट दिया।फिर धमकाते हुए कहाँ अगर घर पर बताया तो कल और मारूंगा।

## बच्चे के पिता को स्कूल से डांटकर भगाया

छुट्टी होने के बाद बच्चा रोते हुए घर पहुंचा, उसने अपने पिता राज प्रसाद को सारी बात बताई।राज प्रसाद ने बच्चे का प्राथमिक उपचार कराया।इसके बाद साढ़े चार बजे राज प्रसाद शिकायत लेकर स्कूल पहुंचे।स्कूल के प्रिंसिपल माधवराज ने उन्हें डांटकर भगा दिया।रात सात बजे राज प्रसाद बेटे को लेकर थाने पहुंचे।टीच र प्रखर सिंह के खिलाफ मुकदमा दर्ज करायां चचरी चौकी प्रभारी अवनीश शुक्ला को मामले की जांच सौंपी गई है।शुक्रवार को बच्चे का मे डिकल कराया गया।वही राज प्रसाद ने कहा– जब मैं शिकायत लेकर स्कूल पहुंचा तो प्रिंसिप ल ने मेरे लड़के से उल्टा कहा कि जब टीचर ने मारा तो मुझे आकर क्यों नहीं बताया।अब बता इए मेरा लड़का नाबालिग है।उसे कोई चालीस साल का आदमी पकड़कर मारेगा तो वह कैसे छुड़ाकर जा पाएगा।इसके बाद जब चौकी इंचा र्ज ने टीचर के पिता को बुलवाया तो उन्होंने क हा कि तुम हमारा कुछ नहीं कर सकते।मेरे लड़ के को फांसी नहीं दिलवा दोगे।फांसी दिलवाना मेरा अधिकार नहीं है,लेकिन सजा जरूर दिल वा सकता हूँ।बस उसे सजा दिलाई जाए।उसे अरेस्ट किया जाए।वही स्कूल के विद्यालय के प्रिंसिपल माधवराज ने बताया– छात्र कुछ दिनों से लगातार होमवर्क पूरा नहीं कर रहा था। इसी से नाराज होकर टीचर ने उसे मारा।हमने बच्चे के पिता से कहा था कि दवा करवा देंगे, लेकिन उन्होंने थाने जाकर टीचर पर एफआईआर कर वा दी।ऐसा दूसरे किसी बच्चे के साथ न हो इस लिए हमने टीचर को स्कूल से निकाल दिया है। अब उस टीचर से जुड़ी मेरी कोई जिम्मेदारी न हीं है।मैं पुलिस का पूरा सहयोग कर रहा हूँ।ह मने अपने सभी टीचरों को हिदायत दी है कि किसी बच्चे के साथ दोबारा न हो।

# करनैलगंज : रेक्साडिया व कैथोंली में मनरेगा योजना में मची है लूट

## बिना काम के ही फर्जी मस्टर रोल तैयार कर डकारा जा रहा सरकारी धन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा । मंडलायुक्त शशिभूषणलाल सुशील,डीएम नेहा शर्मा व सीडीओ अंकिता जैन मनरेगा योज ना में भ्रष्टाचार को लेकर काफी सख्त रूख अ ख्तियार किए हुए हैं,बावजूद मनबढ़ और राज नीतिक संरक्षण प्राप्त ग्राम प्रधान फर्जी मस्टर रोल तैयार कर सरकारी धन को लूट रहे हैं। ह कीकत तो यह है कि गांवों में धरातल पर कहीं काम चल ही नहीं रहा है,लेकिन कागजों में बड़ी संख्या में श्रमिकों को पसीना बहाते हुए दिखा या जा रहा है।जिले के करनैलगंज विकास खंड की 49 ग्राम पंचायतों में मनरेगा के तहत चक मार्ग, समतलीकरण, तालाब की खुदाई, तालाब सौंदर्याकरण आदि कार्य वर्तमान में संचालित हैं।मनरेगा की वेबसाइट के अनुसार 119 कार्यों में कुल 1078 श्रमिकों की प्रतिदिन हाजिरी लगाई जा रही है। प्रतिदिन 272, 734 रूपए रोजगार के नाम पर खर्च किए जा रहे हैं, लेकि न मनरेगा से जुड़े कर्मचारियों द्वारा मजदूरों की हाजिरी के नाम पर कागज में खेला करके काम किया जा रहा है,करनैलगंज ब्लॉक की ग्राम पं चायत रेक्साडिया में श्याम रंग के खेत से लल्लू सिंह के खेत तक नाला खुदाई और सफाई का र्य के लिए 49 और कैथोंली में दो कार्यों के लि ए 74 मजदूरों की हाजिरी दर्शायी जा रही है, जबकि मस्टर रोल में एक ही व्यक्ति की फोटो कई बार अपलोड की गई है,जिससे साफ फर्जी वाड़ा दिखाई दे रहा है।ग्राम पंचायत रेक्साडिया व कैथोंली में डंके की चोट पर मनरेगा योजना को पलीता लगाया जा रहा है और जिम्मेदार अधिकारी आंखें बंद किए हुए हैं।

# जिलाधिकारी ने विकास खण्ड रिसिया का किया निरीक्षण



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच । सम्पूर्ण समाधान से लौटते समय जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी द्वारा विकास खण्ड रिसिया के खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय एवं विकास खण्ड परिसर का निरीक्षण किया गया। विकास खण्ड मुख्यालय पहुंचने पर डीएम श्री त्रिपाठी ने कार्यालय परिसर एवं परिसर में निर्मित पार्क का निरीक्षण किया। कार्यालय परिसर एवं पार्क की साफ-सफाई व्यवस्था संतोषजनक पायी गयी। डीएम ने खण्ड विकास अधिकारी रिसिया राजेन्द्र कुमार से कार्यालय परिसर में निर्मित कामिकों के आवासों तथा उसके रहने वाले कार्मिकों के बारे में भी जानकारी प्राप्त की।

डीएम श्री त्रिपाठी ने ब्लाक कार्यालय का निरीक्षण करते हुए विभिन्न पटलों का अवलोकन करते हुए पटल सहायकों से अभिलेखों के रख-रखाव इत्यादि के बारे में जानकारी प्राप्त की। डीएम ने ग्रान्ट रजिस्टर का अवलोकन करते हुए खण्ड विकास अधिकारी आवंटित बजट तथा योजनाओं की वित्तीय प्रगति की बाबत जानकारी प्राप्त की। स्थापना पटल के निरीक्षण के दौरान डीएम ने शासनादेशों से सम्बन्धित गार्ड फाईल का अवलोकन करते हुए स्थापना लिपिक सुरेन्द्र सिंह को निर्देश दिया कि फाईल में अनुकम्रणिका को अद्यतन रखा जाय। निरीक्षण के दौरान खण्ड विकास अधिकारी रिसिया राजेन्द्र कुमार, सहायक विकास अधिकारी ग्राम्य विकास संजय मिश्र, सहायक विकास अधिकारी पंचायत नरेश चन्द्र, अवर अभियन्ता ग्रामीण अभियंत्रण अजय कुमार वर्मा, सहायक विकास अधिकारी सहकारिता आनन्द स्वरूप श्रीवास्तव सहित विकास खण्ड में कार्यरत अन्य कर्मचारी/अधिकारी उपस्थित रहे।

# नि:शुल्क चिकित्सा सेवा शिविर का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता




नानपारा, बहराईच। देव संस्कृति ग्रामोदय इंटर कॉलेज आचार्य नगर रामपुर (रुपईडीहा) परिसर में गुरु गोरखनाथ स्वास्थ्य सेवा यात्रा कार्यक्रम के तहत नि:शुल्क चिकित्सा सेवा शिविर आयोजन में डॉ राम मनोहर लोहिया इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस व सामुदायिक चिकित्सा केंद्र चरदा तथा एस0एस0बी0 42 वाहिनी मेडिकल टीम के तत्वावधान में लगभग एक हज़ार से भी अधिक वृद्ध, अशक्त महिला पुरुष एवं विद्यार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें नि:शुल दवाइयां उपलब्ध करवाया गया।विद्यालय प्रबंधन तंत्र एवं विभिन्न सामाजिक, धार्मिक व पर्यावरण विदों द्वारा उपस्थित लोगों को नशा उन्मुलन का सामूहिक संकल्प भी दिलाया गया। देव संस्कृति ग्रामोदय इंटर कॉलेज परिसर में आयोजित चिकित्सा शिविर एवं नशा उन्मूलन चौपाल को संबोधित करते हुए ब्लॉक प्रमुख जय प्रकाश सिंह ने कहा कि नशा सामाजिक अपराध है इसपर पूर्ण विराम लगाने के लिए सामाजिक जन जागरण अभियान चलाए जाने की जरूरत है तभी नशा पर पूर्ण विराम संभव हो सकेगा।विद्यालय प्रबंधक ,महामना मालवीय मिशन अध्यक्ष(अवध)संजीव श्रीवास्तव एडवोकेट ने बताया कि सीमावर्ती इलाकों में अवैध नशा क्रय-विक्रय,उपभोग व उत्पादन पर प्रभावी नियंत्रण के लिए विभिन्न सामाजिक व धार्मिक संगठनों के तत्वावधान में सामुहिक जन जागरण अभियान चलाया जा रहा है ताकि अवैध नशा पर पुर्ण विराम संभव हो सके।सी0एच0सी0 प्रभारी चरदा डॉ महेश विश्वकर्मा ने कहा कि सीमावर्ती लोगो के बेहतर स्वास्थ्य एवं चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराए जाने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है तथा स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें नि:शुल्क चिकित्सा व्यवस्था भी उपलब्ध कराई जा रही है।संघ विचारक अरुण पाठक ने बताया कि गुरु गोरखनाथ स्वास्थ्य यात्रा के तहत बीते दो दिवस में लगभग एक दर्जन से भी अधिक सीमावर्ती दुर्गम स्थलों पर नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन कर नेशनल मेडिकोस आर्गेनाईजेशन के तत्वावधान में लोगो का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें विशेषज्ञ चिकित्सक द्वारा उपचार किया गया। आयोजित चौपाल का शुभारंभ कार्यक्रम संयोजक प्रवक्ता राजीव श्रीवास्तव एवं संघ चिंतक आशीष त्रिपाठी द्वारा माँ सरस्वती के चित्र के समक्ष पुष्पांजलि एवं माल्यार्पण करके किया गया।प्राचार्य शुभम श्रीवास्तव एवं पर्यावरणविद आयूष वर्मा द्वारा अतिथियों को अंग वस्त्र देकर स्वागत किया गया।कार्यक्रम का संचालन किसान परिषद संयोजक शिव पूजन सिंह ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन नमामि गंगे संयोजक चंद्र प्रकाश मिश्रा ने किया।आयोजित कार्यक्रम में प्रमुख रूप से आर0एम0एल0 लखनऊ चिकित्सक डॉ मोहित कुमार सिंह, डॉ तनुश्री तिवारी ,डॉ देवांशी उपाध्याय, डॉ शौर्य सिंह ,डॉ सत्यम कुमार, सी0एच0सी0चरदा चिकित्साकर्मी आशुतोष वर्मा ,डॉ गौरव वर्मा, एस0एस0बी0 चिकित्साकर्मी डॉ देव व्रत सिंह, डॉ रवि श्रीवास्तव, संघ विचारक इंद्र बहादुर सिंह, आदित्य खत्री,समाजसेवी डॉ दुर्गेश वर्मा,समाजसेवी पंकज यादव आदि लोग उपस्थित रहे और उपस्थित लोगों का चिकित्सीय परामर्श देकर दवाइयां उपलब्ध करवाई ।

समापन अवसर पर मालवीय मिशन अध्यक्ष (अवध) संजीव श्रीवास्तव ,ब्लॉक प्रमुख जे0पी0 सिंह व सी0एच0सी0 प्रभारी डॉ महेश विश्वकर्मा के नेतृत्व में उपस्थित लोगों को नशा उन्मुलन का सामूहिक संकल्प भी दिलाया गया।

# डीएम के औचक निरीक्षण में तहसील नानपारा की व्यवस्थाएं पाईं गईं संतोषजनक

## एसडीएम की कार्यकुशलता की हुई सराहना

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नानपारा, बहराइच। शनिवार को तहसील नानपारा में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में जनसुनवाई के उपरान्त जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी द्वारा तहसील नानपारा का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अभिलेखों के रख-रखाव, भवन एवं परिसर की साफ-सफाई के साथ-साथ तहसील अन्तर्गत संचालित विभिन्न पटलों, न्यायिक कार्यों, वादों के निस्तारण, राजस्व अभिलेखों, वसूली, अभिलेखागार, आईजीआरएस एवं जनसुनवाई व्यवस्था का गहन परीक्षण किया गया। एसडीएम न्यायालय में दर्ज वादों की स्थिति की समीक्षा के दौरान पाया गया कि एक वर्ष से अधिक अवधि का कोई भी वाद लंबित नहीं है। पत्रावलियों के अवलोकन में प्रथम दृष्टया समस्त धाराओं के वादों का गुणवत्तापूर्ण, निष्पक्ष एवं समयबद्ध निस्तारण पाया गया। इस पर जिलाधिकारी ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि उप जिलाधिकारी के नेतृत्व में तहसील नानपारा में प्रशासनिक एवं न्यायिक स्तर पर उत्कृष्ट कार्य किया जा रहा है। डीएम ने तहसीलदार व नायब तहसीलदारों के न्यायालयों का निरीक्षण करते हुए प्रचलित वादों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। राजस्व वसूली की समीक्षा के दौरान लक्ष्य के सापेक्ष वसूली की स्थिति बेहतर पाई गई। डीएम ने एसडीएम को नियमित रूप से समीक्षा करने के निर्देश दिए, जिससे वसूली की प्रगति बनी रहे। आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों की समीक्षा के दौरान यह तथ्य प्रकाश में आया कि तहसील नानपारा पिछले छह माह से लगातार आईजीआरएस निस्तारण में जनपद में प्रथम स्थान बनाए हुए है। इस पर जिलाधिकारी ने कहा कि यह उपलब्धि तहसील प्रशासन की संवेदनशीलता, त्वरित कार्रवाई एवं शिकायतकर्ता संतुष्टि को दर्शाती है।

निरीक्षण के दौरान नजारत पटल, राजस्व लिपिक पटल, संग्रह कार्यालय, अभिलेखागार, निर्वाचन कार्यालय, वीआरसी कार्यालय सहित तहसील के सभी कार्यालयों एवं पटलों का कार्य व्यवस्थित एवं अद्यतन पाया गया। साथ ही तहसील परिसर एवं भवन की साफ-सफाई भी संतोषजनक पाई गई। कर्मचारियों की उपस्थिति, अभिलेखों के संधारण एवं कार्य निष्पादन पर जिलाधिकारी श्री त्रिपाठी ने संतोष व्यक्त किया। डीएम ने एसडीएम से कहा कि इसी प्रतिबद्धता के साथ जनता को त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण सेवाएं प्रदान कर तहसील नानपारा को प्रशासनिक, न्यायिक, राजस्व एवं शिकायत निस्तारण के क्षेत्र में एक आदर्श तहसील के रूप में स्थापित करने का प्रयास किया।

## इटियाथोक बिसुही पुल निर्माण को लेकर चलाया हस्ताक्षर अभियान

गोण्डा कैनविज टाइम्स संवाददाता । राष्ट्रीय छात्र पंचायत के कार्यकर्ताओं के द्वारा इटियाथोक बाजार बिसुही पुल को लेकर हस्ताक्षर अभियान चलाया गया जिसमें हजारों लोगों ने समर्थन में हस्ताक्षर किया इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवम पांडे ने बताया कि यह पल बहुत ही पुराना व जर्जर है और इसी रास्ते से उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदि त्यनाथ व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव इसी रास्ते से आए गए हैं तथा तमाम छात्र व अधि कारी इसी रास्ते से प्रतिदिन आते जाते हैं और कभी भी यह पुल गिर सकता है वह बड़ी दुर्घट ना घटित हो सकती इसलिए घटना घटित होने से पूर्व में ही इस पुल का निर्माण किया जाना बहुत ही आवश्यक है इटियाथोक निवासी ह र्षित श्रीवास्तव ने बताया कि मैं बैंक में काम करता हूँ और प्रतिदिन इसी रास्ते से जाना होता है और पुल पर घंटे जाम लगा रहता है बहुत परेशानी आती है तथा बच्चों को स्कूल भी जाना पड़ता है और स्कूल की बस भी इस जाम की वजह से लेट हो जाती है और कभी भी यह पुल गिर सकता है तो सरकार से मेरा निवेदन है कि स्कूल का निर्माण जल्द से जल्द किया जाए इस अवसर पर युगांक उमंग मिश्रा नौशाद, अहमद,अभिषेक,भूपेंद्र,रिजवान, सूफि यान, संदीप, उमेश, सिर्ताज, शिव मणि, मोह म्मद आसिफ आदि लोग मौजूद रहे।

## राज्य मंत्री खाद्य एवं रसद का जनपद आगमन आज

बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता। मा. राज्यमंत्री, खाद्य एवं रसद तथा नागरिक आपूर्ति विभाग, उत्तर प्रदेश सरकार श्री सतीश चन्द्र शर्मा का 08 फरवरी 2026 को जनपद आगमन का कार्यक्रम प्रस्तावित है। मा. मंत्री 08 फरवरी 2026 को अपरान्ह 01:30 बजे किसान स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बहराइच में आयोजित गुरू गोरखनाथ स्वास्थ्य सेवा यात्रा 6.0 में प्रतिभाग करेंगे। यह जानकारी देते हुए प्रभारी अधिकारी वीआईपी/नगर मजिस्ट्रेट ने बताया कि मा. राज्य मंत्री श्री शर्मा अपरान्ह 02:00 बजे लखनऊ के लिए प्रस्थान कर जायेंगे।

# बेखौफ चल रहा कृषि योग्य भूमि पर अवैध प्लाटिंग की काली कमाई का खेल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर।भारतीय बजरंग दल के नेताओं ने तहसील समाधान दिवस पर पहुंचकर एडीएम प्रसून द्विवेदी को लिखित मे शिकायत दर्ज कराई शिकायती पत्र मे कहा कि क्षेत्र में इस समय अवैध प्लाटिंग का खेल बेखौफ चल रहा है क्षेत्र में कई भूमाफिया सक्रिय हैं, जो अवैध प्लाटिंग का खेल खुलेआम खेल रहे हैं। किसानों की जमीन को पहले औने-पौने दामों में खरीद लेते हैं। फिर नियम विरुद्ध बिना नक्शा व आवासीय प्लाट दर्ज कराए प्रति प्लाट लाखों रुपये में बेचते हैं। इस प्लाटिंग का खेल प्रशासनिक अधिकारियों की मिलीभगत से सम्भव है। जानकार बताते हैं कि सभी प्लाटिंग में कमीशन बंधा हुआ है लेकिन आगे इसका खामियाजा भूखंड खरीदने वाले लोगों को भुगतना पड़ना है।पूरनपुर के ब्लॉक रोड,असम रोड, बण्डा रोड, माधोटांडा, तहसील कार्यालय रोड, सिरसा रोड के आसपास प्लाटिंग का खेल चल रहा है। इन्हें बिना आवासीय दर्ज कराए और नक्शा बनवाए धड़ल्ले से बेचा जा रहा है। इस अवैध प्लाटिंग



पर जब शिकायतों के बाद प्रशासन का दबाव पड़ता है।तो कुछ को नोटिस देकर फर्ज अदायगी कर ली जाती है। क्षेत्र में चल रही प्लाटिंग में लगभग 90 प्रतिशत का नक्शा पास नहीं है। साथ ही यह प्लाटिंग मानक भी पूरा नहीं कर रही है ऐसे में जो लोग प्लाट लेने जा रहे हैं या ले चुके हैं दोनों खतरे में हैं। प्लाट बेचने वाले दलाल और भूमाफिया ने आप को बहला-फुसलाकर रजिस्ट्री करा दी पर न तो जमीन की कीमत के मुताबिक स्टांप लगाए और ना ही कृषि योग्य जमीन को आवासीय जमीन में परिवर्तित कराया ऐसे में आप भले ही घर बनवा चुके हो, पर कभी भी प्रशासन का एक नोटिस आपके घर को गिराने के लिए काफी है सरकार को भी यह माफिया करोड़ों के राजस्व का चूना लगा रहे हैं नियम के मुताबिक प्लाटिंग में 30 फीट चौड़ी सड़क होनी चाहिए भूखंडों के बीच में पार्क होना चाहिए सीवेज सिस्टम होना चाहिए कृषि जमीन को आवासीय में परिवर्तित होनी चाहिए नक्शा अनिवार्य है लेकिन यहां तो भूमाफिया किसान से एग्रीमेंट करा कर कलई डालते हैं और सीधे प्लाटिंग चालू कर देते हैं मोहनपुर जप्ती के गाटा संख्या 247 आसाम रोड पर स्थित है जो कि खसरा काश्त भूमि दर्ज है उक्त भूमि गुड्डू पुत्र नामालूम सिमरिया के साथ मिलकर रातों-रात अज्ञात स्थान से मिट्टी लाकर अवैध पटान कर रोड किनारे खडे पेड पौधों को कटान करके बिना जिला पंचायत के नक्शा के भूमि बिना सोसाइटी एक्ट के क्षेत्राधिकारी के बिना अनुमति के रोड के पेड़ो को अबैध रूप से नष्ट कर दिया गया चौंकाने वाली बात यह है कि निजी खेतों के साथ-साथ कुछ स्थानों पर सरकारी भूमि को भी प्लाटिंग में शामिल कर लिया गया है। सड़क किनारे से लेकर गांवों के बाहर तक, जहाँ एक साल पहले गेहूं और धान की फसलें लहलहाती थीं, वहाँ अब छोटे-छोटे प्लॉट नजर आ रहे हैं इन पर ईंट की सीमाएं खींची जा चुकी हैं और कई स्थानों पर मकानों का निर्माण कार्य भी प्रारंभ हो चुका है स्थानीय ग्रामीणों और सामाजिक संगठनों ने इस अवैध प्लाटिंग के विरुद्ध कड़ी आपत्ति जताई है। उन्होंने ज़िला प्रशासन से मांग की है कि इन अवैध कॉलोनियों की जांचकर संबंधित भू-माफियाओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। साथ ही खरीदारों को भी उचित जानकारी दी जाए कि वह किसी विवादित भूमि में न फंसें जिले में अनूसूचित जनजाति को पिछड़ा वर्ग का दिखाकर जमीनों को कथित लूट का खेल तो खेला ही गया है धारा 80 यानी अकृषिक की आड़ मे भी जमीनों को औन-पौने दामों पर हथियाने, बिचौलियागिरी के जरिए बड़े मुनाफ़े का खेल खेला जा रहा है चर्चाओं की मानें तो, जमीन लूट के इस कथित खेल को राजस्वकर्मियों के भी एक बड़े सिंडीकेट का संरक्षण हासिल है सूत्रों की माने तो मानचित्र संग्रहालय से तालाबों और सरकारी जमीनों के नक्शे तक गायब कराने का खेल भी खेला जा रहा है।

## पिपरिया-सुआबोझ मार्ग पर गौवंश के अवशेष मिलने से आक्रोश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर। पिपरिया दुलई से सुआबोझ जाने वाले मार्ग पर खेत के किनारे गौवंश के अवशेष मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। इस मामले को लेकर हिंदू संगठनों में भारी आक्रोश देखा गया है। राष्ट्रीय बजरंग दल एवं गौ रक्षा दल के जिला प्रमुख ठाकुर शिवम सिंह भदौरिया ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। ठाकुर शिवम सिंह भदौरिया ने पुलिस को दी गई शिकायत में बताया कि शुक्रवार रात उन्हें सूचना मिली थी कि पिपरियाऽसुआबोझ मार्ग पर खेत के किनारे गौवंश के अवशेष पड़े हुए हैं।

सूचना मिलते ही वह अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे, जहां उन्होंने गौवंश पशु के अवशेष देखे। इस घटना को लेकर हिंदू संगठन ने गहरी नाराजगी जताई और इसे धार्मिक भावनाओं को आहत करने वाला कृत्य बताया।शनिवार सुबह करीब 11 बजे जानकारी देते हुए ठाकुर शिवम सिंह भदौरिया ने कहा कि इस मामले की सूचना तुरंत पुलिस को दे दी गई है। उन्होंने मांग की कि गौवंश वध जैसी घटनाओं पर रोक लगाने के लिए दोषियों की जल्द पहचान कर उनके खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि गौवंश की रक्षा को लेकर संगठन पूरी तरह प्रतिबद्ध है और इस तरह की घटनाएं किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं की जाएंगी। वहीं इस संबंध में कोतवाली प्रभारी पवन पांडे ने बताया कि मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस सभी पहलुओं पर जांच कर रही है और उन्होंने भरोसा दिलाया कि जल्द ही मामले का खुलासा किया जाएगा और जो भी दोषी पाया जाएगा, उसके खिलाफ नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी। घटना के बाद से क्षेत्र में तनाव का माहौल बना हुआ है, हालांकि पुलिस स्थिति पर नजर बनाए हुए है और शांति व्यवस्था बनाए रखने के प्रयास किए जा रहे हैं।

## सपा नेता राजकुमार राजू ने फर्जी शिकायतों पर वोट काटने को लेकर किया उपजिलाधिकारी का घेराव सौपा ज्ञापन

पूरनपुर।समाजवादी युवजन सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजकुमार 'राजू' ने विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के नाम पर प्रपत्र-7 के जरिए सुनियोजित तरीके से मतदाताओं के वोट काटने की साजिश का गंभीर आरोप लगाया है। उन्होंने जिला निर्वाचन अधिकारी, पीलीभीत को भेजी गई शिकायत में कहा कि पूरनपुर क्षेत्र के अनेक बूथों पर बड़ी संख्या में ऐसे प्रपत्र-7 भरे पाए गए जिनके बारे में स्वयं तथाकथित आपत्तिकर्ताओं को कोई जानकारी ही नहीं है।सपा नेता राजकुमार 'राजू' ने कहा कि यह लोकतंत्र पर सीधा हमला है और फर्जी हस्ताक्षरों व दबाव के माध्यम से मताधिकार छीनने की कोशिश बेहद चिंताजनक है। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ स्थानों पर एक ही ढर्रे पर फार्म तैयार कराकर मतदाताओं के अधिकारों के साथ खिलवाड़ किया गया, जो निष्पक्ष चुनाव प्रक्रिया पर गंभीर प्रश्न खड़े करता है।उन्होंने प्रशासन से मांग की कि सभी संदिग्ध प्रपत्र तत्काल निरस्त किए जाएं, दोषी अधिकारियों-कर्मचारियों और साजिश में शामिल लोगों पर एफआईआर दर्ज कर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए तथा पूरे प्रकरण की निष्पक्ष और पारदर्शी जांच कराई जाए राजकुमार 'राजू' ने चेतावनी देते हुए कहा कि मतदाता सूची से छेड़छाड़ की किसी भी कोशिश को समाजवादी कार्यकर्ता बर्दाश्त नहीं करेंगे और लोकतंत्र की रक्षा के लिए सड़क से सदन तक संघर्ष किया जाएगा ।

# सुल्तानपुर में सड़क निर्माण टेंडर 4 माह से नहीं खुला

### हनुमानगंज-शम्भुगंज मार्ग के चौड़ीकरण का कार्य अटका

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुल्तानपुर। सुल्तानपुर में हनुमानगंज-शम्भुगंज मार्ग के चौड़ीकरण और सुदृढ़ीकरण का टेंडर चार महीने बाद भी नहीं खुल पाया है। यह कार्य योजना 2024-25 का हिस्सा है, जिसके लिए बजट भी स्वीकृत हो चुका है। टेंडर प्रक्रिया में हो रही इस देरी से विकास कार्यों पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

लम्भुआ विधानसभा क्षेत्र के तहत आने वाले इस मार्ग के चौड़ीकरण और सुदृढ़ीकरण का कार्य अब तक शुरू हो जाना चाहिए था। इस परियोजना का टेंडर विवरण Tender ID – 2025_CEUFZ_1084886_1 है, जो लोक निर्माण विभाग (PWD), फैजाबाद ज़ोन के मुख्य अभियंता कार्यालय के अंतर्गत आता है। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, यह टेंडर अभी तक नहीं खोला गया है।

यह टेंडर प्रक्रिया चार माह पहले ही पूरी हो चुकी थी। इसके बावजूद, वित्तीय वर्ष 2024-25 की इस महत्वपूर्ण कार्ययोजना पर काम शुरू नहीं हो पाया है।

इस देरी को लेकर कई सवाल उठ रहे हैं। स्थानीय लोग और विशेषज्ञ यह जानने की कोशिश कर रहे हैं कि क्या यह प्रशासनिक सुस्ती का परिणाम है, कोई तकनीकी बाधा है, या फिर 'टेंडर प्रबंधन सिंडिकेट' जैसी किसी व्यवस्था के कारण प्रक्रिया को जानबूझकर लटकाया जा रहा है। यह मार्ग पहले से ही जर्जर स्थिति में है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि बरसात के मौसम में यह सड़क कीचड़ और बड़े गड्ढों से भर जाती है, जिससे आवागमन बुरी तरह प्रभावित होता है। एम्बुलेंस सेवाओं और स्कूली बच्चों की आवाजाही में भी भारी परेशानी होती है। स्वीकृत योजना और निर्धारित बजट के बावजूद काम शुरू न होने से लोगों में रोष है।

एक ओर जहां विभिन्न मंचों से विकास की बातें की जा रही हैं, वहीं दूसरी ओर जमीनी स्तर पर परियोजनाओं में हो रही देरी से सवाल खड़े हो रहे हैं। स्थानीय लोगों ने मांग की है कि टेंडर प्रक्रिया की वर्तमान स्थिति को सार्वजनिक किया जाए। साथ ही, इस देरी के कारणों की आधिकारिक जानकारी जारी की जाए और कार्य शुरू करने की निश्चित तिथि घोषित की जाए। जब तक इन सवालों का स्पष्ट उत्तर नहीं मिलता और कार्य शुरू नहीं होता, तब तक 'विकास' शब्द लोगों के लिए केवल एक घोषणा मात्र बनकर रह जाएगा।

# पंचायत चुनाव समय पर होंगे, 75 जिलों में पहुंच चुके मतपत्र : ओम प्रकाश राजभर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुलतानपुर। जिला पंचायत सभागार में केंद्रीय बजट 2026 को लेकर आयोजित पत्रकार वार्ता में पंचायती राज मंत्री एवं सुभासपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर ने एसआईआर की सीमा बढ़ाए जाने और पंचायत चुनाव की स्थिति पर स्पष्टीकरण दिया। उन्होंने कहा कि पंचायत चुनाव निर्धारित समय पर ही कराए जाएंगे किसी तरह के भ्रम की आवश्यकता नहीं हैं राजभर ने बताया कि पंचायत चुनाव के लिए मतपत्र छप चुके हैं और 75 जिलों में भेजे जा चुके हैं जबकि अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन 28 तारीख को किया जाएगा उन्होंने दोहराया कि चुनाव प्रक्रिया तय समय-सारिणी के अनुसार आगे बढ़ेगी। इस दौरान सुभासपा विधायक बेनीराम से जुड़े नाले पर अतिक्रमण हटाने के दौरान नगर निगम टीम को कथित रूप से फोन पर हड़काने



के वायरल ऑडियो के मामले में भी राजभर ने प्रतिक्रिया दी उन्होंने अपने विधायक का बचाव करते हुए कहा कि ऐसा कोई तथ्य नहीं हैं यदि लेखपाल इस तरह का आरोप लगा रहा हैं तो मोबाइल रिकॉर्डिंग सार्वजनिक करे राजभर ने कहा कि यह मामला पहले ही नियम 51 के तहत विधानसभा में उठाया जा चुका हैं जहां वास्तव में नाला हैं वहां ठेकेदारों द्वारा फ्लैट बना लिए गए हैं और वे चाहते हैं कि नाला किसी अन्य की जमीन से निकलवा दिया जाए विधायक की मांग हैं कि नाला उसी स्थान से निकले जहां उसका वास्तविक अस्तित्व हैं उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि नाले की जमीन पर विधायक का कोई मैरिज लॉन नहीं बना हैं भूमि की चार बार पैमाइश हो चुकी हैं साथ ही उन्होंने आरोप लगाया कि संबंधित पार्षद पार्टी से प्रेरित होकर बयानबाजी कर रहा हैं। पत्रकार वार्ता में भाजपा जिलाध्यक्ष सुशील त्रिपाठी, एलएलसी शैलेंद्र प्रताप सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि व ब्लॉक प्रमुख शिवकुमार सिंह, विधायक राजप्रसाद उपाध्याय, सुभासपा जिला अध्यक्ष विनीत सिंह, सुभासपा जिला संघठन मंत्री मनोज शर्मा, भाजपा जिला मीडिया प्रमुख विजय सिंह रघुवंशी, राजेश दूबे निर्माण सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर अल्टो कार पलटी गाजियाबाद के 2 एसआई समेत 4 घायल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुल्तानपुर। सुल्तानपुर जिले में पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर शनिवार सुबह एक सड़क हादसे में गाजियाबाद के दो उप निरीक्षक, बलात्कार का एक आरोपी और कार चालक घायल हो गए। किलोमीटर 97 पर एक अल्टो कार पलट गई। सभी घायलों को पिठला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से आरोपी और चालक को गंभीर हालत में अयोध्या मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। पुलिस के अनुसार, बिहार के रोहतास थाना क्षेत्र के डेहरी निवासी विश्वकांत पुत्र लाल बिहारी के खिलाफ बलात्कार का मामला दर्ज था। गाजियाबाद में तैनात उप निरीक्षक अतुल कुमार और उप निरीक्षक विपिन कुमार उसे गिरफ्तार करने बिहार गए



थे।आरोपी को गिरफ्तार करने के बाद, वे अल्टो कार से उसे पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे के रास्ते गाजियाबाद ले जा रहे थे। कार चालक वसीम चला रहा था। किलोमीटर 97 पर पहुंचने पर चालक ने अचानक नियंत्रण खो दिया, जिससे कार डिवाइडर से टकराकर कई बार पलट गई। हादसे की सूचना मिलते ही पीआरवी की टीम, जिसमें चालक सुनील कुमार सिंह और वंश कुमार शामिल थे, मौके पर पहुंची। यूपीडा की टीम भी घटनास्थल पर पहुंची। उन्होंने कार से सभी घायलों को बाहर निकाला और एम्बुलेंस से पिठला अस्पताल कुमारगंज पहुंचाया। पिठला अस्पताल में इलाज के दौरान बलात्कार के आरोपी विश्वकांत और चालक वसीम की हालत गंभीर देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें अयोध्या मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। बल्दीराय थानाध्यक्ष नारद मुनि सिंह ने बताया कि उन्हें घटना की जानकारी है और मामले की जांच की जा रही है।

## जनपद में गर्भवती महिलाओं के बेहतर स्वास्थ्य हेतु कॉल सेंटर की स्थापना

पीलीभीत। जनपद में सरकारी संस्थानों में प्रसवों को बढ़ाने तथा जनपद की प्रत्येक गर्भवती एवं प्रसूता महिला को स्वास्थ्य एवं खान-पान से सम्बन्धित जानकारी देने एवं लेने तथा उनके नियमित स्वास्थ्य के फाओअप हेतु प्रत्येक ब्लाक पर कॉल सेंटर की स्थापना की गई है।जिसके माध्यम से स्वास्थ्य इकाई द्वारा नामित स्टाफ के द्वारा प्रत्येक गर्भवती एवं प्रसूता महिला के पास कॉल सेंटर के द्वारा कॉल एवं टैक्स मैसेज भेजा जायेगा, जिसमें गर्भावस्था एवं प्रसव उपरान्त उनके खान-पान, देखभाल, औषधि सेवन आदि के बारे में जानकारी दी जाएगी।गर्भवती महिला के सातवे एवं आठवे माह पर प्रत्येक 15 दिवस में तथा नौवें माह पर प्रत्ये सप्ताह में 01 बार कॉल सेंटर से स्वास्थ्य सम्बन्धित सेवाओं का फाओअप किया जायेगा।यदि गर्भवती महिला एवं प्रसूता महिला स्वयं स्वास्थ्य सम्बन्धित जानकारी प्राप्त करना चाहे तो वह स्वयं अथवा उनके परिजन काल सेंटर के नम्बर पर काल करके जानकारी प्राप्त कर सकते है, परन्तु इस बात का विशेष ध्यान रखा जाये, कि कॉल सेंटर के नम्बर पर अभ्रदता व अमानवीय व्यवहार किया जाता है।तो उसके विरूद्ध नियमानुसार कानूनी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

## विधायक विवेक वर्मा ने लगाई चौपाल सुनी समस्याएं

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। बीसलपुर विधायक विवेक वर्मा ने ग्राम फिरसा चुरहा में लगाई चैपाल ग्राम चैपाल में उपस्थित ग्रामीणों को सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई तथा ग्रामीणों की समस्याओं को सुना गया। इस दौरान उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि पात्र ग्रामवासियों को सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाया जाना सुनिश्चित किया जाये। उन्होंने कहा कि गांव में झोपड़ी को चिन्हित करते हुये प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री आवास योजना से पात्रों को लाभान्वित किया जाए। जिससे कि जनपद को झोपडी मुक्त बनाया जा सके। इस मौके पर जिलाधिकारी,पुलिस अधीक्षक सुकीर्ति माधव,उप जिलाधिकारी बीसलपुर,जिला विकास अधिकारी, मुख्य चिकित्साधिकारी, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, तहसीलदार बीसलपुर,सर्वेश कुमार खण्ड विकास अधिकारी सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे है।

## शिवरतनगंज के दो गांवों से बेशकीमती चंदन के पेड़ चोरी

तिलोई अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना शिवरतनगंज क्षेत्र के दो गांवों में बेख़ौफ़ चोरों द्वारा लाखों रुपये के बेशकीमती चंदन के पेड़ काटकर उठा ले जाने का मामला सामने आया है। पीड़ितों ने पूरे घटनाक्रम से स्थानीय पुलिस को अवगत करा दिया है पुलिस ने मामले की छानबीन शुरु कर दी है। थाना क्षेत्र के कस्बा सेमरौता निवासी विनय कुमार त्रिपाठी पुत्र बाल कृष्ण त्रिपाठी के घर के पीछे लगे चंदन के पेड़ को काट कर चोर बेशकीमती लकड़ी उठा ले गये हैं लेकिन आसपास किसी को भनक तक नही लगी। इसी क्रम में गांव पूरे लक्ष्मन देई निवासी नीरज पाठक पुत्र विन्ध्येश्वर पाठक की बाग से बेख़ौफ़ चोर चंदन का पेड़ काटकर लकड़ी उठा ले गये। पीड़ितों द्वारा स्थानीय पुलिस को पूरे घटनाक्रम से अवगत कराया गया है। इस सम्बंध में थानाध्यक्ष दया शंकर मिश्रा ने बताया कि मामले की छानबीन की जा रही है।

## पुलिस ने तमंचा और कारतूस के साथ युवक को पकड़ा

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना मुसाफिरखाना पुलिस ने एक तमंचा व एक जिन्दा कारतूस के साथ एक युवक को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है ।पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. के निर्देश पर स्थानीय पुलिस द्वारा क्षेत्र में अपराध एवं अपराधियों की धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में शनिवार को थाना मुसाफिरखाना के प्रभारी निरीक्षक विवेक कुमार सिंह मय हमराह द्वारा तलाश वांछित, देखभाल क्षेत्र व चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मदन यादव पुत्र स्व. राम उजेर यादव निवासी ग्राम मठाभुसुण्डा थाना मुसाफिरखाना जनपद अमेठी उम्र करीब पैंतीस वर्ष को गिरफ्तार किया गया जिसकी तलाशी में कब्जे से एक तमंचा एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ है। इस सम्बंध में कोतवाली प्रभारी विवेक कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा पकड़े गये युवक के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया गया है।

## इन्हौना में दरवाजे पर खड़ी मोटर साइकिल चोरी

तिलोई अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना इन्हौना क्षेत्र के गांव पूरे भाऊदास मजरे सढ़ीया में बेखौफ चोरों द्वारा दरवाजे पर खड़ी मोटर साइकिल पार करने का मामला सामने आया है। पीड़ित वाहन स्वामी ने स्थानीय पुलिस को लिखित तहरीर सौंपी है लेकिन अपराध छिपाने में माहिर इन्हौना पुलिस ने मुकदमा दर्ज करना मुनासिब नही समझा है।थाना क्षेत्र के गांव पूरे भाऊ दास मजरे सढ़ीया निवासी अजय सिंह पुत्र शत्रोहन सिंह की मोटर साइकिल एच एफ डीलक्स यूपी 36 पी 4757 रोजाना की भांति उनके दरवाजे पर खडी थी। शुक्रवार की देर रात में बेखौफ चोरों द्वारा मोटर साइकिल को पार कर दिया गया।शनिवार की सुबह जब दरवाजे से मोटर साइकिल नदारद मिली तो कोहराम मच गया और खोजबीन शुरू की गई लेकिन पता नही चल सका तो शनिवार को वाहन स्वामी के पिता शत्रोहन सिंह ने स्थानीय थाने पहुंचकर पुलिस को लिखित तहरीर सौंपी है लेकिन पुलिस द्वारा देर शाम तक अभियोग दर्ज नही किया गया था।बेखौफ चोरों ने पुलिस की रात्रि गश्त की कलई खोलकर रख दी है और पुलिस की लचर कार्यशैली से इन दिनों क्षेत्र में चोरों की बल्ले बल्ले है।

## सपा नेता ने अधिकारियों को चेताया अपने विवेक से काम करने की कही बात

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। फार्म 7 के दुरुपयोग पर सपा कार्यकर्ताओं ने जताया रोष अधिकारी अपने विवेक से काम लें।सपा कार्यकर्ताओं ने फार्म सात के दुरुपयोग पर गहरा रोष जताया और जिम्मेदार अधिकारियों से अनुरोध किया कि विवेक से काम लें बेवजह लोगों को परेशान न करें सपा जिला सचिव तौफीक़ अहमद क़ादरी ने कहा कि लोग अनैतिक तरीके से फार्म सात का दुरुपयोग कर लोगों के नाम कटवाने का प्रयास कर रहे हैं। प्लानिंग के तहत कार्य किया जा रहा है ।लोगों के फर्जी नामों से आपत्ति कराई जा रही है।

## फर्जी आपत्ति दाखिल करने का आरोप, व्यापारी नेता विजयपाल विक्की ने जताई नाराजगी

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। नगर के व्यापारी नेता विजयपाल विक्की ने एक गंभीर मामले को लेकर नाराजगी जाहिर की है। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि मोहल्ला खानकाह के रहने वाले समुदाय विशेष के लोगों के नाम पर उनके नाम, मोबाइल नंबर और कथित हस्ताक्षर का दुरुपयोग कर फर्जी तरीके से आपत्ति दाखिल कर दी गई है। इस पूरे मामले की जानकारी उन्हें बिना किसी पूर्व सूचना के दी गई, जिससे वे बेहद आहत और आक्रोशित हैं। व्यापारी नेता विजयपाल विक्की ने शनिवार सुबह करीब 11 बजे बताया कि उन्हें फर्जी आपत्ति के संबंध में जानकारी मिली। जानकारी मिलते ही उन्होंने इसका कड़ा विरोध जताया और कहा कि यह उनकी छवि को धूमिल करने का प्रयास है। उन्होंने स्पष्ट किया कि उनके द्वारा न तो किसी प्रकार की कोई शिकायत दर्ज कराई गई है और न ही किसी आपत्ति पर उनके हस्ताक्षर किए गए हैं। इसके बावजूद उनके नाम और मोबाइल नंबर का इस्तेमाल कर आपत्ति दाखिल किया जाना गंभीर साजिश की ओर इशारा करता है।विजयपाल विक्की ने कहा कि इस तरह की हरकतें न केवल व्यक्तिगत छवि को नुकसान पहुंचाती हैं, बल्कि सामाजिक सौहार्द को भी प्रभावित कर सकती हैं। उन्होंने आशंका जताई कि जानबूझकर उन्हें बदनाम करने और विवाद में घसीटने की नीयत से यह फर्जीवाड़ा किया गया है। व्यापारी नेता ने मांग की है कि इस मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए और जिन लोगों ने उनके नाम का दुरुपयोग किया है, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। उन्होंने प्रशासन से अपील की कि ऐसे मामलों में गंभीरता बरती जाए, ताकि भविष्य में किसी भी व्यक्ति की पहचान और हस्ताक्षर का गलत इस्तेमाल न हो सके। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि वे अपने सम्मान और प्रतिष्ठा की रक्षा के लिए हर कानूनी कदम उठाने को तैयार हैं और वह इस संबंध में शपथ पत्र भी दे सकते है।

## गांव बुढिया जा इटौरिया में प्रधान के खिलाफ शिकायत पर ग्रामीणों को झूठे मुकदमों की धमकी

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। विकासखंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत बुढिया जा इटौरिया, निवासी ग्रामीणों ने शनिवार दोपहर 12 बजे जानकारी देते हुए बताया कि प्रधान के वित्तीय अनियमितता का आरोप लगाते हुए जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र दिया था। इसके बाद प्रधान पति कथित रूप से नाराज हो गए। आरोप है कि सामुदायिक शौचालय की केयर टेकर ने फोन पर धमकी दी कि यदि प्रधान के खिलाफ शिकायत वापस नहीं ली गई तो सचिन, ज्ञान प्रकाश, मनोज कुमार और पाती राम को एससी/एसटी एक्ट व बलात्कार के झूठे मुकदमों में फंसा दिया जाएगा। ग्रामीणों के पास धमकी की ऑडियो रिकॉर्डिंग होने का दावा किया गया है। ग्रामीणों ने दौवारा जिलाधिकारी से शिकायत कर उक्त लोगों के विरुद्ध नियम अनुसार कार्रवाई की मांग की है।

# यूजीसी नेट परीक्षा उत्तीर्ण कर आदर्श ने बढ़ाया क्षेत्र

कैनविज टाइम्स संवाददाता

दूबेपुर-सुलतानपुर। ब्लाक क्षेत्र के कुतुबपुर निवासी आदर्श पाण्डेय ने वर्ष 2026 में आयोजित यूजीसी नेट परीक्षा में सफलता प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उन्होंने कुल 300 अंकों में से 218 अंक प्राप्त कर सहायक प्राध्यापक (असिस्टेंट प्रोफ़ेसर) पद हेतु पात्रता हासिल कर ली है। आदर्श पाण्डेय की प्रारम्भिक शिक्षा महर्षि विद्या मन्दिर से हुई है। उन्होंने स्नातक अयोध्या के झुनझुनवाला महाविद्यालय से 2021 में उत्तीर्ण करने के बाद अर्थशास्त्र विषय से परास्नातक राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय मुख्य कैम्पस से 2023 में उत्तीर्ण



की। आदर्श पाण्डेय के पिता स्व0भरतलाल पाण्डेय भारतीय सेना से सेवानिवृत्त होने के बाद पूर्ति निरीक्षक के पद पर कार्यरत थे। वे हमेशा अपने बच्चों की शिक्षा दीक्षा पर विशेष ध्यान दिए । जिसके चलते बड़े पुत्र अविरल पाण्डेय ने भी यूजीसी की शोध अध्येतावृत्ति की परीक्षा भूगोल विषय से उत्तीर्ण कर शोधरत हैं। दो वर्ष पूर्व पिता के हृदयाघात से निधन हो जाने के बाद आदर्श पाण्डेय वर्तमान में जिला पूर्ति कार्यालय लिपिक के पद पर तैनात हैं। विपरीत परिस्थितियों में भी उन्होंने अध्ययन से मुख नहीं मोड़ा। जिसका सार्थक परिणाम सामने आया है। अपनी सफलता का श्रेय अपने पिता स्व0भरत लाल को देते हुए उन्होंने अपने बड़े भाई व माता का आभार जताया जिन्होंने उन्हें प्रेरित किया। उसने अपने परिजनों शुभेच्छुओं विभागीय अधिकारियों व सहकर्मियों का भी आभार जताया जो उन्हें हमेशा से प्रोत्साहित करते रहे हैं।

## सम्पादकीय

# प्रधानमंत्री का डर और संसद की गरिमा

संसद सत्र को सत्ता पक्ष की तरफ से ही बाधित करना, एक साथ विपक्ष के सौ से ज्यादा सांसदों का निलंबन, सदन के भीतर एक अल्पसंख्यक सांसद के लिए अपशब्दों का प्रयोग, पूर्व प्रधानमंत्रियों के लिए आपत्तिजनक भाषा का इस्तेमाल, महिला सांसदों के लिए अभद्र टिप्पणियां, संसद के भीतर रंगीन धुआं उड़ाना, संसद में हिंदू पंडितों से पूजा-पाठ करवाकर धर्मनिरपेक्षता की बलि चढ़ाना और सुबह सत्र संचालित करा रहे राज्यसभा सभापति का अचानक शाम को स्वास्थ्य कारणों से इस्तीफा और उन्हें औपचारिक विदाई तक न देना, मोदी सरकार में संसदीय परंपराओं और मर्यादा को किस तरह बार-बार तोड़ा गया, ये उसके चंद उदाहरण हैं। लेकिन अब तो संसदीय इतिहास को मुंह चिढ़ाते हुए मोदी सरकार ने एक ऐसा कारनामा कर दिखाया है, जिसका अगला पायदान तानाशाही ही लगता है।राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव प्रधानमंत्री और नेता प्रतिपक्ष की तरफ से चर्चा के बिना ही पारित करा दिया गया। पाठक जानते हैं कि 2 और 3 फरवरी को राहुल गांधी को सत्तापक्ष ने पूरा भाषण नहीं देने दिया। पूर्व सेनाध्यक्ष जनरल मनोद मुकुंद नरवणे की किताब के कुछ अंश कारवां पत्रिका में प्रकाशित हुए थे, जिसे राहुल गांधी ने सत्यापित करने के बाद उद्धृत करना चाहा लेकिन सत्ता पक्ष की टोकाटाकी के बाद लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला ने उन्हें नियम 349 का हवाला देते हुए अनुमति नहीं दी। इसके बाद राहुल गांधी ने कहा भी कि मैं बिना उद्धृत किए ही अपनी बात रखता हूं, लेकिन जैसे ही वे चीन पर बोलने लगे, सत्ता पक्ष की घबराहट देखकर आसंदी ने उन्हें बोलने नहीं दिया। इसके बाद विपक्ष के किसी सांसद ने भाषण नहीं दिया। राहुल गांधी तो सदन में बहादुरी के साथ डटे रहे, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी ने कायरता की नयी मिसाल देश के सामने पेश की। वे संसद आए और फिर वापस लौट गए। बुधवार शाम पांच बजे उनका भाषण लोकसभा में निर्धारित था, लेकिन लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला का कहना है कि उन्होंने ही प्रधानमंत्री को सदन में आने से मना किया था। उन्होंने बड़ा दावा करते हुए कहा कि ऐसा इसलिए किया गया क्योंकि कांग्रेस के सांसद उन पर शारीरिक हमला कर सकते थे। इस बीच हंगामे के चलते लोकसभा की कार्यवाही को शुक्रवार तक के लिए स्थगित कर दिया गया है। ओम बिड़ला ने कहा कि अगर कोई घटना हो जाती तो लोकतंत्र की मर्यादा तार-तार हो जाती। उसे टालने के लिए मैंने प्रधानमंत्री से आग्रह किया कि वह सदन में ही ना आएं। अंत में उनके ही भाषण के बिना ही धन्यवाद प्रस्ताव को मंजूर करने का फैसला हुआ। हालांकि संसद टीवी में दिख रहा है कि कांग्रेस की महिला सांसद राहुल गांधी को बोलने से रोकने का विरोध कर रही थीं और उनके हाथों में पोस्टर थे। उनका इरादा प्रधानमंत्री मोदी पर हमले का नहीं था। लेकिन अब उसी घटना की वजह से प्रधानमंत्री के बुधवार को लोकसभा में न आने की सफाई दी जा रही है।तो कहा जा सकता है कि प्रधानमंत्री मोदी हाथ में पोस्टर थामी हुई चंद महिला सांसदों से डर गए। लेकिन सोचने वाली बात यह है कि क्या सरकार ने इस पर कोई रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई है। किन-किन महिला सांसदों पर सरकार का आरोप है, और उन आरोपों के लिए सबूत क्या हैं, यह सब देश को मालूम होना चाहिए, क्योंकि सवाल नरेन्द्र मोदी नहीं प्रधानमंत्री की सुरक्षा का है। क्या इसके बाद अमित शाह और अजित डोभाल को अपने पदों से इस्तीफा नहीं दे देना चाहिए, क्योंकि जो संसद में प्रधानमंत्री को सुरक्षित न रख पाएं, वो देश की सुरक्षा का क्या खाक करेंगे। वैसे यह भी शायद पहली बार ही होगा कि प्रधानमंत्री की सुरक्षा पर संसद के भीतर ही खतरा बने। नरेन्द्र मोदी को अब देश के सामने एक सूची सौंप ही देनी चाहिए कि उन्हें किन-किन बातों से डर लगता है।

# बदलता बांग्लादेश, बढ़ता भारत-विरोध

**भारत और बांग्लादेश के रिश्तों की पृष्ठभूमि ऐतिहासिक और भावनात्मक रही है। साल 1971 के युद्ध में भारत ने प्रत्यक्ष सैन्य और कूटनीतिक सहयोग देकर बांग्लादेश के निर्माण में निर्णायक भूमिका निभाई थी। यही कारण है कि दशकों तक दोनों देशों के बीच आपसी भरोसे का रिश्ता बना रहा। शेख हसीना के नेतृत्व में साल 2009 से 2023 के बीच भारत और बांग्लादेश के संबंध अपने सबसे मजबूत दौर में पहुंचे। इस अवधि में दोनों देशों के बीच व्यापार कई गुना बढ़ा, सीमा विवादों का समाधान हुआ और आतंकवाद के खिलाफ संयुक्त कार्रवाई को मजबूती मिली। आंकड़ों के अनुसार, भारत और बांग्लादेश के बीच द्विपक्षीय व्यापार साल 2009 में लगभग 3 अरब डॉलर था, जो साल 2022-23 तक बढ़कर करीब 18 अरब डॉलर तक पहुंच गया। भारत, बांग्लादेश का दूसरा सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार बन गया। भारत ने बांग्लादेश को लगभग 8 अरब डॉलर की लाइन ऑफ क्रेडिट भी दी, जिसके तहत सड़क, रेलवे, ऊर्जा और बंदरगाह परियोजनाओं पर काम हुआ। इसके अलावा, सीमा समझौते के तहत साल 2015 में 162 एन्क्लेवों का आदान-प्रदान किया गया, जो दशकों पुराने विवाद का शांतिपूर्ण समाधान था लेकिन सत्ता परिवर्तन के बाद यह पूरा समीकरण तेजी से बदलता दिखाई दे रहा है। शेख हसीना के हटने और उनके भारत में शरण लेने की घटना ने बांग्लादेश की राजनीति में भारत को सीधे एक विवादित मुद्दा बना दिया है। जमात-ए-इस्लामी और बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) जैसे राजनीतिक दल हसीना को वापस भेजने की लगातार मांग कर रहे हैं। इस मांग को केवल एक कानूनी या राजनीतिक मुद्दे के रूप में नहीं देखा जा रहा बल्कि इसे भारत के खिलाफ राष्ट्रीय अस्मिता से जोड़कर पेश किया जा रहा है।**

दक्षिण एशिया की राजनीति में बांग्लादेश हमेशा से भारत का महत्वपूर्ण और संवेदनशील पड़ोसी रहा है। साल 1971 के मुक्ति संग्राम से लेकर पिछले एक दशक तक दोनों देशों के रिश्ते सहयोग, विश्वास और साझा हितों की मजबूत नींव पर खड़े रहे, किंतु हालिया राजनीतिक घटनाक्रम विशेषकर शेख हसीना के सत्ता से हटने, उनके भारत आने और अंतरिम सरकार के गठन ने इस संतुलन को बुरी तरह प्रभावित किया है। अब 12 फरवरी को होने वाले आम चुनाव से पहले बांग्लादेश में भारत-विरोध एक बड़ा राजनीतिक मुद्दा बनकर उभर रहा है, इससे क्षेत्रीय स्थिरता को लेकर नई चिंताएं पैदा हो गई हैं। भारत और बांग्लादेश के रिश्तों की पृष्ठभूमि ऐतिहासिक और भावनात्मक रही है। साल 1971 के युद्ध में भारत ने प्रत्यक्ष सैन्य और कूटनीतिक सहयोग देकर बांग्लादेश के निर्माण में निर्णायक भूमिका निभाई थी। यही कारण है कि दशकों तक दोनों देशों के बीच आपसी भरोसे का रिश्ता बना रहा। शेख हसीना के नेतृत्व में साल 2009 से 2023 के बीच भारत और बांग्लादेश के संबंध अपने सबसे मजबूत दौर में पहुंचे। इस अवधि में दोनों देशों के बीच व्यापार कई गुना बढ़ा, सीमा विवादों का समाधान हुआ और आतंकवाद के खिलाफ संयुक्त कार्रवाई को मजबूती मिली। आंकड़ों के अनुसार, भारत और बांग्लादेश के बीच द्विपक्षीय व्यापार साल 2009 में लगभग 3 अरब डॉलर था, जो साल 2022-23 तक बढ़कर करीब 18 अरब डॉलर तक पहुंच गया। भारत, बांग्लादेश का दूसरा सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार बन गया। भारत ने बांग्लादेश को लगभग 8 अरब डॉलर की लाइन ऑफ क्रेडिट भी दी, जिसके तहत सड़क, रेलवे, ऊर्जा और बंदरगाह परियोजनाओं पर काम हुआ। इसके अलावा, सीमा समझौते के तहत साल 2015 में 162 एन्क्लेवों का आदान-प्रदान किया गया, जो दशकों पुराने विवाद का शांतिपूर्ण समाधान था लेकिन सत्ता परिवर्तन के बाद यह पूरा समीकरण तेजी से बदलता दिखाई दे रहा है। शेख हसीना के हटने और उनके भारत में शरण लेने की घटना ने बांग्लादेश की राजनीति में भारत को सीधे एक विवादित मुद्दा बना दिया है। जमात-ए-इस्लामी और बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) जैसे राजनीतिक दल हसीना को वापस भेजने की लगातार मांग कर रहे हैं। इस मांग को केवल एक कानूनी या राजनीतिक मुद्दे के रूप में नहीं देखा जा रहा बल्कि इसे भारत के खिलाफ राष्ट्रीय अस्मिता से जोड़कर पेश किया जा रहा है। इसी के साथ, बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों पर हमलों की घटनाएं भी चिंता का विषय बन गई हैं। बांग्लादेश की कुल आबादी लगभग 17 से 18 करोड़ के बीच है, जिसमें हिंदुओं की संख्या लगभग 1.3 से 1.5 करोड़ मानी जाती है, यानी करीब 8-9 प्रतिशत। पिछले कुछ वर्षों में दुर्गा पूजा के दौरान मंदिरों पर हमलों, मूर्तियों को तोड़ने और संपत्तियों को नुकसान पहुंचाने की कई घटनाएं सामने आई हैं। कुछ मानवाधिकार संगठनों की रिपोर्ट के अनुसार, साल 2021 से 2025 के बीच ऐसे मामलों में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई। इस बीच 100 से अधिक टारगेटेड हिंदू हत्याएं की गईं। इस्लामी अतिवादियों द्वारा घर जलाने, संपत्ति हड़पने और उसे नुकसान पहुंचाने की घटनाओं की बात करें तो आंकड़े बहुत भयंकर हैं, यह 10000 को पार कर चुके हैं। हालांकि अंतरिम सरकार इन घटनाओं को सांप्रदायिक हिंसा मानने से बचती रही है और उन्हें व्यक्तिगत विवाद या स्थानीय झगड़ों का परिणाम बताती रही है, लेकिन इन घटनाओं से भारत में यह धारणा मजबूत हो रही है कि बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों की सुरक्षा कमजोर हो रही है और सरकार इस मुद्दे को गंभीरता से नहीं ले रही। अंतरिम सरकार के प्रमुख डॉ. मोहम्मद यूनुस और उनके सलाहकारों के हालिया बयानों ने भी भारत-बांग्लादेश संबंधों में दूरी की झलक दिखाई है। कई मौकों पर यह कहा गया कि बांग्लादेश को किसी छोटे देश की तरह न समझा जाए और वह अपनी स्वतंत्र विदेश नीति चलाने में सक्षम है। कुछ बयानों में यह भी संकेत दिया गया कि बांग्लादेश की आबादी और सामरिक स्थिति उसे क्षेत्र में एक मजबूत देश बनाती है। ऐसे में वह भारत से हर मोर्चे पर निपटने के लिए तैयार है- इस तरीके की सोच भारत को अप्रत्यक्ष रूप से धमकी देना भी है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि चुनाव से पहले इस तरह की बयानबाजी इस्लामी जिहादियों और कट्टर वादियों को भावनाओं को उभारने के लिए की जा रही है। भारत के खिलाफ लिए जा रहे कुछ अन्य फैसले और रुख भी इसी बदलाव की ओर इशारा करते हैं। व्यापारिक समझौतों की समीक्षा की बात उठ रही है। सीमा प्रबंधन को लेकर सख्ती बढ़ाई गई है। कुछ राजनीतिक संगठनों ने भारत के खिलाफ जनसभाएं और अभियान भी शुरू किए हैं। यह माहौल धीरे-धीरे ऐसे राजनीतिक नैरेटिव को जन्म दे रहा है जिसमें भारत को एक बाहरी प्रभाव और शत्रुदेश के रूप में प्रस्तुत किया जा रहा है। इस पूरे घटनाक्रम का एक बड़ा पहलू धार्मिक और सामाजिक पहचान की राजनीति भी है। बांग्लादेश के संविधान में लंबे समय से धर्मनिरपेक्षता और इस्लामी पहचान के बीच संतुलन बना हुआ था लेकिन अब इस विषय पर नई बहस शुरू हो गई है। कुछ कट्टरपंथी संगठन देश को अधिक इस्लामी पहचान देने की बात कर रहे हैं, हालांकि अंतरिम सरकार ने साफ किया है कि शरिया कानून लागू करने की कोई योजना नहीं है। फिर भी अल्पसंख्यक संगठनों और नागरिक समाज के प्रतिनिधियों के खिलाफ दिए जा रहे तीखे बयान सामाजिक तनाव को बढ़ा रहे हैं। जब हिंदू-बौद्ध-क्रिश्चियन समुदाय से जुड़े संगठनों को राजनीतिक रूप से निशाना बनाया जाता है तब इससे देश के भीतर असुरक्षा का माहौल बनना स्वभाविक है। इसका असर भारत में भी महसूस किया जा रहा है क्योंकि दोनों देशों के बीच सांस्कृतिक और पारिवारिक संबंध गहरे हैं। भारत के लिए यह स्थिति कूटनीतिक रूप से बेहद चुनौतीपूर्ण है। एक तरफ वह अपने पड़ोसी देश के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप नहीं करना चाहता, दूसरी तरफ उसे वहां रहने वाले हिंदुओं की सुरक्षा को लेकर चिंता भी है। इसके अलावा, भारत के पूर्वोत्तर राज्यों के लिए बांग्लादेश एक महत्वपूर्ण संपर्क मार्ग है। भारत-बांग्लादेश के बीच लगभग 4096 किलोमीटर लंबी सीमा है जोकि भारत की सबसे लंबी अंतरराष्ट्रीय सीमाओं में से एक है। इस सीमा की स्थिरता भारत की सुरक्षा के लिए बेहद जरूरी है। आर्थिक दृष्टि से भी दोनों देश एक-दूसरे पर निर्भर हैं। बांग्लादेश भारत से पेट्रोलियम उत्पाद, कपास, मशीनरी और खाद्य सामग्री का बड़ा आयातक है। वहीं, भारत के लिए बांग्लादेश एक बड़ा निर्यात बाजार है। यदि राजनीतिक तनाव बढ़ता है तो इसका असर दोनों देशों के व्यापार पर पड़ सकता है। 12 फरवरी के चुनाव इस पूरे परिदृश्य को तय करने में अहम भूमिका निभा सकते हैं। यदि चुनाव के बाद ऐसी सरकार बनती है जो भारत के साथ संतुलित और सहयोगपूर्ण संबंध बनाए रखना चाहती है, तो वर्तमान तनाव कम हो सकता है। लेकिन यदि भारत-विरोधी राजनीति को जनसमर्थन मिलता है तो आने वाले वर्षों में संबंधों में और खटास आ सकती है। यह भी सच है कि बांग्लादेश अपनी राष्ट्रीय पहचान और स्वतंत्र नीति को मजबूत करने की कोशिश कर रहा है। हर देश का यह अधिकार है कि वह अपनी विदेश नीति तय करे। लेकिन जब यह प्रक्रिया पड़ोसी देशों के खिलाफ तीखी बयानबाजी और नकारात्मक राजनीतिक अभियान के रूप में सामने आती है तो इससे क्षेत्रीय स्थिरता प्रभावित होती है। फिर यह स्थिति केवल भारत और बांग्लादेश के रिश्तों का सवाल नहीं है बल्कि पूरे दक्षिण एशिया की स्थिरता का भी मुद्दा है। यदि दोनों देशों के बीच अविश्वास बढ़ता है तो इसका असर क्षेत्रीय सुरक्षा, व्यापार और विकास पर पड़ेगा। वस्तुतः आज की स्थिति यह संकेत दे रही है कि भारत और बांग्लादेश के रिश्ते नए मोड़ पर खड़े हैं। यह मोड़ सहयोग और साझेदारी की ओर भी जा सकता है और टकराव की दिशा में भी। आने वाले चुनाव और उसके बाद बनने वाली सरकार इस बात को तय करेगी कि दक्षिण एशिया के ये दो महत्वपूर्ण पड़ोसी किस रास्ते पर आगे बढ़ेंगे। फिलहाल बांग्लादेश की अंतरिम सरकार की तरफ से बार-बार भारत विरोध की कोशिश हो रही है, इससे नुकसान भारत की तुलना में बांग्लादेश का अधिक है। यह बात उसे अभी समझ नहीं आ रही। वह अभी पाकिस्तान और चीन की गोद में खेल रहा है, यह सभी को दिखाई दे रहा है। बांग्लादेश में हिंदुओं की हालत भयंकर रूप से खराब है और उनके सामने जीवन का संकट बना हुआ है। ऐसे में भारत सरकार का यह दायित्व है कि वह अपनी जिम्मेदारी को समझे, कम से कम 1947 में हुआ भारत विभाजन इस शर्त पर तो नहीं हुआ था कि जो जहां है वह अल्पसंख्यक होने के नाते वहाँ प्रताड़ित किया जाएगा और उसके प्रति बार-बार हिंसा घटेगी इसलिए भारत सरकार की ओर से सख्त निर्णय लेना आज के समय की जरूरत है, जिसे बिना किसी देरी के केंद्र की मोदी सरकार को बांग्लादेश के प्रति लेना चाहिए।

# भेदभाव का पहला परिचय प्रपत्र

**डॉ. सुधाकर आशावादी**

**पचास प्रतिशत मिश्रित सूची, जिसमें जातीय आधार की कोई भूमिका नहीं थी। हर जाति, हर वर्ग सामान्य सूची में दावेदार था। उसके उपरांत अन्य पिछड़ा वर्ग, अनुसूचित जाति/जनजाति के अभ्यर्थियों के फार्म वर्ग के अनुसार अलग किये जाते थे। सामान्य वर्ग के फार्म एक ओर रख दिए जाते थे।**

प्राथमिक विद्यालय से लेकर उच्च शिक्षा संस्थान तक जितने भी प्रवेश फार्म भरे गए , सभी में कॉलम लगभग समान थे - नाम / पिता का नाम / पता / अभिभावक का नाम/ धर्म / जाति / वर्ग ( सामान्य , अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति/ अन्य पिछड़ा वर्ग ) प्रारंभ में यह समझ नहीं आया, कि जाति के कॉलम में जाति लिखना अनिवार्य है या नहीं। फिर भी सभी कॉलम में लिखा करते थे - अमुक धर्म, अमुक जाति,अमुक वर्ग। इसका सही उद्देश्य बाद में समझ आया, कि जब प्रवेश फार्म के आधार पर प्रवेश प्रक्रिया में सुपात्र प्रवेशार्थियों की सूची बनाने में जाति की भूमिका स्पष्ट हुई। पचास प्रतिशत मिश्रित सूची, जिसमें जातीय आधार की कोई भूमिका नहीं थी। हर जाति, हर वर्ग सामान्य सूची में दावेदार था। उसके उपरांत अन्य पिछड़ा वर्ग, अनुसूचित जाति/जनजाति के अभ्यर्थियों के फार्म वर्ग के अनुसार अलग किये जाते थे। सामान्य वर्ग के फार्म एक ओर रख दिए जाते थे। बहरहाल प्रवेश सूची बनाने वाली समिति विघटनकारी प्रयोगशाला में जाति, धर्म के नाम पर बंटवारा किया करती थी। उसके उपरांत प्रवेश सूची जारी की जाती थी, जिसमें स्पष्ट लिखा होता था। प्रवेश सूची सामान्य वर्ग , प्रवेश सूची - अन्य पिछड़ा वर्ग , प्रवेश सूची अनुसूचित जाति , अनुसूचित जनजाति, एक अरसे बाद इस सूची में दुर्बल आय वर्ग को जोड़ दिया गया। इसके उपरांत प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ होती है। जातीय आधार पर प्रवेश के लिए फीस का ढांचा भी अलग।सामान्य व पिछड़ा वर्ग के लिए अलग, अनुसूचित जाति व जनजाति के लिए अलग। उसके उपरांत छात्रवृत्ति का खेल प्रारंभ होता है। बैंक में खाते खोले जाते हैं। कुछ तो प्रवेश ही छात्रवृत्ति लेने के लिए लेते हैं। विद्यालय में कक्षा से उन्हें कोई सरोकार नहीं होता। केवल तीन बार विद्यालय में उनके दर्शन होते हैं, प्रथम बार प्रवेश लेने के लिए, दूसरी बार छात्रवृत्ति के फ़ार्म भरने के लिए, तीसरी बार परीक्षा देने के लिए, उसकी भी कोई गारंटी नहीं होती, कि परीक्षा देंगे भी या नहीं। यदि संयोग से परीक्षा दे भी दी तथा उनके कम अंक आए, तो सीधा आरोप लगाते हैं, अध्यापक उनसे वैमनस्य रखता है, प्रेक्टिकल और वायवा में उन्हें प्रथम श्रेणी के अंक नहीं दिए गए। यह अध्यापक का जातिगत पूर्वाग्रह है। बहरहाल जो भी हो, समाज को बांटने में प्रवेश फार्म में जातीय कॉलम का मुख्य स्थान होता है। यदि जातीय कॉलम और जाति आधारित छात्रवृत्ति का लुभावना लालच न हो, तो जातीय कॉलम की पूर्ति अनिवार्य भी नहीं होती, फिर भी सब चलता है। जातीय कॉलम ही है, जो भेदभाव की प्रयोगशाला के आंकड़े जारी करता है। इन आँकड़ों के आधार पर भविष्य में भेदभाव का आधार तैयार करता है। जातीय नेताओं को नेतागिरी करने का आधार प्रदान करता है। उन प्रावधानों को लागू करने के लिए राजनीति का हथियार बनता है, कि किसी को भी फर्जी और झूठी शिकायत करके उत्पीडित करो तथा भयमुक्त होकर झूठी शिकायतें करके समाज में भेदभाव बढ़ाते रहो, क्योंकि झूठी शिकायतों पर दण्ड का कोई प्रावधान नहीं होता। यही प्रयोगशाला का परीक्षण निष्कर्ष है, जिसके आधार पर सियासत फलती है, फूलती है, अपने मतानुसार कार्य करने की छूट प्रदान करती है, जिसमें केवल भीड़ का समर्थन एवं विरोध सर्वोपरि होता है। तर्क और न्याय का कोई स्थान नहीं होता।

## सेहत मंत्र

# स्वास्थ्य सुरक्षा के लिए आहार-विहार की सुव्यवस्था

सरकारी कानूनों की तरह प्रकृति के भी कानून हैं। जिस प्रकार राज्य के कानूनों को तोडऩे वाले अपराधी जेल की यातना भोगते हैं, वैसे ही प्रकृति के कानूनों की अवज्ञा का स्वेच्छाचार बरतने वाले व्यक्ति बीमारियों का कर्ष्ट सहते हैं और अशक्त, दुर्बल बने रहते हैं। परिस्थितिवश कभी-कभी संयमी लोगों को भी शारीरिक कर्ष्ट भोगने पड़ते हैं, पर 90 प्रतिशत शारीरिक कर्ष्टों में हमारी बुरी आदतें और अनियमितता ही प्रधान कारण होती है। अस्वस्थता का कारण असंयम एवं अनियमितता ही है। प्रकृति के आदेशों का उल्लंघन करने के दंडस्वरूप ही हमें बीमारी और कमजोरी का कर्ष्ट भुगतना पड़ता है। सृर्ष्टि के सभी जीव-जंतु निरोग रहते हैं। अन्य पशु और उन्मुक्त आकाश में विचरण करने वाले पक्षी यहां तक कि छोटे-छोटे कीट-पतंगे भी समय आने पर मरते तो हैं पर बीमारी और कमजोरी का कर्ष्ट नहीं भोगते। जिन पशुओं को मनुष्य ने अपने बंधन में बांधकर अप्राकृतिक रहन-सहन के लिए जितना विवश किया है, उतनी अस्वस्थता का त्रास उन्हें भोगना पड़ता है, अन्यथा रोग और दुर्बलता नाम की कोई वस्तु इस संसार में नहीं है। उसे तो हम स्वेच्छाचार बरतकर स्वयं ही बुलाया करते हैं। यदि संयम और नियमितता की नीति अपना ली जाए तो फिर न बीमारी रहे और न कमजोरी। अपनी आदतें ही संयमशीलता और आहार-विहार में व्यवस्था रखने की बनानी होंगी। स्वास्थ्य निर्माण में जिसे जितनी सफलता मिलेगी, वह उतना ही आरोग्य-लाभ का आनंद भोग सकेगा। इसके लिए आवश्यक सूत्र हैं- दो बार भोजन : भोजन दोपहर और शाम को दो बार ही किया जाए। प्रातः दूध, छाछ, रस, सूप आदि हल्का पेय पदार्थ लेना पर्याप्त है। बार-बार खाते रहने की आदत बिलकुल छोड़ देनी चाहिए। भोजन को ठीक तरह चबाया जाए : भोजन इतना चबाना चाहिए कि वह सहज ही गले से नीचे उतर जाए। उसकी आदत ऐसे डाली जा सकती है कि रोटी अकेली, बिना साग के खाएं और साग अलग से खाएं। साग के साथ गीली होने पर रोटी कम चबाने पर ही गले से नीचे उतर जाती है पर यदि उसे बिना साग के खाया जा रहा है तो उसे बहुत देर तक चबाने पर ही गले से नीचे उतारा जा सकेगा। यह बात अभ्यास के लिए है। जब आदत ठीक हो जाए तो साग मिलाकर भी खा सकते हैं।

## धर्म मंत्र

# भगवान विष्णु और सुदर्शन चक्र

वैदिक समय से ही भगवान विष्णु संपूर्ण विश्व की सर्वोच्च शक्ति और नियन्ता के रूप में मान्य रहे हैं। पुराणों में भगवान विष्णु को विश्व का पालनहार कहा गया है। उनके बारे में ये तो सब जानते हैं कि उनके चार हाथ हैं जिसमें वह अपने नीचे वाले बाएं हाथ में पद्म(कमल), अपने नीचे वाले दाहिने हाथ में गदा(कौमोदकी), ऊपर वाले बाएं हाथ में शंख और अपने ऊपर वाले दाहिने हाथ में सुदर्शन चक्र धारण करते हैं। भगवान विष्णु के पास सुदर्शन चक्र आने के पीछे एक पौराणिक कथा है, जिसका उल्लेख पुराणों में भी मिलता है। कहा जाता है कि एक बार भगवान विष्णु कार्तिक शुक्ल चतुर्दशी को शिवजी का पूजन करने के लिए काशी आए जहां मणिकर्णिका घाट पर स्थान करके उन्होंने 1000 स्वर्ण कमल फूलों से भगवान शिव की पूजा का संकल्प लिया। अभिषेक के बाद जब भगवान विष्णु पूजा करने लगे तो शिवजी ने उनकी भक्ति की परीक्षा लेने के लिए एक कमल का फूल कम कर दिया। अब चूंकि भगवान विष्णु को अपने संकल्प की पूर्ति के लिए 1000 कमल के फूल चढ़ाने थे, इसलिए उन्होंने सोचा कि मेरी आंखें ही कमल के समान हैं, इसलिए तो मुझे कमल नयन और पुण्डरीकाक्ष कहा जाता है। एक कमल के फूल के स्थान पर मैं अपनी आंख ही चढ़ा देता हूं। ऐसा सोचकर भगवान विष्णु जैसे ही अपनी आंख भगवान शिव को चढ़ाने के लिए तैयार हुए, वैसे ही शिवजी प्रकट होकर बोले, 'हे विष्णु, आपके समान संसार में कोई दूसरा मेरा भक्त नहीं है। आज की यह कार्तिक शुक्ल चतुर्दशी अब से बैकुंठ चतुर्दशी के नाम से जानी जाएगी। इस दिन व्रत पूर्वक जो पहले आपका और बाद में मेरा पूजन करेगा, उसे बैकुंठ लोक की प्राप्ति होगी।

## पर्यटन



# सपनों की उड़ान जैसी बुल्गारिया की सैर, खूबसूरती ही नहीं यहां का आर्किटेक्चर भी है लाजवाब

मैदान, पहाड़, घाटी, संकरे रास्तों व नदियों का देश है बुल्गारिया। यहां की सबसे बड़ी नदी है इस्कर और सबसे बडी लेक बुर्गस है। आपको जानकर हैरानी भी होगी कि इस देश में करीब 540 नदियां बहती हैं। एक टैक्सी से हम वारना में होटल पैनोरमा पहुंचे। सुनने में अजीब लगता है, लेकिन सच में वहां तक की ड्राइव मन मोह लेने वाली थी। हरे-भरे खेतों, साफ-सुथरी सड़कों और सुरजमूखी के हजारों फूलों के बीच स्टोन फॉरेस्ट तक जाने का रास्ता बेहद मनमोहक था। साथ ही, मन में उतावलापन था कि पत्थरों का जंगल कैसा होगा? स्टोन फॉरेस्ट पहुंचकर सदियों पुराने पत्थर और प्राकृतिक जमीनी सुंदरता और कलात्मकता को देखकर हैरान थे। पेड़, मिट्टी, जंगली पौधे और पत्थरों का यह जंगल पहले एक समुद्र था। पत्थर के खंभों से पटा हुआ यह जंगल बड़े क्षेत्र में फैला हुआ है। यहां का वातावरण बहुत ही साफ और सुंदर है। खूबसूरत फूल-पौधे चारों तरह हरियाली बिखेरते बड़े मनोरम लगते हैं। वारना शहर में घूमते हुए हमारी नजर यहां बने घरों पर पड़ी। बहुत ही सुंदर अपार्टमेंट बने हैं। बुल्गारियाई आर्किटेक्चर बहुत सुंदर, आकर्षक और प्रभावी हैं। बातों-बातों में हम कब वारना पार्क पहुंच गए पता ही नहीं चला। इस पार्क की खासियत है कि आप गार्डन के साथ-साथ बाजार भी घूम लेते हैं। यहां रेस्टोरेंट्स में तुर्की व बुल्गारियाई व्यंजन काफी पसंद किए जाते हैं। अगली सुबह हमें बल्चिक-कलियाकारा जाना है, जो वारना के पास ही बसा एक कस्बा है। यह ब्लैक सी के पास ही स्थित है। कलियाकारा केप पहुंचने पर हमें यहां एक आर्कियोलॉजिकल साइट भी देखने को मिली, जो एक म्यूजियम की तरह है। यह एक तरह से यहां की सभ्यता का प्रतीक है। इस म्यूजियम में हजारों साल पुरानी सभ्यता की निशानियां रखी हैं। इनमें बर्तन, हथियार जैसी बहुत सारी चीजें देखने को मिलती हैं। ये सामान खुदाई के दौरान मिले थे। अब इस साइट को टूरिस्ट स्पॉट के रूप में विकसित किया गया है। यहां एक लंबी वॉक के बाद महसूस होता है कि जरूर जीवन यहां कई हजार साल पहले भी रहा होगा। इस तरह के चिन्ह इस वॉक के दौरान देखने को मिलते हैं।

# बजट पर चर्चा, समरसता भोज में विकास की चर्चा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

## काली मंदिर के लिए एक करोड़ मंजूर : साकेन्द्र




फतेहपुर, बाराबंकी।कुर्सी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम भटपुरवा में भूमि विकास बैंक चेयरमैन विपुल बैसवार द्वारा आयोजित केंद्रीय बजट पर चर्चा एवं समरसता भोज कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत ने अपने विचार रखें।कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में देश में विकास कार्य हो रहे हैं। विधायक साकेंन्द्र प्रताप वर्मा ने बताया कि कोरोना महामारी के कठिन समय में भी सरकार ने गांवों के विकास को रुकने नहीं दिया। वर्ष 2017 से पहले ग्राम प्रधानों को विकास कार्यों में पर्याप्त अधिकार नहीं थे, लेकिन भाजपा सरकार ने ग्राम स्तर पर विकास को बढ़ावा दिया है। आज गांवों में इंटरलॉकिंग, आर सीसी सड़कें और अन्य पक्के निर्माण कार्य तेजी से हुए हैं, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों का कायाकल्प हुआ है। विधायक वर्मा ने बताया कि कि वर्तमान बजट में ग्रामीण क्षेत्रों के लिए विशेष प्रावधान किए गए हैं, जिनमें 19 हजार करोड़ रुपये की सड़क परियोजनाएं शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, गौरा करौंदी स्थित काली मंदिर के विकास हेतु पर्यटन विभाग द्वारा एक करोड़ की स्वीकृति दी है। इस मौकेपर गुरूशरण लोधी, योगेंद्र पटेल, प्रांजलसिंह, अनुपम वर्मा, महंत हेमंत दास, अनुपम निगम, करुणा शंकर शुक्ल, सूरज यादव, विजय यादव, देशराज वर्मा सहित तमाम प्रधान एवं भाजपाई उपस्थित रहे।

# संपूर्णता: अभियान-दो का भव्य आगाज

कैनविज टाइम्स संवाददाता



निंदूरा बाराबंकी। विकासखंड क्षेत्र के स्थानीय राजकीय इंटर कॉलेज में शनिवार को संपूर्णता अभियानऽदो का भव्य शुभारंभ हुआ। मुख्य अतिथि कुर्सी विधायक साकेंद्र प्रताप वर्मा ने दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। कार्यक्रम के दौरान विधायक साकेंद्र प्रताप वर्मा ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टालों का गहन अवलोकन किया। बाल विकास परियोजना विभाग के स्टॉल पर पहुँचकर उन्होंने पोषण वाटिका को लेकर अधिकारियों से विस्तृत जानकारी ली। विधायक ने स्पष्ट शब्दों में सवाल किया कि स्टॉल पर प्रदर्शित सब्जियों की खेती वास्तव में पोषण वाटिकाओं में हो भी रही है या नहीं, या केवल कागजी खानापूर्ति की जा रही है। निरीक्षण के दौरान विधायक ने सीडीपीओ अरुण कुमार पांडे को निर्देश देते हुए कहा कि प्रत्येक पोषण वाटिका में सहजन का पौधा अनिवार्य रूप से लगाया जाए और इसकी जियो-टैग फोटो भी उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने दो टूक कहा कि वे स्वयं मौके पर जाकर यह सत्यापन करेंगे कि सहजन के पौधे वास्तव में लगाए गए हैं या नहीं। साथ ही उन्होंने विकासखंड क्षेत्र में वर्तमान में मौजूद कुष्ठ रोगियों की संख्या की भी जानकारी प्राप्त की।

अपने संबोधन में विधायक श्री वर्मा ने कहा कि आकांक्षी ब्लॉक के अंतर्गत तीन विभागों से जुड़े कुल छह संकेतकों की संपूर्णता तभी संभव है, जब सभी विभाग आपसी समन्वय और एकजुटता के साथ कार्य करें। उन्होंने कहा कि जनता की सेवा का जो अवसर हम सभी को मिला है, उसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि निर्माण कार्य कराना ही पर्याप्त नहीं, बल्कि उन्हें सुव्यवस्थित और सुचारू रूप से संचालित रखना विभागों के साथ-साथ हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।

विधायक ने कार्यक्रम में उपस्थित जनों को उनके दायित्व का बोध कराया। इससे पूर्व खंड विकास अधिकारी आलोक वर्मा ने बताया कि अभियान-एक में कुल छः संकेतक निर्धारित किए गए थे।, जिनमें से तीन संकेतकों में विकासखंड ने संपूर्णता प्राप्त की थी और प्रदेश स्तर पर विकासखंड को पांचवां स्थान प्राप्त हुआ था।

खंड विकास अधिकारी ने बताया कि संपूर्णता अभियानऽदो के अंतर्गत तीन विभागों से संबंधित छह इंडिकेटर तय किए गए हैं। इनमें सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर स्वच्छ पेयजल एवं शौचालय की उपलब्धता, सभी प्राथमिक विद्यालयों में बालिका शौचालय की व्यवस्था तथा प्रत्येक 40 बालिकाओं पर एक शौचालय की अनिवार्यता शामिल है। विकासखंड में मात्र 40 विद्यालय ऐसे शेष हैं, जहां लक्ष्य अभी पूरा नहीं हो पाया है, जिसे शीघ्र ही पूर्ण कर लिया जाएगा। कार्यक्रम में प्रदीप रावत, सुनील विश्वकर्मा, श्रीश रावत, नीरज कुमार, नीरज यादव, सीडीपीओ अरुण कुमार पांडे, सीएम फ़ेलो डॉ. अलकमा बानो, मुकेश सिंह, खंड विकास अधिकारी आलोक वर्मा, खंड शिक्षा अधिकारी सुषमा सेंगर, अरुण सिंह, राजन सिंह, मिथुन सिंह, सत्येंद्र सिंह, एडीओ कृषि हरि प्रकाश चौधरी सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## स्कूल के बगल में गंदा नाला बच्चों की जान से खिलवाड़ कर रहा प्रशासन

सुलतानपुर । मोहल्ला लाला का पुरवा में गंदगी और खुले नाले की स्थिति बेहद चिंताजनक हो गई हैं नाले के बिल्कुल बगल में स्कूल स्थित हैं जहां से रोज़ाना सैकड़ों बच्चे आते-जाते हैं नाले में प्लास्टिक, बोतलें, सड़ा हुआ कचरा और गंदा पानी भरा हुआ हैं जिससे पूरे इलाके में बदबू फैली रहती हैं। स्थानीय लोगों का कहना हैं कि स्कूल जाने वाले बच्चों को इसी गंदगी के पास से होकर गुजरना पड़ता हैं इससे डेंगू, मलेरिया, टाइफाइड त्वचा रोग और पेट की बीमारियों का खतरा लगातार बढ़ रहा हैं। कई अभिभावकों को डर है कि यदि जल्द सफाई नहीं कराई गई तो बच्चे गंभीर रूप से बीमार हो सकते हैं बारिश के समय नाला ओवरफ्लो हो जाता हैं जिससे गंदा पानी रास्ते पर फैल जाता हैं फिसलन और गहराई के कारण किसी हादसे की आशंका भी बनी रहती हैं इसके बावजूद नगर पालिका की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया हैं। स्थानीय निवासियों और अभिभावकों ने जिला प्रशासन और नगर पालिका से मांग की हैं कि तुरंत नाले की सफाई कराई जाए कचरे पर रोक लगाई जाए और स्कूल के आसपास विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जाए जब स्कूल के पास ऐसी गंदगी हैं तो क्या किसी बड़े हादसे या बीमारी के फैलने के बाद ही प्रशासन जागेगा।

# मुख्यमंत्री का आगमन तैयारी में लगे मंत्री सतीश स्थल का अवलोकन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बाराबंकी। तहसील सिरौली गौसपुर के सुप्रसिद्ध राम जानकी मंदिर एवं हनुमंत व्यायाम शाला प्रांगण में आयोजित होने वाले हनुमत विराट महायज्ञ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी सम्मिलित होंगे। गोरख पीठाधीश्वर के प्रस्तावित आगमन के दृष्टिगत सीएम के सहयोगी खाद्य एवं रसद राज्य मंत्री सतीश चंद्र शर्मा शनिवार को सेवर आयोजन स्थल पहुंचे और जायजा लिया तथा तैयारी की समीक्षा की। मुख्यमंत्री 10 फरवरी मंगलवार को दुल्हदेपुर कुटी अर्थात आयोजन स्थल पधारेंगे। हमारी पृथ्वी सचिन गुप्ता ने बताया कि राज्य मंत्री सतीश चंद्र शर्मा शनिवार शाम करीब 4 बजे सिरौली गौसपुर स्थित पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस पहुंचे, जहां उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं, प्रधानों और पदाधिकारियों के साथ बैठक कर जनसभा में सहभागिता और कार्यकर्ताओं को विभिन्न जिम्मेदारियां सौंपी और तैयारियों को अंतिम रूप के निर्देश दिए। राज्य मंत्री सतीश शर्मा ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तीन माह के बीच तीसरी बार बाराबंकी पधारेंगे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री बाराबंकी के कोटवाधाम, लोधेश्वर महादेव मंदिर और भुड़वा बाबा जैसे तीर्थ स्थलों के साथ-साथ पूरे प्रदेश में विकास कार्यों को बढ़ावा दे रहे हैं।राज्य मंत्री सतीश चंद्र शर्मा ने शनिवार की दोपहर में दुल्हदेपुर में मुख्यमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम स्थल गुना पहुंचे और आवागमन के रास्ते, पार्किंग व्यवस्था, हेलीपैड और जनसभा स्थल सहित सभी आवश्यक तैयारियों का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए।उनके साथ भाजपा जिलाध्यक्ष

### अधिकारियों व भाजपा कार्यकर्ताओं को दिशा निर्देश

राम सिंह वर्मा, एमएलसी अंगद सिंह, प्रशासनिक अधिकारियों में ज्वाइंट मजिस्ट्रेट तेजस के, अपर पुलिस अधीक्षक, क्षेत्राधिकारी और तहसीलदार बालेन्दु भूषण वर्मा सहित कई अधिकारी उपस्थित रहे। बकौल मंत्री श्री शर्मा मुख्यमंत्री 10 फरवरी को दोपहर करीब 12 बजे दुल्हादेपुर कुटी पहुंचेंगे। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं और जनता से समय पर कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने और मुख्यमंत्री के विचारों को सुनने का आग्रह किया।बैठक में प्रधान संघ अध्यक्ष विकेश वर्मा, दयाशंकर शुक्ल, अनिल वर्मा, स्वतंत्र सिंह, सोनू सिंह, जयप्रकाश वर्मा, जसवंत कुमार यादव, पुष्पेंद्र शुक्ला अंशु, मुलायम सिंह यादव, मंडल अध्यक्ष पवन वर्मा सहित कई भाजपा नेता, कार्यकर्ता और प्रधान मौजूद रहे।

## लोनिवि की निष्क्रियता, संकेतक अभाव, डिवाइडर से टकराया ट्रक

निंदूरा बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। शनिवार भोर लखनऊऽमहमूदाबाद मार्ग पर विकासखंड परिसर के सामने तेज रफ्तार एक ट्रक अचानक अनियंत्रित होकर सड़क के डिवाइडर पर चढ़ गया। हादसे में ट्रक चालक और खलासी दोनों बालऽबाल बचे। ट्रक चालक हरिओम ने बताया कि ट्रक कानपुर देहात का है और वह सुबह करीब तीन बजे लखनऊ की ओर जा रहा था। चालक के अनुसार सड़क पर किसी भी प्रकार का संकेतक या चेतावनी बोर्ड न होने के कारण डिवाइडर दिखाई नहीं दिया, जिससे यह हादसा हो गया।

## सीडीओ ने सुनी जन शिकायतें, समाधान दिवस

रामनगर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। तहसील सभागार में मुख्य विकास अधिकारी अन्ना सुदन की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया।जन सुनवाई में कुल 70 शिकायतें आईं जिनमें से 7 मामलों का मौके पर निस्तारण किया गया।शेष 63 प्रकरणों को संबंधित विभागों को समाधान के लिए भेजा गया।इसी दौरान सीडीओ ने अधिकारियों को जनसमस्याओं के त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए।समाधान दिवस में उप जिलाधिकारी गुंजिता अग्रवाल सहित अन्य विभागों के अधिकारियों सहित राजस्व व पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

## समाधान दिवस में राजस्व मामलों की भरमार

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। तहसील परिसर में शनिवार को आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में उपजिलाधिकारी अनुराग सिंह व पुलिस क्षेत्राधिकारी जटाशंकर मिश्रा फरियादियों से रूबरू हुए।नगर पंचायत रामसनेहीघाट वार्ड 3 के गांव बनीकोडर के निवासी पीड़ित घनश्याम पुत्र मैकूलाल ने प्रार्थना में बताया कि राजस्व विभाग द्वारा लगभग पांच वर्ष पूर्व में ठठेरहा गांव में गाटा संख्या 1230मि पर आवासीय पट्टा दिया था,लेकिन अभी तक कब्जा नहीं मिला।जिस पर अवैध कब्जा है और कई बार प्रार्थना पत्र दिया गया। समाधान दिवस में राजस्व विभाग 22, पुलिस 11,विकास 4,विधुत3, समाज कल्याण 2, पूर्ति 2,नगर पंचायत 2, अन्य 3 सहित कुल 49शिकायती पत्र आए।जिनमें से 6का निस्तारण किया गया और शेष को संबंधित अधिकारियों को निस्तारित करने के लिए आदेश दिया गया।मौके पर तहसीलदार शशांक नाथ उपाध्याय,नायब तहसीलदार उमेश द्विवेदी और अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## मानव मस्तिष्क में रसायनिक परिवर्तन करता नशा : वेंकटेश्वर

मसौली बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। नशा एक गंभीर समाजिक बुराई है जिससे न केवल नशा करने वाले व्यक्ति व एवं साथ–साथ उनके परिवार, समाज व राष्ट्र को भी हानि है। नशा करने वाले व्यक्ति नशे के कारण परिवार को तो परेशान करते ही है साथ ही खुद नशा करने के लिये चोरी तथा अपराधिक घटना को अंजाम देने हेतु मजबूर व बेबस हो जाते है। उक्त बाते शनिवार को ब्लाक मुख्यालय पर कर्मयोग व निषेध एवं विकसित भारत संगोष्ठी को संबोधित करते हुए समाज कल्याण विभाग के प्रमुख सचिव एल वेंकटेश्वर लू ने कही उन्होंने कहा कि नशा व्यक्ति के दिमाग में रसायनिक परिवर्तन कर देता है इससे उसके व्यवहार में कई असामान्य बदलाव आ जाते है और उसके शारीरिक मानसिक क्षमता घट जाती है और उनका नैतिक पतन हो जाता हैं प्रमुख सचिव ने लोगो से अपील करते हुए कहा कि सभी प्रकार के नशीले पदार्थों से जीवन पर्यन्त स्वय विरत रहने का संकल्प ले और नशे से दूर रहे ।हम सबका दायित्व है कि सम्पूर्ण मानवता को मद्य एवं मादक पदार्थों से बचाने हेतु अपनी अपनी भूमिका के प्रति जागरूक हो तथा नशीले पदार्थो का प्रत्याग कर जन जन में इसके दुष्ट परिणामों भ्रांतियों को जन जन तक पहुंचा कर चेतना विकसित करें तभी एक स्वस्थ एवं समृद्धि राष्ट्रीय का सपना साकार होगा।

मुख्य विकास अधिकारी ऐ सुदन ने संगौष्ठी में उपस्थित लोगों से रुबरु होते हुए कहा कि नशा के प्रति सबसे पहले अपने को जागरूक होना चाहिए तभी समाज को नशा मुक्त बनाया जा सकता है। हमारा देश जब नशामुक्त होगा तभी विकसित भारत सपना साकार होगा।इस मौके पर उपनिदेशक समाज कल्याण अयोध्या मण्डल राकेश रमन, ब्लाक प्रमुख राईस आलम, खण्ड विकास अधिकारी संदीप कुमार श्रीवास्तव,जिला समाज कल्याण अधिकारी डॉ नीलम सिंह, समाज कल्याण विकास अधिकारी अभिलाषा त्रिपाठी, प्रभारी एडीओ पंचायत पंचायत संजीव कुमार सिंह, सचिव जैसराम, उत्तम वर्मा, सौम्या सिंह, वंदना पाल, राम प्रकाश वर्मा,अखिलेश्वर सिंह, सुधाकर सिंह, कमलेश यादव, प्रताप नारायण, विरेंद्र कुमार सरोज, अलमाश रिजवी, महेश प्रताप, आदि उपस्थित रहे।

## बेसिक स्कूल में माता उन्मुखी करण की बैठक हुई सम्पन्न

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। बेसिन शिक्षा परिषद के अधीन को लॉकेटिड आंगनबाड़ी बाले विद्यालयों में माह फरवरी की बैठक शासन आदेश अनुसार सम्पन्न हुई इस उपलक्ष्य में पुरन पुर विकास खण्ड के कम्पोजित स्कूल गढ़ा कला में को लोके टिड आगन बाडी केंद्र में माह फरवरी की बैठक सकुशल सम्पन्न हुई जिसमें बच्चों की माताओं और नोडल शिक्षक सोहन, ममता देवी षिक्षा मित्र, आंगनबाड़ी सुनीता देवी और नोडल संकुल शिक्षक हुकुम सिंह ने भाग लिया बैठक मे थीम के अनुसार कार्यवाही शुरू हुई जिसमें आज की थीम माताओं का भ्रमण और संख्या ज्ञान पर बातचीत हुई नोडल संकुल शिक्षक श्री हुकुम सिंह ने बताया कि माता बच्चे की प्रथम गुरु माँ ही होती है वह जितना अच्छा बच्चे को सिखा सकती हैं उतना कोई नहीं सिखा सकता क्योंकि बच्चा ज्यादा समय तक माँ के पास ही रहता है इसलिये सभी माताएँ स्कूल से जुड़े और अपनी अपनी जिम्मेदारी निभाने में रुचि ले जिससे शिक्षको को शिक्षण करने में आसानी हो विधालय और समुदाय का मजबूत जुडाव होना जरूरी है तभी बच्चों का सर्वागीण विकास ठीक से होगा।

## जिन्दा गाय का कुत्ते नोच रहे गोश्त, चीखती गाय को सुनने वाले मौन

बदायूँ कैनविज टाइम्स संवाददाता। उसावां थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत बनबौसारी के मजरा फुलचियाई में एक जिंदा गाय को कुत्ता और पक्षी नोच नोच कर खा रहे हैं। फुलचियाई निवासी पवन सिंह ने देखा कि गाय को कुत्ते नोच रहे हैं तो इसकी सूचना प्रधान पति को दी। प्रधान पति ने कहा हम इसमें कुछ नहीं कर सकते आपको जैसा उचित लगे वैसा करो। इसके बाद इसकी सूचना 1962 पर दी गई लेकिन किसी भी अधिकारी ने संज्ञान लेने से इंकार कर दिया। तत्पश्चात इसकी सूचना 112 पर पुलिस को दी गई। सूचना मिलने पर ग्राम प्रधान, सचिव तथा ब्लॉक के अधिकारी सीवीओ व पुलिस ने कोई भी कार्यवाही करने से मना कर दिया आक्रोशित ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से तत्काल उचित कार्यवाही की मांग की है।

# मेगा/वृहद विधिक जागरूकता व सेवा शिविर 22 फरवरी को

कैनविज टाइम्स संवाददाता

## डीजे ने की अधिकारियों संग बैठक




बाराबंकी। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं उ.प्र.राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के दिशा निर्देशों के अनुक्रम में आगामी 22 फरवरी, 2026 को आयोजित किए जाने वाले मेगा/वृहद विधिक जागरूकता व सेवा शिविर की तैयारियों को अंतिम रूप देने के उद्देश्य से आज दिनांक 07 फरवरी, 2026 को जिला मुख्यालय स्थित सभागार में एक लघु शिविर का आयोजन किया गया। इस लघु शिविर की अध्यक्षता श्रीमती प्रतिमा श्रीवास्तव, जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बाराबंकी ने की। इस अवसर पर श्रीकृष्ण चन्द्र सिंह अपर जिला जज/नोडल अधिकारी मेगा कैम्प, श्रीमती शिवानी रावत सिविल जज सी0डि0/सचिव पूर्णकालिक के अतिरिक्त प्रशासन के नोडल अधिकारी समेत अन्य सभी महत्वपूर्ण विभागों के प्रतिनिधि शामिल हुये। श्रीमती प्रतिमा श्रीवास्तव ने इस अवसर पर कहा कि यह लघु शिविर मेगा शिविर की सफलता की आधारशिला है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस मेगा शिविर के लिए अपने अपने विभाग से राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का प्रचार प्रसार व योजनओं का चिन्हांकन एवं पंजीकरण की प्रक्रिया पारदर्शी और समावेशी हो तथा सभी पात्र लाभार्थियों तक लाभ पहुँचाने में कोई कोताही न बरती जाए। आयोजित इस लघु शिविर में चिन्हित एवं पंजीकृत सभी लाभार्थियों को उनके हक के लाभ अब आगामी दिनांक 22 फरवरी, 2026 को आयोजित होने वाले मेगा विधिक जागरूकता व सेवा शिविर में प्रदान किए जाएंगे। इस मेगा शिविर में नागरिकों को निशुल्क कानूनी सलाह, विधिक सहायता, लोक अदालत, राष्ट्र के लिए मध्यस्थता अभियान 2.0 की जानकारी तथा विभिन्न सरकारी योजनाओं के लाभ एक ही स्थान पर उपलब्ध होंगे। यह मेगा शिविर सभी विभागों के समन्वय व सहयोग से आयोजित किया जायेगा। श्रीकृष्ण चन्द्र सिंह अपर जिला जज/नोडल अधिकारी मेगा कैम्प के द्वारा बताया गया कि इस पूर्व-तैयारी शिविर का मुख्य उद्देश्य राज्य सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के पात्र लाभार्थियों का चिन्हांकन एवं उनका पंजीकरण करना था, ताकि आगामी मेगा शिविर में उन्हें निर्बाध रूप से लाभ प्रदान किया जा सके। इस प्रक्रिया से यह सुनिश्चित होगा कि 22 फरवरी 2026 के वृहद शिविर का समय एवं संसाधन कुशलतापूर्वक उपयोग हो और अधिक से अधिक जरूरतमंद नागरिकों को सरकारी योजनाओं का लाभ एक ही छत के नीचे मिल सके। श्रीमती शिवानी रावत सिविल जज सी0डि0/सचिव पूर्णकालिक के द्वारा बताया गया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण का यह प्रयास है कि कानूनी सेवाएं और सरकारी कल्याण योजनाओं का लाभ आखिरी छोर तक पहुंचे और आम नागरिकों को न्याय एवं कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी के साथ साथ उसका लाभ प्राप्त करने में सुविधा हो।

## भागवत महात्म्य की अमृतवर्षा, दूसरे दिन उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

कूरेभार/सुलतानपुर। कूरेभार क्षेत्र के सरैया मझौवा गांव में आयोजित संगीतमय सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे दिन श्रद्धा, भक्ति और ज्ञान की त्रिवेणी प्रवाहित होती रही। वृंदावन धाम से पधारे कथा व्यास पूज्य श्री मुकेश आनंद जी महाराज के श्रीमुख से भागवत महात्म्य की अमृतवर्षा होते ही पूरा कथा पंडाल भक्तिरस में सराबोर हो उठा। भजन-कीर्तन और जयघोष के बीच बड़ी संख्या में श्रद्धालु भाव-विभोर होकर कथा श्रवण करते नजर आए।

कथा व्यास ने अपने प्रवचन में कहा कि श्रीमद्भागवत केवल एक ग्रंथ नहीं, बल्कि जीव के कल्याण का दिव्य मार्ग है। भागवत कथा के श्रवण से मन, बुद्धि और आत्मा का शुद्धिकरण होता है तथा जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आता है। उन्होंने राजा परीक्षित और शुकदेव जी के संवाद का प्रसंग सुनाते हुए बताया कि कलियुग में भक्ति ही सबसे सरल और प्रभावी साधन है, जो मनुष्य को भवसागर से पार लगाती है। पूज्य महाराज ने आगे कहा कि भागवत कथा सुनने से मनुष्य के भीतर छिपे विकार समाप्त होते हैं और ईश्वर के प्रति अटूट विश्वास जागृत होता है। उन्होंने गृहस्थ जीवन में भक्ति, सदाचार और सेवा भाव अपनाने का संदेश देते हुए कहा कि जिस घर में भागवत का पाठ होता है, वहां साक्षात श्रीहरि का वास होता है। कथा के दौरान प्रस्तुत संगीतमय भजनों पर श्रद्धालु झूमते नजर आए।

कथा में मुख्य यजमान सहित बड़ी संख्या में महिलाएं, पुरुष और बच्चे उपस्थित रहे। आयोजकों द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए व्यापक व्यवस्थाएं की गई हैं। कथा के समापन पर आरती के पश्चात प्रसाद वितरण किया गया। पूरे क्षेत्र में कथा को लेकर भक्तिमय वातावरण बना हुआ है और आगामी दिनों में श्रीकृष्ण लीलाओं के प्रसंगों के श्रवण को लेकर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखा जा रहा है।

# गुरू के बिना पूर्णता को प्राप्त नहीं होता जीवन : साहब निष्ठा दास

कैनविज टाइम्स संवाददाता

## सत्संग भंडारा उमड़ी भीड़

मसौली बाराबंकी। सद्गुरु विशाल साहेब की 50 वी पुण्यतिथि पर शनिवार को कबीर अध्यात्म संस्थान विशालनगर मुंजापुर में संत निष्ठा साहेब सेवा ट्रस्ट के तत्वावधान में आयोजित सत्संग एव भण्डारा में भक्तो का सैलाब रहा। देश विदेश से आये हजारो भक्तो ने सत्संग एव भण्डारे में भाग लिया।

शनिवार की प्रातः 5 बजे गुरु वन्दना के बाद साढ़े 8 बजे से साढ़े 9 बजे तक सन्त विशाल साहब के वचनामृत पथ का बखान किया गया तथा बाद में सन्तो द्वारा भजन व सत्संग का आयोजन किया गया जिसमें सन्त निष्ठा साहब ने गुरु की महिमा का बखान करते हुए कहा कि मानव जीवन बहुत ही परोपकार से मिलता है। गुरू के बगैर जीवन सफल नही हो सकता है। मनुष्य को आरम्भ से ही छोटी छोटी बातों का सुधार कर कार्य पूर्ण करने का अभ्यास और उत्साह रखना चाहिए जिससे वह बड़े बड़े कार्यो एव साधनाओं को पा सके। सन्त विशाल साहेब के जीवन दर्शन से और आपके बनाये सद्ग्रन्थ मनन से कल्याण पथ में चलने की प्रेरणा एव शक्ति मिलती है। सन्त निष्ठा साहेब ने कहा कि जिस समय मनुष्य अपनी जिम्मेदारी स्वयं अपने ऊपर लेता है बस उसी समय से वह पुरुषार्थी बन जाता है और जो अपने पैरों के बल खड़ा होने को सीखेगा वही संसार में कल्याण कर सकेगा। परमुखापेक्षी, आरामतलबी कभी भी बिरागी नही बन सकता है। साधुवाद सर्वातीत की दशा है।ईर्ष्या एक ऐसा शब्द है जो मानव के खुद के जीवन को तो तहस-नहस करता है औरों के जीवन में भी खलबली मचाता है। यदि आप किसी को सुख या खुशी नहीं दे सकते तो कम से कम दूसरों के सुख और खुशी देखकर जलिए मत। यदि आपको खुश नहीं होना है न सही मत होइए खुश, किन्तु किसी की खुशियों को देखकर अपने आपको ईर्ष्या की आग में न जलाएं। समाज कल्याण विभाग के अपर मुख्य सचिव एल वेकेंटेश्वर लू ने कहा कि समाज में कही जाति, धर्म के नाम पर बांट जा रहा,तो कही युवा नशें की लत के कारण अपने मार्ग से भटककर गन्दी आदतों के कारण समाज के बिगड़ते हालातों को देखते हुए समाज को जागरूक करने की जरुरत है। इसके लिए हम लोगों को युवा पीढ़ी को सही रास्ते पर चलने के लिए प्रेरित करने की जरूरत है। जब यह संघर्ष सफल होगा तब युवा पीढ़ी नशें से दूर होगा और समाज में ऊंच-नीच का भेद-भाव मिट सकेंगा।तब जाकर मनुष्य मन पर नियंत्रण कर सकेंगा और ईश्वर की प्राप्ति होगी तभी मनुष्य को शन्ति प्राप्त हो सकेगी।

श्री लू ने कहा कि आज चंचल मन के कारण समाज में बहुत बदलाव देखने को मिल रहा है। सबसे ज्यादा युवा पीढ़ी नशें की लत का शिकार हो रहा है।जो अपने मार्गों से भटककर गलत संगत के कारण ना-ना प्रकार की बुराईयों के चुंगल में फसता जा रहा है। इसके लिए गांव गांव लोगों को जागरूक करने की जरूरत है। इसके लिए हमलोगों को आपसी मतभेद भुलाकर एक दूसरे को जरूर करने में लगे।

सत्संग के बाद में पूजा आरती के साथ विशाल भण्डारे का आयोजन किया गया जिसमें पड़ोसी देश नेपाल सहित देश के राजस्थान, छतीसगढ़, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, दिल्ली के आलावा प्रदेश के कोने कोने से हजारों भक्तो ने भाग लिया। सत्संग में मैनपुरी से आये सन्त अमर साहेब, लखनऊ से शान्ति साहेब, बकौली सन्त प्रभात साहेब, प्रांजल साहेब, ने सद्गुरु विशाल साहेब के जीवन पर प्रकाश डाला। सन्त कबीर अध्यात्म संस्थान के अध्यक्ष आलोक दास ने लोगो का आभार व्यक्त करते हुए गुरु की महिमा का बखान किया।

? विधायक सहित आला अधिकारियों ने सन्त से लिया आशीर्वाद ??

ग्राम मुंजापुर स्थित सन्त कबीर अध्यात्म संस्थान में सद्गुरु विशाल साहेब की 50 वीं पुण्यतिथि पर आयोजित सत्संग एव विशाल भण्डारे में पूर्व विधायक शरद अवस्थी, मुख्य विकास अधिकारी ए सुदन, खण्ड विकास अधिकारी संदीप कुमार श्रीवास्तव सहित तमाम लोगों ने सन्त निष्ठा साहेब का सत्संग सुनकर आशीर्वाद लिया।

# अफगानिस्तान के खिलाफ हर विभाग में बेहतर प्रदर्शन करना होगा न्यूजीलैंड को

एजेंसी



चेन्नई। उलटफ़ेर करने में माहिर अफगानिस्तान जैसी खतरनाक टीम के खिलाफ न्यूजीलैंड को टी20 विश्व कप के ग्रुप डी के पहले मैच में रविवार को खेल के हर विभाग में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। विश्व कप से पहले इस प्रारूप में न्यूजीलैंड का प्रदर्शन अपेक्षा के अनुरूप नहीं रहा है और भारत ने उसे श्रृंखला में 4-1 से हराया। टिम सीफर्ट और फिन एलेन के आने से शीर्षक्रम मजबूत लग रहा है लेकिन रचिन रविंद्र, मार्क चैपमैन और डेवोन कोंवे को बेहतर प्रदर्शन करना होगा। भारत के खिलाफ मध्यक्रम की नाकामी न्यूजीलैंड को बहुत खली है। ऐसे में कोई कोताही महंगी पड़ सकती है क्योंकि इस ग्रुप में दक्षिण अफ्रीका भी है। न्यूजीलैंड को अपने गेंदबाजों के भी फॉर्म में लौटने की उम्मीद होगी जो भारत के खिलाफ काफी महंगे साबित हुए थे। लॉकी फर्ग्युसन ने भारत के खिलाफ एक ही मैच खेला लेकिन उनकी गेंदों में अतिरिक्त रफ्तार और विविधता देखी गई। उन्हें अफगानिस्तान के खिलाफ अहम भूमिका निभानी होगी जबकि मिचेल सेंटनेर और लेग स्पिनर ईश सोढी उनका साथ देंगे। दूसरी ओर अफगानिस्तान काफी दमदार टी20 टीम है जिसने पिछले सप्ताह वेस्टइंडीज का श्रृंखला में सूपड़ा साफ किया। उसके पास काफी मैच विनर खिलाड़ी है लेकिन सबसे बड़ा स्टार राशिद खान है। दुनिया भर में टी20 लीग खेलने वाले राशिद की गेंदें अब उतनी रहस्यमयी भले ही नहीं रह गई हों लेकिन वह बेहद खतरनाक गेंदबाज हैं। उनका साथ देने के लिये मुजीबुर रहमान और नूर अहमद होंगे। चेपॉक की पिच पर दोनों टीमों के स्पिनरों की भूमिका अहम होगी और चूंकि मैच 11 बजे शुरू हो रहा है तो ओस की भी उतनी भूमिका नहीं होगी। अफगानिस्तान की बल्लेबाजी का केंद्र रहमानुल्लाह गुरबाज और इब्राहिम जदरान होंगे जबकि सेदिकुल्लाह अटल पर भी नजरें रहेंगी।

### टीमें

न्यूजीलैंड : मिचेल सेंटनेर (कप्तान), फिन एलेन, माइकल ब्रासवेल, मार्क चैपमैन, डेवोन कोंवे, जैकब डफी, जॉकी फर्ग्युसन, मैट हेनरी, काइल जैमीसन, डेरिल मिचेल, जेम्स नीशाम, ग्लेन फिलिप्स, रचिन रविंद्र, टिम सीफर्ट, ईश सोढी।

अफगानिस्तान : राशिद खान (कप्तान), नूर अहमद, अब्दुल्लाह अहमदजइ, सेदिकुल्लाह अटल, फजलहक फारूकी, रहमानुल्लाह गुरबाज, मोहम्मद इशाक रहीमी, शाहिदुल्लाह कमल, मोहम्मद नबी, गुलबदिन नायब, अजमतुल्लाह उमरजइ, मुजीबुर रहमान, दार्विश रसूली, इब्राहिम जदरान, जिया उर रहमान शरीफी।

# कोहली, सचिन समेत समूचे क्रिकेट जगत ने दी भारतीय अंडर 19 टीम को बधाई

एजेंसी



नयी दिल्ली। चैम्पियन बल्लेबाज विराट कोहली, सचिन तेंदुलकर और भारतीय टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर समेत समूचे क्रिकेट जगत ने भारतीय टीम को अंडर 19 विश्व कप जीतने पर बधाई दी है। चौदह वर्ष के वैभव सूर्यवंशी के 80 गेंद में 175 रन की मदद से भारत ने फाइनल में नौ विकेट पर 411 रन बनाकर इंग्लैंड को सौ रन से हराया। 2008 में अंडर 19 खिताब जीत चुके कोहली ने एक्स पर लिखा ,'' भारत की अंडर 19 टीम को फिर विश्व कप जीतने पर बधाई। आयुवर्ग क्रिकेट में हमारा दबदबा कायम है। पूरी टीम और सहयोगी स्टाफ को बधाई। भारत के मुख्य कोच गंभीर ने कहा ,'' तुम सभी पर गर्व है। भविष्य उज्ज्वल है। इंडिया अंडर 19। वहीं महान बल्लेबाज तेंदुलकर ने लिखा ,'' चैम्पियंस। इस युवा टीम और इसके बेखौफ खेल पर गर्व है। पूरी टीम, कोच और सहयोगी स्टाफ को बधाई। उन्होंने आगे लिखा ,'' आपके पास एक सूर्यवंशी है तो इस तरह का ब्लॉकबस्टर प्रदर्शन लाजमी है। शानदार प्रदर्शन वैभव। भारत के पूर्व स्पिनर आर अश्विन ने लिखा ,'' प्रतिभा, निडरता और दृढता के साथ बेदाग प्रदर्शन। अंडर 19 टीम ने बता दिया कि वे क्या कर सकते हैं। जबर्दस्त आत्मविश्वास और कौशल का प्रदर्शन। भारत के टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव ने सूर्यवंशी की खास तौर पर तारीफ करते हुए लिखा ,'' वैभव का शानदार प्रदर्शन। क्या खास सोचकर उतरते हो। फाइनल में क्लास पारी। अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति की सदस्य और रिलायंस फाउंडेशन की चेयरपर्सन नीता अंबानी ने भी भारत के युवा खिलाड़ियों के अनुशासन और आत्मविश्वास की सराहना की। उन्होंने विज्ञप्ति में कहा, ''आईसीसी अंडर-19 विश्व कप में रिकॉर्ड छठी बार जीत हासिल करने पर हमारी भारतीय टीम को हार्दिक बधाई। यह वास्तव में एक ऐतिहासिक और प्रेरणादायक उपलब्धि है। उन्होंने कहा, ''आपने अपनी उम्र से कहीं अधिक साहस, अनुशासन और आत्मविश्वास के साथ खेला है। यह जीत सिर्फ एक ट्रॉफी नहीं है, बल्कि यह युवा भारत की भावना का सशक्त प्रतीक है। यह बेखौफ महत्वाकांक्षा, एकजुट टीम वर्क और उत्कृष्टता की खोज जारी रखने जैसा है। उन्होंने ने कहा, '' उम्मीद है कि यह जीत आने वाले समय में और भी बड़ी उपलब्धियों की शुरुआत होगी। आपके कारण भारतीय क्रिकेट का भविष्य उज्ज्वल है। भारतीय अंडर-19 टीम को साल 2000 में इस विश्व कप चैंपियन बनाने में अहम योगदान देने वाले पूर्व कप्तान मोहम्मद कैफ ने सूर्यवंशी की तारीफ की। उन्होंने 'एक्स' पर लिखा, ''वैभव ने 80 गेंदों पर 175 रन बनाए, जिसमें 15 छक्के शामिल थे। क्या हम क्रिकेट के भविष्य को देख रहे हैं? अगर वह और कुछ समय और खेलते, तो 300 रन भी बना सकते थे। भारत धन्य है, क्योंकि वह लगातार विश्व स्तरीय बल्लेबाजों को उभरते हुए देख रहा है।

# भारत मैच के बहिष्कार पर पुनर्विचार के श्रीलंका के अनुरोध पर अपनी सरकार से बात करेगा पीसीबी : सूत्र

एजेंसी



कराची। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड टी20 विश्व कप में 15 फरवरी को कोलंबो में भारत के खिलाफ मैच के बहिष्कार के फैसले पर पुनर्विचार के श्रीलंका क्रिकेट के अनुरोध पर अपनी सरकार से बात करेगा। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने अपनी टीम को टी20 विश्व कप खेलने की अनुमति दे दी लेकिन भारत के खिलाफ खेलने से मना किया है। आईसीसी और प्रसारकों के लिये भारत . पाकिस्तान मैच सबसे ज्यादा कमाई करने वाला होता है। श्रीलंका ने पीसीबी को ईमेल भेजकर कहा है कि भारत के खिलाफ मैच नहीं खेलने के पाकिस्तान के फैसले से श्रीलंका क्रिकेट को भारी आर्थिक नुकसान होगा जो टूर्नामेंट का सह मेजबान है। इसके अलावा श्रीलंका क्रिकेट और टूर्नामेंट की छवि को भी ठेस पहुंचेगी। पाकिस्तान अपने सारे मैच कोलंबो और पाल्लेकल में खेल रहा है। एक सूत्र ने बताया ,'' पाकिस्तान और श्रीलंका के सरकार और क्रिकेट स्तर पर संबंध हमेशा अच्छे रहे हैं लिहाजा श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड के ईमेल को अनदेखा नहीं किया जा सकता। सूत्र ने कहा ,'' श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष शम्मी सिल्वा ने सीधे मोहसिन नकवी से संपर्क किया है और कहा है कि इस समय श्रीलंका को पाकिस्तान के सहयोग की जरूरत है क्योंकि भारत और पाकिस्तान का मैच नहीं होने से श्रीलंका बोर्ड को टिकटों की बिक्री और आतिथ्य सेवाओं की बिक्री से मिलने वाले राजस्व में भारी नुकसान होगा। सूत्र ने बताया कि नकवी ने शम्मी सिल्वा को आश्वासन दिया है कि वह सरकार से बात करेंगे।

# इंग्लैंड का सामना नेपाल से , ब्रूक को उम्मीद कि अब फोकस मैदानी प्रदर्शन पर रहेगा

एजेंसी




मुंबई। दो बार की चैम्पियन इंग्लैंड के कप्तान हैरी ब्रूक को उम्मीद है कि टी20 विश्व कप के पहले मैच में रविवार को उनकी टीम जब नेपाल से खेलेगी तो फोकस वेलिंगटन क्लब में हुई घटना की बजाय मैदान में प्रदर्शन पर रहेगा। टी20 प्रारूप में दमदार टीमों में से एक इंग्लैंड की कमान ब्रूक के हाथ में है लेकिन एशेज दौरे से पहले रात को नाइटक्लब में एक बाउंसर से हुई उनकी झड़प को लेकर लगातार वह सुर्खियों में रहे हैं। कप्तानों की प्रेस कांफ्रेंस में उनसे उस घटना से जुड़ा सवाल पूछा गया और हरफनमौला विल जैक्स को भी उन सवालों का जवाब देना पड़ा। जैक्स ने कहा ,'' मैं उस समय न्यूजीलैंड में नहीं था तो मुझे जानकारी नहीं है। वहां उसने गलत फैसला लिया और उसे स्वीकार किया। उसके बाद से वह सकारात्मक राह पर मुड़ गया। उन्होंने कहा ,'' उसे पता है कि उसने क्या किया और अब उसे कोई बदल नहीं सकता लिहाजा उसे इतनी तवज्जो देना सही नहीं है। वह चाहता है कि बस क्रिकेट पर ही बात हो। मैदान से बाहर की उस घटना के अलावा इंग्लैंड ने विश्व कप की पुख्ता तैयारी की है और प्रबल दावेदारों में से एक है। ग्रुप सी में उसके साथ इटली, नेपाल, स्कॉटलैंड और वेस्टइंडीज भी हैं। इंग्लैंड को पता है कि उसे पहले ही मैच से अच्छा प्रदर्शन करना होगा। इंग्लैंड ने पिछले 17 वनडे में से 11 जीते हैं और पिछले साल दो ही गंवाये हैं। ओस के हालात में गेंदबाजी हालांकि चुनौती हो सकती है और ऐसे में अनुभवी आदिल रशीद काफी उपयोगी साबित होंगे। नेपाल के लिये यह विश्व स्तर पर अपनी छाप छोड़ने का एक और मौका है। पिछली बार वह दक्षिण अफ्रीका को हराने के करीब पहुंच गया था और दक्षिण अफ्रीका टीम सिर्फ एक रन से जीती थी। इसके अलावा बांग्लादेश को 106 रन पर आउट कर दिया था। नेपाल ने हाल ही में दो बार की चैम्पियन वेस्टइंडीज को 2-1 से हराकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया है।

### टीमें

इंग्लैंड : हैरी ब्रूक (कप्तान), टॉम बेंटोन, जोस बटलर, बेन डकेट, फिल साल्ट, जैकब बेथेल, सैम कुरेन, लियाम डॉसन, विल जैक्स, जैमी ओवरटन, रेहान अहमद, जोफ्रा आर्चर, आदिल रशीद, जोश टंग, ल्यूक वुड।

नेपाल : रोहित पॉडेल (कप्तान ), आरिफ शेख, आसिफ शेख, दीपेंद्र सिंह एरी, बसीर अहमद, कुशल भूर्तल, संदीप जोरा, लोकेश बाम, गुलशन झा, करण केसी, सोमपाल कामी, संदीप लामिछाने, शेर मल्ला, ललित राजबंशी, नंदन यादव।

## संक्षिप्त समाचार

### खराब फॉर्म से जूझ रही श्रीलंका का सामना पहले मैच में आयरलैंड से

**कोलंबो।** खराब दौर से गुजर रही श्रीलंकाई टीम टी20 विश्व कप ग्रुप बी के अपने पहले मैच में रविवार को आयरलैंड से खेलेगी तो पिछली निराशाओं को भुलाकर अपने घरेलू दर्शकों को मुस्कुराने का मौका देने का इरादा होगा। भारत के साथ टूर्नामेंट की सह मेजबान श्रीलंका की तैयारी अच्छी नहीं रही है। उसे घरेलू टी20 श्रृंखला में इंग्लैंड ने 3-0 से हराया। अब श्रीलंका उन गलतियों से सबक लेकर बेहतर प्रदर्शन करना चाहेगा। श्रीलंका की समस्या प्रदर्शन में निरंतरता का अभाव रही है। इंग्लैंड के खिलाफ दबाव के हालात में उसके बल्लेबाज और गेंदबाज दोनों नहीं चल सके। बारह साल पहले टी20 विश्व कप जीत चुकी श्रीलंका को घरेलू मैदान पर खेलने का फायदा मिलेगा और कागजों पर उसकी टीम मजबूत भी दिख रही है। श्रीलंका को पेचीदा ग्रुप मिला है जिसमें आस्ट्रेलिया भी है। आयरलैंड और जिम्बाब्वे उलटफ़ेर कर सकते हैं और ओमान भी ग्रुप में है। दासुन शनाका की कप्तानी वाली टीम को हरफनमौला प्रदर्शन करना होगा और सीनियर खिलाड़ियों पर बड़ी जिम्मेदारी रहेगी। श्रीलंका के पास शीर्षक्रम में पाथुम निसांका और कुसल मेंडिस जैसे बल्लेबाज हैं। उनके अलावा कामिल मिशारा भी हैं जो बड़े टूर्नामेंट में अपनी उपयोगिता साबित करना चाहेंगे। कुसल परेरा पर काफी कुछ निर्भर होगा जबकि मध्यक्रम में कामिंदु मेंडिस, चरित असलंका और जनिथ लियानागे भी हैं। तेज गेंदबाजी में दुष्मंता चामीरा और मथीषा पथिराना जिम्मा संभालेंगे लेकिन कंधे की चोट के कारण बाहर हुए ईशान मलिंगा की कमी खलेगी जिनकी जगह प्रमोद मधुशान खेल रहे हैं। स्पिन गेंदबाजी का मोर्चा वानिंदु हसरंगा संभालेंगे जबकि टीम में दुनिथ वेलालागे और महीष तीक्षणा भी हैं। दूसरी ओर आयरलैंड के प्रदर्शन का दारोमदार अनुभवी पॉल स्टर्लिंग , हैरी टेक्टर और जोश लिटिल पर रहेगा। आयरलैंड आठवीं बार टी20 विश्व कप खेल रहा है और 2009 के बाद से सारे टूर्नामेंट खेला है। उसने हाल ही में इटली और यूएई को हराया है और जीत की लय कायम रखना चाहेगा। अगर वह श्रीलंका को हरा देता है तो इस ग्रुप से सुपर आठ में पहुंचने का दावेदार हो सकता है।

### रिलायंस कंज्यूमर ने ऑस्ट्रेलियाई पेय कंपनी 'बेटर-फॉर-यू' में बहुलांश हिस्सेदारी खरीदी

**नयी दिल्ली।** रिलायंस इंडस्ट्रीज की इकाई रिलायंस कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड (आरसीपीएल) ने शनिवार को ऑस्ट्रेलिया स्थित गुडनेस ग्रुप ग्लोबल (जीजीजी) में बहुलांश हिस्सेदारी हासिल करने की घोषणा की है। इस सौदे में 'बेटर-फॉर-यू' पेय व्यवसाय शामिल है, जिसके जरिये आरसीपीएल को ऑस्ट्रेलियाई बाजार में प्रवेश करने और अपनी विदेशी उपस्थिति का विस्तार करने में मदद मिलेगी। एक संयुक्त बयान के अनुसार, 'इस रणनीतिक साझेदारी के तहत, आरसीपीएल भारत सहित नए बाजारों में गुडनेस ग्रुप के प्रमुख स्वास्थ्यवर्धक पेय ब्रांड जैसे 'नेक्सबा' और 'पेस' को बढ़ावा देने में मदद करेगी। कंपनी ने इस अधिग्रहण की राशि और हिस्सेदारी के वित्तीय विवरण का खुलासा नहीं किया है। यह साझेदारी स्वास्थ्य आधारित पेय पोर्टफोलियो विकसित करने के आरसीपीएल के प्रयासों को और मजबूत करती है। आरसीपीएल के निदेशक टी कृष्णकुमार ने कहा, 'अपनी मजबूत आपूर्ति श्रृंखला और वितरण क्षमताओं के साथ, आरसीपीएल नए बाजारों में जीजीजी के ब्रांड का विस्तार और भारत में उनकी व्यापक उपलब्धता सुनिश्चित करेगी। गुडनेस ग्रुप के संस्थापक ट्रॉय डगलस ने कहा कि उन्हें आरसीपीएल के रूप में एक मजबूत भागीदार मिला है, जो अगले पांच वर्षों में 50 पश्चिमी बाजारों तक विस्तार करने में मदद करेगा।

### बजट तेज, समावेशी वृद्धि की दिशा प्रदान करता है: नीति आयोग के सदस्य

**नयी दिल्ली।** नीति आयोग के सदस्य अरविंद विरमानी ने कहा कि केंद्रीय बजट कौशल विकास पर जोर देते हुए 'निरंतर, तेज और समावेशी वृद्धि' की दिशा प्रदान करता है। विरमानी ने इस बात पर जोर दिया कि भविष्य में कौशल विकास और सेवा क्षेत्र देश की तस्वीर बदल देंगे क्योंकि इनमें रोजगार पैदा करने की अपार क्षमता है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने एक फरवरी को 2026-27 के लिए 53.5 लाख करोड़ रुपये का केंद्रीय बजट पेश किया था। इसमें विनिर्माण को बढ़ावा देने के उपाय, वैश्विक डेटा केंद्रों के लिए दीर्घकालिक कर प्रोत्साहन और कृषि व पर्यटन के लिए समर्थन की घोषणा की गई थी। इस बजट को वैश्विक जोखिमों के बीच विकास को बनाए रखने के लिए एक दीर्घकालिक रूपरेखा के रूप में देखा जा रहा है। प्रस्तावों पर चर्चा करते हुए विरमानी ने कहा, 'मेरे नजरिए से इसकी एक सरल परिभाषा है।

# व्यापार समझौते में संवेदनशील अनाज, फल, डेयरी उत्पाद और मांस पर कोई शुल्क रियायत नहीं

एजेंसी



नयी दिल्ली। भारत ने अंतरिम व्यापार समझौते के तहत मक्का, गेहूं, चावल, सोया, पॉल्ट्री, दूध, पनीर, एथनॉल (ईंधन), तंबाकू, कुछ सब्जियों और मांस जैसे संवेदनशील कृषि एवं डेयरी उत्पादों के मामले में अमेरिका को कोई शुल्क रियायत नहीं दी है और इन क्षेत्रों को पूरी तरह संरक्षण दिया गया है। भारत और अमेरिका ने शनिवार को अंतरिम व्यापार समझौते के लिए एक रूपरेखा पर सहमत होने की घोषणा की। इस समझौते के तहत अमेरिका भारतीय वस्तुओं पर शुल्क को पहले के 50 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत कर देगा। वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, यह समझौता किसानों के हितों की रक्षा करने और ग्रामीण आजीविका को बनाए रखने के लिए भारत की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इसके तहत मक्का, गेहूं, चावल, सोया, पॉल्ट्री, दूध, पनीर, एथनॉल (ईंधन), तंबाकू, कुछ सब्जियां और मांस सहित संवेदनशील कृषि एवं डेयरी उत्पादों को पूरी तरह से संरक्षित किया गया है। इन वस्तुओं का संबंध भारत के छोटे और सीमांत किसानों की आजीविका से जुड़ा होने के कारण इन्हें संवेदनशील श्रेणी में रखा गया है। उन्होंने कहा कि सभी व्यापार वार्ताओं में किसानों के हित सर्वोपरि रहते हैं और मोदी सरकार किसानों की रक्षा करने और ग्रामीण आजीविका को सुरक्षित करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। गोयल ने कहा, ''भारत-अमेरिका अंतरिम समझौते की रूपरेखा के माध्यम से भारतीय वस्तुओं के लिए तरजीही पहुंच सुनिश्चित करते हुए, अनाज, फल, सब्जी, मसाले, तिलहन, डेयरी, मुर्गी पालन और मांस सहित कई अन्य संवेदनशील कृषि क्षेत्र को लेकर कोई रियायत नहीं दी गई है। भारत ने अन्य मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) में भी संवेदनशील कृषि और डेयरी उत्पादों पर किसी तरह की आयात शुल्क रियायत नहीं दी है। हाल ही में यूरोपीय संघ, ब्रिटेन और ऑस्ट्रेलिया के साथ मुक्त व्यापार समझौतों को अंतिम रूप दिया गया है। ऐसे व्यापार समझौतों के तहत, कुछ क्षेत्रों में आयात शुल्क को समझौता लागू होने के दिन ही समाप्त कर दिया जाता है, जबकि अन्य क्षेत्रों में इसे धीरे-धीरे कम किया जाता है। कुछ क्षेत्रों में शुल्क घटाया जाता है, जबकि अन्य क्षेत्रों में कोटा आधारित रियायतें प्रदान की जाती हैं।

# अमेरिका के साथ व्यापार समझौते में गेहूं, चावल, डेयरी जैसे संवेदनशील क्षेत्रों को पूर्ण संरक्षण

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारत ने व्यापार समझौते के तहत मक्का, गेहूं, चावल, सोया, पॉल्ट्री, दूध, पनीर, एथेनॉल (ईंधन), तंबाकू, कुछ सब्जियों और मांस जैसे संवेदनशील कृषि एवं डेयरी उत्पादों के मामले में अमेरिका को कोई शुल्क रियायत नहीं दी है और इन क्षेत्रों को पूरी तरह संरक्षण दिया है। भारत और अमेरिका ने शनिवार को अंतरिम व्यापार समझौते के लिए एक रूपरेखा पर सहमत होने की घोषणा की। इस समझौते के तहत अमेरिका भारतीय वस्तुओं पर शुल्क को पहले के 50 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत कर देगा। वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, यह समझौता किसानों के हितों की रक्षा करने और ग्रामीण आजीविका को बनाए रखने के लिए भारत की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इसके तहत मक्का, गेहूं, चावल, सोया, पॉल्ट्री, दूध, पनीर, एथेनॉल (ईंधन), तंबाकू, कुछ सब्जियां और मांस सहित संवेदनशील कृषि एवं डेयरी उत्पादों को पूरी तरह से संरक्षित किया गया है। इन वस्तुओं का संबंध भारत के छोटे और सीमांत किसानों की आजीविका से जुड़ा होने के कारण इन्हें संवेदनशील श्रेणी में रखा गया है। भारत ने अन्य मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) में भी संवेदनशील कृषि और डेयरी उत्पादों पर किसी तरह की आयात शुल्क रियायत नहीं दी है। हाल ही में यूरोपीय संघ, ब्रिटेन और ऑस्ट्रेलिया के साथ मुक्त व्यापार समझौतों को अंतिम रूप दिया गया है। कृषि और पशुपालन जैसी संबद्ध गतिविधियां भारत की ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं, जो 70 करोड़ से अधिक लोगों को रोजगार प्रदान करती हैं। विकसित अर्थव्यवस्थाओं के विपरीत, जहां कृषि अत्यधिक मशीनीकृत और निगमित क्षेत्र के रूप में है, भारत में यह एक बड़ी आबादी की आजीविका का साधन है।

### एसबीआई का मुनाफा तीसरी तिमाही में 13 प्रतिशत बढ़कर 21,317 करोड़ रुपये पर

मुंबई। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने शनिवार को बताया कि वित्त वर्ष 2025-26 की दिसंबर तिमाही में उसका एकीकृत शुद्ध लाभ 13.06 प्रतिशत बढ़कर 21,317 करोड़ रुपये रहा। सार्वजनिक क्षेत्र के इस बैंक ने पिछले साल की इसी अवधि में 18,853 करोड़ रुपये और पिछली सितंबर 2025 तिमाही में 21,137 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया था।

देश के सबसे बड़े ऋणदाता का एकल आधार पर शुद्ध लाभ दिसंबर तिमाही में 24.48 प्रतिशत बढ़कर 21,028 करोड़ रुपये रहा। पिछले साल की समान अवधि में यह आंकड़ा 16,891 करोड़ रुपये था। वित्त वर्ष 2024-25 की तीसरी तिमाही में एकल आधार पर कुल आय बढ़कर 1,40,915 करोड़ रुपये हो गई, जो एक साल पहले इसी तिमाही में 1,28,467 करोड़ रुपये थी। इस दौरान कुल खर्च 1,04,917 करोड़ रुपये से बढ़कर 1,08,052 करोड़ रुपये हो गया।

# अमेरिकी किसानों, उत्पादों को बड़े बाजार तक पहुंच देता है यह व्यापार समझौता: यूएसटीआर

एजेंसी



न्यूयॉर्क/ वाशिंगटन। अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि कार्यालय (यूएसटीआर) ने कहा है कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भारत के साथ हुए व्यापार समझौते के तहत अमेरिकी किसानों एवं उत्पादकों को दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में से एक तक बेहतर पहुंच दिला रहे हैं।

अमेरिका की विदेशी व्यापार नीति के विकास और प्रोत्साहन के लिए जिम्मेदार संस्था यूएसटीआर ने कहा कि भारत ने सभी अमेरिकी औद्योगिक उत्पादों और कृषि उत्पादों की एक विस्तृत शृंखला पर शुल्क खत्म करने या घटाने की प्रतिबद्धता जताई है। यूएसटीआर ने स्थानीय समयानुसार शुक्रवार को एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, पेड़ों से मिलने वाले मेवों, पशु आहार में प्रयुक्त होने वाले अनाज अवशिष्ट से लेकर लाल ज्वार और ताजे एवं प्रसंस्कृत फलों तक, अमेरिका-भारत समझौते से अमेरिकी उत्पादों के लिए नया बाजार खुलेगा। व्यापार प्रतिनिधि कार्यालय ने एक अन्य पोस्ट में कहा, ्राष्ट्रपति ट्रंप अमेरिकी किसानों और उत्पादकों की पहुंच को दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में से एक तक बढ़ा रहे हैं। भारत ने अमेरिकी औद्योगिक वस्तुओं एवं कृषि उत्पादों पर शुल्क घटाने या हटाने, लंबे समय से चली आ रही गैर-शुल्क बाधाओं को दूर करने, अधिक अमेरिकी वस्तुएं एवं सेवाएं खरीदने और 500 अरब डॉलर से अधिक के अमेरिकी उत्पादों की खरीद पर सहमति जताई है। समझौते के प्रावधानों का स्वागत करते हुए अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि दूत जैमीसन ग्रीर ने कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप की 'सौदा करने की खूबी' से अमेरिकी श्रमिकों और उत्पादकों के लिए दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में से एक के द्वार खुल रहे हैं। ग्रीर ने एक बयान में कहा, ्आज की घोषणा अमेरिका और भारत के बीच गहराते संबंधों को दर्शाती है, जिससे दोनों देशों के किसानों और उद्यमियों के लिए नए अवसर सृजित होंगे। अमेरिकी राष्ट्रपति के कार्यालय एवं निवास 'व्हाइट हाउस' ने एक संयुक्त बयान में कहा कि दोनों पक्ष एक दूसरे के लिए लाभकारी द्विपक्षीय व्यापार के लिए एक अंतरिम समझौते की रूपरेखा पर पहुंच गए हैं। ग्रीर ने कहा कि यह समझौता अमेरिका के औद्योगिक और कृषि उत्पादों पर शुल्क कम करने के साथ भारत के 1.4 अरब से अधिक उपभोक्ताओं वाले बाजार को अमेरिकी उत्पादों के लिए खोलने में मदद करेगा।

# यूपीएससी ने अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए कॉल सेंटर की समय-सीमा बढ़ाई

एजेंसी

नयी दिल्ली। संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) ने सिविल सेवा परीक्षा (सीएसई) 2026 और भारतीय वन सेवा (आईएफएस) परीक्षा 2026 के लिए आवेदन प्रक्रिया के दौरान अभ्यर्थियों को बेहतर मार्गदर्शन और सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से अपने कॉल सेंटर के संचालन समय में विस्तार की घोषणा की है।

अब कॉल सेंटर प्रतिदिन, शनिवार, रविवार और अवकाश के दिनों सहित, सुबह 7:00 बजे से रात 9:00 बजे तक दो पालियों में कार्य करेगा। इस पहल से अभ्यर्थियों को सामान्य कार्यालय समय से परे भी सहायता मिल सकेगी। इसके साथ ही कॉल सेंटर की क्षमता को दोगुना कर दिया गया है, ताकि आवेदन प्रक्रिया या परीक्षा संबंधी प्रश्नों के लिए संपर्क करने वाले उम्मीदवारों को कम प्रतीक्षा समय का सामना करना पड़े। यूपीएससी के अध्यक्ष डॉ. अजय कुमार ने कहा कि यह कदम अभ्यर्थियों को सभी आवश्यक सहायता उपलब्ध कराने की प्रतिबद्धता का हिस्सा है। उन्होंने कहा, ''इन उपायों का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि अभ्यर्थियों को हर संभव सहयोग मिले। कॉल सेंटर के विस्तारित संचालन समय सहित कई कदम उम्मीदवारों की सुविधा और समय पर सहायता के लिए उठाए गए हैं।' आयोग का मानना है कि इस पहल से अभ्यर्थियों के साथ संवाद और अधिक सुदृढ़ होगा, प्रश्नों का त्वरित समाधान संभव होगा और परीक्षा चक्र के इस महत्वपूर्ण चरण में निरंतर सहायता सुनिश्चित की जा सकेगी। यह परीक्षा प्रणाली को अधिक प्रभावी, उत्तरदायी और अभ्यर्थी-केंद्रित बनाने की दिशा में यूपीएससी के सतत प्रयासों का हिस्सा है।

# सेना प्रमुख ने पूंछ दौरे पर तैयारियों का जायजा लेने के साथ पुराने सहकर्मी से की मुलाकात

एजेंसी



नयी दिल्ली। सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने शनिवार को जम्मू-कश्मीर के पूंछ जिले में अग्रिम क्षेत्रों में तैनात जवानों से मुलाकात की और सेना की तैयारियों का जायजा लेने के साथ पड़ोस के गांव में अपने पुराने सहकर्मी सेवानिवृत सूबेदार परवेज अहमद से मुलाकात कर उनकी कुशल क्षेम भी पहुंची।

सेना प्रमुख ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान स्थानीय स्तर पर जवानों की मदद करने के लिए सूबेदार अहमद को सम्मानित भी किया। उन्होंने अग्रिम इलाकों में तैनात जवानों के मनोबल और सतर्कता की भी सराहना की। अग्रिम क्षेत्रों के दौरे के बाद जनरल द्विवेदी पूंछ के कामसर गांव भी गये। वहां उन्होंने 18 जम्मू-कश्मीर राइफल्स के सेवानिवृत्त सूबेदार (मानद कैप्टन) परवेज़ अहमद से मुलाकात की। यह मुलाकात विशेष थी क्योंकि दोनों पहले सेना में एक साथ सेवा कर चुके हैं। जब वर्ष 2002 से 2005 के बीच जनरल द्विवेदी बटालियन के कमांडिंग अफसर थे तब सूबेदार परवेज़ अहमद उसी यूनिट में थे। सूबेदार परवेज़ अहमद ने मार्च 1991 में सेना में भर्ती होकर मार्च 2019 में 25 साल की सेवा के बाद सेवानिवृत्ति ली। सेवा के दौरान उन्होंने अलग-अलग इलाकों में काम किया और कई बार प्रशिक्षण संस्थानों में जवानों को ट्रेनिंग भी दी। सेना से रिटायर होने के बाद सूबेदार परवेज़ अहमद समाज से जुड़े रहे। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान उन्होंने स्थानीय स्तर पर जवानों की मदद की। उन्होंने जरूरी सामान पहुंचाने और स्थानीय जानकारी साझा करने में सहयोग किया। यह सब उन्होंने कठिन हालात में किया। उनके इस योगदान को देखते हुए सेना प्रमुख ने उन्हें 'वेटरन अचीवर अवॉर्ड' से सम्मानित किया। इस मौके पर उनके परिवार के सदस्य, पूर्व सैनिक और आसपास के लोग भी मौजूद थे। इस दौरान इलाके के अन्य पूर्व सैनिक और स्थानीय लोग, जिनमें महिलाएं और बच्चे भी शामिल थे, सेना प्रमुख से मिले। बातचीत सहज और अनौपचारिक रही। पूंछ जैसे सीमावर्ती इलाकों में, जहां सेना और आम लोगों का रिश्ता बहुत करीब का होता है, यह दौरा बताता है कि सेवा खत्म होने के बाद भी सैनिकों और सेना का जुड़ाव बना रहता है।

# बाघ संरक्षण के बेहतर प्रबंधन के लिए क्षेत्रवार समीक्षा जरूरी : यादव

एजेंसी

नयी दिल्ली। पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने बाघों के प्रभावी संरक्षण के लिए नीतिगत निर्णयों की व्यापक समीक्षा को जरूरी बताते हुए कहा है कि इस बार में बेहतर प्रबंधन के लिए क्षेत्रवार चुनौतियों की पहचान आवश्यक है। श्री यादव ने राजस्थान के अलवर में 'बाघ रेंज राज्यों के मुख्य वन्यजीव वार्डन और बाघ अभ्यारण्यों के फील्ड निदेशकों के सम्मेलन' का उद्घाटन करते हुए शनिवार को कहा कि भारत ने बाघ संरक्षण के 50 वर्ष पूरे कर लिए हैं और यह व्यापक नीति समीक्षा का उपयुक्त समय है। उनका कहना था कि इस सम्मेलन में देश में बाघ संरक्षण की समग्र स्थिति की समीक्षा की जाएगी और प्रमुख नीतिगत, प्रबंधन और परिचालन संबंधी मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि बाघों के और बेहतर संरक्षण के लिए राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण (एनटीसीए) की अब तक हुई 28 बैठकों में लिए गए सभी नीतिगत निर्णयों की समीक्षा के लिए सम्मेलन बुलाया गया है ताकि उन निर्णयों की पहचान की जा सके जो अप्रचलित हो चुके हैं, जिन्हें लागू नहीं किया जा सका है और जिन्हें पूरी तरह से लागू किया जा चुका है। इस बैठक में उन्होंने सुझाव दिया कि पिछले पांच दशकों में इस संबंध में लिए गए नीतिगत निर्णयों पर औपचारिक नीतिगत वक्तव्यों को संकलित किया जाना चाहिए और इस मुद्दे को एनटीसीए की अगली बैठक के पहले एजेंडा आइटम के रूप में रखा जाना चाहिए। श्री यादव ने कहा कि बाघों की संख्या का आकलन, बचाव एवं पुनर्वास संबंधी बुनियादी ढांचा, मानव-वन्यजीव संघर्ष, बाघ अभ्यारण्य निधि का उपयोग और बाघ संरक्षण की नींव को मजबूत करने की आवश्यकता जैसे मुद्दों पर गहन विचार-विमर्श आवश्यक है। बाघों की संख्या में बदलाव सहित क्षेत्र-विशिष्ट चुनौतियों की समीक्षा करने और देश के बाघ अभ्यारण्यों में केंद्र प्रायोजित योजनाओं के कार्यान्वयन का आकलन करने के लिए चार कार्य समूहों के गठन का भी आह्वान करने के साथ ही उन्होंने प्रतिभागियों से एनटीसीए और भारतीय वन्यजीव संस्थान, भारतीय वनस्पति सर्वेक्षण, भारतीय प्राणी सर्वेक्षण और भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद जैसे संस्थानों के बीच समन्वय बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा करने को भी कहा।

# एआई शिखर सम्मेलन समावेशी, जिम्मेदार राष्ट्रों, नवोन्मेष्कों और नागरिकों को एक मंच पर लायेगा

एजेंसी

नयी दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में 16 से 20 फरवरी तक होने वाले 'इंडिया एआई इम्पैक्ट' समिट का उद्देश्य वैश्विक एआई चर्चाओं को जमीनी स्तर पर लोगों, विशेष रूप से विकासशील अर्थव्यवस्थाओं और वैश्विक दक्षिण के देशों के लिए वास्तविक और उपयोगी परिणामों में बदलना है। यह बात इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट पर इंडिया एआई मिशन के सीईओ अभिषेक सिंह ने शुक्रवार को डिजिटल इंडिया ऽहमारे विशेषज्ञों से पूछो (आस्क अवर एक्सपर्ट्स) कार्यक्रम में कही। श्री सिंह ने कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) अब भविष्य की अवधारणा नहीं है। यह भारतीयों के सीखने, काम करने, सेवाओं तक पहुंचने और रोजमर्रा की समस्याओं को हल करने के तरीके को नया आकार दे रहा है। श्री सिंह ने कहा कि इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट के माध्यम से, भारत वैश्विक एआई चर्चा को 'इरादे से प्रभाव' की तरफ बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि एआई नवाचार, कौशल और लाभ सभी के लिए सुलभ हों, विशेष रूप से वैश्विक दक्षिण के देशों के लिए। श्री सिंह ने इस बात पर ज़ोर दिया गया कि एआई किसानों को फसल नियोजन में सुधार करने, डॉक्टरों को तेज़ी से और अधिक सटीक निदान करने, शिक्षकों को व्यक्तिगत शिक्षण उपकरण उपलब्ध कराने, छोटे व्यवसायों और स्टार्ट अप्स को तेज़ी से आगे बढ़ने में सहायता करने और नौकरी चाहने वालों को नए करियर विकल्प खोजने में मदद कर सकता है। शिखर सम्मेलन ऐसे व्यावहारिक उपयोगों को प्रदर्शित करेगा, जिससे यह पता चलेगा कि एआई केवल स्वचालन का साधन नहीं बल्कि समावेशन, दक्षता और सशक्तिकरण का साधन कैसे बन सकता है। श्री सिंह ने कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता का उद्देश्य लोगों का स्थान लेना नहीं, बल्कि इसका उद्देश्य उन्हें सशक्त बनाना है। उनहोंने कहा कि इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट का उद्देश्य नागरिकों को यह समझने में मदद करना है कि एआई दैनिक जीवन को कैसे बेहतर बना सकता है, नए अवसर पैदा कर सकता है और भारत को भविष्य के लिए तैयार कर सकता है।'' श्री सिंह ने स्पष्ट किया कि एआई का उद्देश्य मनुष्यों को प्रतिस्थापित करना नहीं, बल्कि मानवीय क्षमताओं को बढ़ाना है। यद्यपि कुछ कार्य बदलेंगे, एआई से नए रोजगार, नए कौशल और नए अवसर सृजित होने की उम्मीद है–विशेष रूप से भारत के युवाओं, पेशेवरों, शोधकर्ताओं और उद्यमियों के लिए। नागरिकों को व्यवधान के भय के बजाय निरंतर सीखने, अनुकूलनशीलता और एआई साक्षरता पर ध्यान केंद्रित करने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

# भारत-अमेरिका व्यापार समझौता एक बड़ी उपलब्धि : भाजपा

नयी दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी ने भारत-अमेरिका अंतरिम व्यापार समझौते को बड़ी उपलब्धि बताया है। भाजपा प्रवक्ता श्री सुधांशु त्रिवेदी ने शनिवार को पार्टी मुख्यालय में केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल द्वारा दिये गये भारत-अमेरिका व्यापार समझौते के प्रारंभिक विवरणों का हवाला देते हुए कहा कि अब किसी भी प्रकार के संदेह या भ्रम की गुंजाइश नहीं बचती, जबकि विपक्ष लगातार गलतफहमी फैलाने की कोशिश कर रहा है। डॉ. त्रिवेदी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी और सक्षम नेतृत्व में सरकार ने इस समझौते को आगे बढ़ाते हुए किसानों, मजदूरों, डेयरी और दुग्ध उत्पादन से जुड़े लोगों के हितों की पूरी तरह रक्षा की है। उन्होंने दावा किया कि समझौते से सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योगों (एमएसएमई) के लिए दुनिया की सबसे बड़ी और विकसित अर्थव्यवस्था अमेरिका के बाजार तक पहुंच का मार्ग प्रशस्त होगा।

# जो समाज अपनी संस्कृति से कट जाता है, वह उस वृक्ष के समान है जिसकी कोई जड़ ही नहीं होती : प्रो निरंजन

एजेंसी



नई दिल्ली। दिल्ली विश्वविद्यालय की मूल्य संवर्धन पाठ्यक्रम समिति द्वारा 'प्राचीन भारतीय परम्पराओं में नैतिकता और मूल्य' विषय पर दो दिवसीय क्षमता संवर्धन कार्यशाला (कैपिसिटी बिल्डिंग वर्कशॉप) का आयोजन किया गया। दिल्ली विश्वविद्यालय के विभिन्न महाविद्यालयों में पढ़ाने वाले शिक्षकों के लिए आयोजित इस कार्यशाला के उद्घाटन सत्र में मूल्य संवर्धन पाठ्यक्रम समिति के अध्यक्ष प्रो. निरंजन कुमार ने प्रश्न उठाया कि आज रोबोटिक्स और इक्र के युग में हमें प्राचीन भारतीय संस्कृति पर बात करने की आवश्यकता क्यों है? उन्होंने कहा जो समाज अपनी संस्कृति से कट जाता है, वह उस वृक्ष के समान है जिसकी कोई जड़ ही नहीं होती है। हमारे देश में साजिशन हमारी संस्कृति को भुलाने का कार्य किया गया है। संस्कृति के खिलाफ कई प्रकार के नैरेटिव इतिहास की पुस्तकों के माध्यम से गढ़े गए। आज इतिहास की पुस्तकों को पुनः लिखे जाने की आवश्यकता है। हमें अपने वेद-उपनिषदों को आज और भी अधिक जानने की आवश्यकता है क्योंकि समाज में यह भ्रम है कि विभिन्न लोकतांत्रिक मूल्य तत्व यूरोप से आए हैं। कहा जाता है कि समानता स्वतंत्रता और बंधुत्व या लोकतंत्र इत्यादि मूल्य पश्चिम से हमारे यहाँ आए। जबकि सत्य तो यह है कि वेद पुराण, उपनिषद्, बौद्ध और जैन मत आदि में इनका सार स्पष्ट रूप से मौजूद है। आगे प्रो. कुमार ने देश के लिए भारत नाम पर जोर देते हुए कहा कि देर से ही सही लेकिन आज पुनः भारत अपनी अस्मिता को प्राप्त कर रहा है। नरेंद्र मोदी की वर्तमान सरकार के समय पहली बार हमने देखा है कि 'प्रेसिडेंट ऑफ भारत' या फिर 'प्राइम मिनिस्टर ऑफ भारत' का प्रयोग हो रहा है।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दैनिक जागरण के कार्यकारी संपादक श्री विष्णु त्रिपाठी ने कहा कि नैतिकता और मूल्य भारतीय समाज के डीएनए में रहे हैं। हालाँकि प्रत्येक पीढ़ी अपनी पिछली पीढ़ी से अधिक तार्किक होती है, लेकिन यदि उसे सही दृष्टि प्रदान की जाए।

# अमेरिकी व्यापार समझौते में किसानों के हित सुरक्षित : शिवराज सिंह चौहान

सीहोर (मध्यप्रदेश)। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने अमेरिका के साथ हुए समझौते पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि इस व्यापार समझौते में देश और किसानों के हित पूरी तरह सुरक्षित रखे गए हैं। श्री चौहान ने यहां आयोजित एक कार्यक्रम में कहा, ''हमारी सारी फसलें सुरक्षित हैं। इस समझौते के अंतर्गत न तो मक्का आएगा, न गेहूं, न चावल, न सोयाबीन, न पोल्ट्री उत्पाद, न दूध-पनीर, न इथेनॉल, न ईंधन और न ही ऐसा कोई कृषि या डेयरी उत्पाद, जो हमारे किसानों के हितों को प्रभावित करे। वह यहां दलहन पोर्टल के शुभारंभ के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में लोगों को संबोधित कर रहे थे। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि इस समझौते से निर्यात के नए अवसर खुलेंगे। बासमती चावल को वैश्विक बाजार में और विस्तार मिलेगा। मसालों के निर्यात से किसानों की आय बढ़ेगी। टेक्सटाइल क्षेत्र के विस्तार से कपास उगाने वाले किसानों को सीधा लाभ पहुंचेगा। श्री चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री जी ने साफ कहा था कि ''मैं देश नहीं झुकने दूंगा।'' आज भारत का किसान सुरक्षित है। भारत की खेती सुरक्षित है। भारत का स्वाभिमान सुरक्षित है।

## संसद में इस हफ्ते का घटनाक्रम अलोकतांत्रिक और अभूतपूर्व : राहुल

नयी दिल्ली। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा है कि बजट सत्र के पहले सप्ताह के दौरान संसद में जो कुछ हुआ वह न केवल अभूतपूर्व बल्कि अलोकतांत्रिक भी था।

श्री गांधी ने शुक्रवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में देशवासियों को संबोधित करते हुए कहा ''मेरे प्यारे देशवासियों और साथियों, इस हफ्ते संसद में कुछ ऐसा हुआ, जो न सिर्फ़ अभूतपूर्व था, बल्कि पूरी तरह अलोकतांत्रिक भी था। लोकसभा में विपक्ष के नेता तौर पर, जब मैंने एक गंभीर राष्ट्रीय सुरक्षा संकट के दौरान प्रधानमंत्री मोदी की ज़िम्मेदारी से पीछे हटने पर सवाल उठाया, तो मुझे बोलने ही नहीं दिया गया। उन्होंने आगे कहा कि पूर्व सेना प्रमुख जनरल एम.एम. नरवणे की किताब में सामने आए तथ्यों ने एक असहज सच्चाई उजागर की है कि जब चीन भारत पर दबाव बना रहा था, तब प्रधानमंत्री हमारी सेना के साथ खड़े नहीं हुए इसीलिए बहस रोकी गई और इसीलिए संसद को ख़ामोश भी किया गया। श्री गांधी ने कहा ''यह सरकार डर से चलती है-जवाबदेही के डर से और सच्चाई के डर से। भारत को जवाब चाहिए और उसे ऐसी संसद चाहिए जहां स्वतंत्रता से बोला जा सके।

# अमृत काल में राष्ट्र निर्माण का आधार है युवा शक्ति : प्रो शर्मा

एजेंसी

नयी दिल्ली। राष्ट्र निर्माण केवल अधिकारों की मांग से नहीं, बल्कि कर्तव्यों के सजग और ईमानदार निर्वहन से संभव है इसलिए निर्माण के लिए युवा शक्ति के इस महत्व को समझना जरूरी है। अमृत काल में यह युवा शक्ति ही राष्ट्र निर्माण की सबसे मजबूत आधारशिला है। यह विचार केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के आदर्श योजना प्रभारी प्रो. कुलदीप शर्मा ने यहां 17वें जनजातीय युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम में व्यक्त किए। यह कार्यक्रम युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के तत्वावधान तथा गृह मंत्रालय के समन्वय से 6 से 12 फरवरी तक यहां आनंद धाम में आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम का उद्देश्य जनजातीय युवाओं को राष्ट्र की सामाजिक-सांस्कृतिक संस्थाओं, राष्ट्रीय विरासत, नेतृत्व क्षमता तथा राष्ट्र निर्माण की मूल अवधारणाओं से परिचित कराना है। इसमें देश के विभिन्न जनजातीय बहुल जिलों से आए करीब 200 जनजातीय युवा प्रतिभागियों के साथ ही सीआरपीएफ, आईटीबीपी, बीएसएफ सहित विभिन्न सुरक्षा एजेंसियों के 220 प्रतिभागी सहभागिता कर रहे हैं। इस कार्यक्रम में प्रतिभागी छत्तीसगढ़ के बस्तर, बीजापुर, कांकेर, नारायणपुर एवं मोहला-मनपुर-अम्बागढ़ चौकी, झारखंड के पश्चिम सिंहभूम, मध्य प्रदेश के बालाघाट, ओडिशा के कंधमाल व कालाहांडी तथा महाराष्ट्र के गढ़िचरौली जिलों से शामिल हुए हैं। इस दौरान अमृत काल में राष्ट्र निर्माण एवं देशभक्ति में युवाओं की भूमिका विषय पर विशेष व्याख्यान आयोजित किया गया जिसमें प्रो. कुलदीप शर्मा ने कहा कि युवाओं को विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से अपने मौलिक अधिकारों एवं कर्तव्यों की व्यावहारिक समझ हासिल करते हुए राष्ट्र निर्माण में अपनी निर्णायक भूमिका, नेतृत्व क्षमता, सक्रिय सहभागिता एवं दायित्वों पर फोकस करना चाहिए।

कार्यक्रम में राष्ट्रीय दृष्टिकोण, सांस्कृतिक समन्वय एवं आपसी समझ को सुदृढ़ विभिन्न राज्यों से आए युवाओं को एक साझा मंच प्रदान करते हुए निर्णय लिया गया कि आने वाले दिनों में प्रतिभागियों के लिए क्षेत्रीय भ्रमण, सांस्कृतिक आदान-प्रदान, कौशल विकास, नेतृत्व प्रशिक्षण तथा भारत की लोकतांत्रिक संस्थाओं से परिचय से संबंधित विविध गतिविधियाँ आयोजित की जाएँगी।

# पेज एक का शेष

## किसान सुरक्षित...

तहत अमेरिका ने रूस से कच्चा तेल खरीदने को लेकर भारत पर लगाया गया 25 प्रतिशत दंडात्मक आयात शुल्क भी हटा लिया है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 6 फरवरी को इस संबंध में एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए, जो 7 फरवरी से प्रभावी हो गया। अपने आदेश में राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा कि भारत ने रूसी संघ से प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से तेल आयात बंद करने की प्रतिबद्धता जताई है, अमेरिका से ऊर्जा उत्पाद खरीदने पर सहमति व्यक्त की है और हाल ही में अगले दस वर्षों में रक्षा सहयोग बढ़ाने के लिए अमेरिका के साथ एक फ्रेमवर्क पर भी सहमति बनाई है। इन तथ्यों के आलोक में उन्होंने अतिरिक्त शुल्क हटाने को आवश्यक और उचित बताया। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने अंतरिम व्यापार समझौते को लेकर देश में उठ रही आशंकाओं को खारिज करते हुए स्पष्ट किया कि इस समझौते में भारतीय किसानों के हितों के साथ कोई समझौता नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि भारत जिन कृषि उत्पादों में आत्मनिर्भर है, उन्हें पूरी तरह समझौते से बाहर रखा गया है। उन्होंने बताया कि जीएम (अनुवांशिक रूप से संशोधित) फसलें, मांस, पोल्ट्री, डेयरी उत्पाद, चावल, गेहूं, मक्का, चीनी, ज्वार, बाजरा, रागी, मिलेट्स, मसाले, फल और सब्जियों के आयात को किसी भी प्रकार की रियायत नहीं दी गई है। दूध, घी, मक्खन, पनीर, दही, व्हे उत्पाद, फ्रोजन सब्जियां और मसालों की पूरी श्रृंखला इस समझौते के दायरे से बाहर है।

पीयूष गोयल ने कहा कि कुछ 'किसान विरोधी तत्व' इस समझौते को लेकर दुष्प्रचार कर रहे हैं, जबकि सच्चाई यह है कि यह समझौता किसानों, एमएसएमई, कारीगरों और घरेलू उद्योगों के हितों की रक्षा करता है। उन्होंने कहा कि किसी भी जीएम उत्पाद पर शुल्क कम नहीं किया गया है और न ही संवेदनशील कृषि क्षेत्रों में बाजार खोला गया है। उन्होंने दोहराया कि मोदी सरकार की नीति स्पष्ट है–किसानों के हित सर्वोपरि हैं और किसी भी व्यापार समझौते में उनसे समझौता नहीं किया जाएगा। वाणिज्य मंत्री ने कहा कि इस समझौते के तहत अमेरिका में भारतीय उत्पादों पर आयात शुल्क घटकर 18 प्रतिशत या कई मामलों में शून्य हो जाएगा, जिससे लगभग 30 अरब डॉलर का अमेरिकी बाजार भारतीय निर्यातकों के लिए खुलेगा। खिलौने, खेल सामग्री, कपड़े, वस्त्र, हस्तशिल्प, दवाएं, स्मार्टफोन, हीरे-जवाहरात, चाय और कॉफी जैसे उत्पादों को विशेष लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि अमेरिकी बाजार में 18 प्रतिशत शुल्क भारत के पड़ोसी और प्रतिस्पर्धी देशों की तुलना में कम है, जिससे भारतीय उत्पादों की प्रतिस्पर्धात्मक स्थिति मजबूत होगी। संयुक्त बयान के अनुसार भारत अगले पांच वर्षों में अमेरिका से लगभग 500 अरब डॉलर के ऊर्जा उत्पाद, विमान, विमान पुर्जे, बहुमूल्य धातुएं, तकनीकी उत्पाद और कोकिंग कोयला खरीदने का इरादा रखता है। दोनों देश ग्राफिक्स प्रोसेसिंग यूनिट (जीपीयू), डेटा सेंटर उपकरणों और अन्य उन्नत तकनीकी उत्पादों में व्यापार बढ़ाने और संयुक्त तकनीकी सहयोग का विस्तार करेंगे। इसके साथ ही दोनों देशों ने डिजिटल व्यापार में भेदभावपूर्ण या बोझिल प्रथाओं को समाप्त करने और मजबूत, महत्वाकांक्षी तथा पारस्परिक रूप से लाभकारी डिजिटल व्यापार नियमों को विकसित करने की प्रतिबद्धता जताई है। पीयूष गोयल ने अंतरिम व्यापार समझौते को 'विकसित भारत 2047' के लक्ष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर बताया। उन्होंने कहा कि यह समझौता भारतीय निर्यातकों, एमएसएमई इकाइयों, किसानों, कारीगरों, युवाओं और महिलाओं को समर्पित है और इससे देश की अर्थव्यवस्था को नई गति मिलेगी। संयुक्त बयान के अनुसार, भारत और अमेरिका इस अंतरिम ढांचे को तुरंत लागू करेंगे और व्यापक द्विपक्षीय व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने की दिशा में कार्य करेंगे, ताकि पारस्परिक रूप से लाभकारी और संतुलित व्यापार का रोडमैप तय किया जा सके।

## यूएस ट्रेड ...

में चीन के प्रभाव को संतुलित करने की कोशिशों में जुटा है। पिछले छह महीनों में पाकिस्तान की कूटनीति काफी सक्रिय रही है। सेना प्रमुख असीम मुनीर तीन बार अमेरिका दौरे पर गए और राष्ट्रपति ट्रंप से दो बार मुलाकात भी की। जून में हुई लंच मीटिंग को पाकिस्तान ने बड़ी कूटनीतिक उपलब्धि के रूप में प्रचारित किया था। लेकिन अमेरिका द्वारा जारी यह नक्शा पाकिस्तान के लिए बड़ा राजनीतिक और कूटनीतिक झटका माना जा रहा है। विश्लेषकों का कहना है कि यह कदम पाकिस्तान की वॉशिंगटन लॉबिंग को कमजोर करता है। रक्षा और रणनीतिक मामलों के जानकारों ने अमेरिका के इस कदम को खुलकर सराहा है। रिटायर्ड मेजर गौरव आर्य ने सोशल मीडिया पर लिखा, मैप के लिए अमेरिका को पूरे नंबर। यह एक स्पष्ट और मजबूत संदेश है। एक अन्य विश्लेषक ने कहा, ट्रेड डील अहम है, लेकिन असली गेमचेंजर यह नक्शा है।

## रूस से तेल खरीद...

सार्वजनिक रूप से कहा है कि 1.4 अरब भारतीयों की ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए बाज़ार परिस्थितियों और बदलते अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य को ध्यान में रखते हुए ऊर्जा स्रोतों में विविधता लाना हमारी रणनीति का मूल आधार है। भारत के सभी कदम इसी उद्देश्य को ध्यान में रखकर उठाये गए हैं और आगे भी लिए जाते रहेंगे। उल्लेखनीय है कि भारत के साथ अंतरिम व्यापार समझौते की घोषणा के बाद से अमेरिका कहता रहा है कि भारत ने रूस से तेल की खरीद बंद करने की प्रतिबद्धता जताई है। अमेरिका ने रूस से कच्चा तेल खरीदने के लिए पिछले साल अगस्त में भारत पर लगाया गया 25 प्रतिशत दंडात्मक आयात शुल्क शनिवार को हटा लिया । राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को इस संबंध में एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किया। यह आदेश प्रभावी हो गया है। आदेश में उन्होंने कहा, '' मुझे भारत के प्रयासों के संबंध में वरिष्ठ अधिकारियों से अतिरिक्त जानकारी और सिफारिशें प्राप्त हुई हैं। विशेष रूप से, भारत ने रूसी संघ से तेल का प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष आयात बंद करने की प्रतिबद्धता जतायी है। उसने बताया है कि वह अमेरिका से ऊर्जा उत्पादों की खरीद करेगा, और हाल ही में उसने अगले 10 वर्षों में रक्षा सहयोग का विस्तार करने के लिए अमेरिका के साथ एक फ्रेमवर्क पर सहमति व्यक्त की है।''

## 'हिंदू पहचान नहीं...

होने में गर्व की क्या बात है। तीसरे, वे जो धीरे से कहते हैं कि हम हिंदू हैं और केवल घर में पूछने पर बताते हैं। और चौथे, वे जो भूल गए हैं कि वे हिंदू हैं या जिन्हें भूलने के लिए विवश कर दिया गया है। संघ के संस्थापक डॉ. हेडगेवार का उल्लेख करते हुए भागवत ने कहा कि कठिन परिस्थितियों में भी उन्होंने दो बातें कभी नहीं छोड़ीं–एक, पढ़ाई में हमेशा प्रथम श्रेणी में रहना और दूसरा, देशहित के कार्यों में सक्रिय भागीदारी। यही उनके जीवन के स्थायी मूल्य थे। अपने संबोधन के अंत में भागवत ने कहा कि धर्मनिरपेक्षता शब्द ठीक नहीं है, बल्कि पंथनिरपेक्षता अधिक उपयुक्त शब्द है, क्योंकि धर्म जीवन का आधार है।

## 51 माओवादियों ...

विजय भी है। यह दर्शाता है कि हिंसा के बजाय बातचीत और पुनर्स्थापना का रास्ता अधिक प्रभावी हो सकता है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, इन 51 माओवादियों को राज्य सरकार की पुनर्वास नीति के तहत सभी संभव सहायता और सुरक्षा प्रदान की जाएगी। उनके पुनर्वास और समाज की मुख्यधारा में एकीकरण की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इस पूरे आत्मसमर्पण की प्रक्रिया को सुचारू बनाने के लिए विभिन्न सुरक्षा एजेंसियों और प्रशासनिक अधिकारियों ने समन्वय से कार्य किया। पुलिस से ही मिली जानकारी के अनुसार, ''पूना मारगेमः पुनर्वास से पुनर्जीवन'' अभियान विशेष रूप से नक्सलवाद से प्रभावित युवाओं और कैडरों को राष्ट्रीय मुख्यधारा से जोड़ने के लिए चलाया गया एक विशेष प्रयास है। इस आत्मसमर्पण से जुड़े संपूर्ण विवरण, जिसमें शामिल व्यक्तियों की पहचान, उनसे बरामद सामान उन पर घोषित ईनाम राशि आदि की जानकारी प्रक्रिया के पूर्ण होते ही साझा किए जाएंगे।

## घूसखोर पंडत का...

के आत्मसमर्पण की मजबूरी के पीछे छिपा गहरा राज क्या है? क्या ये 'बनी वहां, पहुंची यहां' जैसा कोई एक पक्षीय मामला है? क्या डील के नाम पर भाजपा सरकार 'डॉटेड लाइन' पर केवल हस्ताक्षर करने के लिए बाध्य है? उन्होंने कहा कि यह डील नहीं ढील. भाजपा सरकार ने देश का बाजार अमेरिका को सौंप दिया है. यह समझौता नहीं समर्पण है। उन्होंने देश में 18727 सरकारी स्कूलों के बंद करने पर कहा कि पीडीए पाठशाला' के सांकेतिक आंदोलन को एक वास्तविक आंदोलन के रूप में बदलना होगा, तभी शोषित-वंचित समाज की पीढ़ियां आगे पढ़ और बढ़ पाएंगी।

## विश्वास भारत की...

सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ शामिल थीं। कलाकारों ने भरतनाट्यम, कथक, कथकली, कुचिपुड़ी, यक्षगान, लावणी और ओडिसी सहित भारतीय शास्त्रीय और लोक नृत्य शैलियों का रंगारंग संगम प्रस्तुत किया, जो भारत की सांस्कृतिक विविधता का उत्सव था। जब दोनों नेता साथ में कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे तो नारों से उनका स्वागत किया गया। आयोजकों ने बताया कि इस विशाल नृत्य प्रस्तुति ने भारतीय नृत्य कार्यक्रम में सबसे अधिक कलाकारों की भागीदारी के लिए 'मलेशियन बुक ऑफ रिकॉर्ड्स' में स्थान प्राप्त किया है। प्रधानमंत्री इब्राहिम ने अपने ''भारत से आए करीबी मित्र'' का स्वागत करते हुए प्रसन्नता व्यक्त की और दोनों देशों के बीच औपचारिक राजनयिक संबंधों से भी पहले के गहरे ऐतिहासिक तथा सभ्यतागत संबंधों को याद किया। उन्होंने कहा कि भारत मलेशिया के प्रमुख व्यापारिक साझेदारों में से एक है। उन्होंने लोगों के बीच मजबूत संपर्क का उल्लेख करते हुए बताया कि पिछले वर्ष 15 लाख से अधिक भारतीय पर्यटकों ने मलेशिया का दौरा किया। श्री मोदी के संबोधन ने इस यात्रा के दौरान होने वाली आधिकारिक बैठकों की दिशा तय की, जिसमें दोनों देशों के बीच व्यापार, प्रौद्योगिकी, ऊर्जा, डिजिटल अवसंरचना और सांस्कृतिक आदान-प्रदान में सहयोग को और मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित किए जाने की उम्मीद है।

# सीएम नीतीश ने 1224 नवनियुक्त डॉक्टरों को सौंपे नियुक्ति पत्र

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




पटना। बिहार की स्वास्थ्य व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शनिवार को ऊर्जा ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम में 1224 नवनियुक्त विशेषज्ञ एवं सामान्य चिकित्सा पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए। यह कार्यक्रम स्वास्थ्य विभाग की ओर से आयोजित किया गया।

समारोह के दौरान मुख्यमंत्री ने अनुभव प्रकाश, मृणाल कुमार, रौशन कुमार, नेहा कुमारी, रविरंजन कुमार, उत्कर्ष शर्मा, आशीष रंजन, आलोक रंजन और अभिषेक कुमार को सांकेतिक रूप से नियुक्ति पत्र सौंपे। इस अवसर पर उपस्थित अन्य नवनियुक्त चिकित्सा पदाधिकारियों में भी उत्साह का माहौल देखा गया। मुख्यमंत्री ने सभी नवनियुक्त डॉक्टरों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि राज्य सरकार स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर और सुलभ बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने कहा, उम्मीद है कि आप सभी अपनी जिम्मेदारियों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करेंगे और जनता की सेवा को सर्वोपरि रखेंगे। उन्होंने कहा कि चिकित्सकों की भूमिका समाज में अत्यंत महत्वपूर्ण होती है, विशेषकर ग्रामीण और दूरदराज़ क्षेत्रों में जहां गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं की अधिक आवश्यकता है। नवनियुक्त विशेषज्ञ और सामान्य चिकित्सा पदाधिकारी राज्य के स्वास्थ्य ढांचे को मजबूत बनाने में अहम योगदान देंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार का लक्ष्य है कि राज्य के प्रत्येक नागरिक को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध हो। इसके लिए मानव संसाधन की उपलब्धता सुनिश्चित करना आवश्यक है और यह नियुक्ति उसी दिशा में एक बड़ा कदम है। समारोह के अंत में मुख्यमंत्री ने सभी को समर्पण और सेवा भाव से कार्य करने का संदेश दिया। कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारी, चिकित्सा क्षेत्र से जुड़े गणमान्य व्यक्ति और नवनियुक्त चिकित्सक उपस्थित रहे।

# बिहार के हर गांव में बनेगी दुग्ध उत्पादन समिति

## पशुपालकों को मिलेगा उचित मूल्य : नीतीश कुमार

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



पटना। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शनिवार को कहा कि 'सात निश्चय-3' के तीसरे निश्चय 'कृषि में प्रगति-प्रदेश में समृद्धि' के तहत डेयरी उद्योग को बढ़ावा देने के लिए राज्य के प्रत्येक गांव में दुग्ध उत्पादन समिति के गठन का निर्णय लिया गया है, ताकि पशुपालकों को दूध का उचित मूल्य मिल सके।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के कुल 39,073 गांवों में से 25,593 गांवों में दुग्ध उत्पादन समितियों का गठन किया जा चुका है। शेष सभी गांवों में अगले दो वर्षों के भीतर समितियों का गठन करने का निर्देश पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग को दिया गया है। इससे पशुपालकों की आमदनी बढ़ेगी और राज्य में दूध की उपलब्धता में भी वृद्धि होगी। उन्होंने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि 'सात निश्चय-2' के तहत राज्य के सभी प्रखंडों में सुधा दुग्ध बिक्री केंद्र स्थापित किए जा चुके हैं। अब 'सात निश्चय-3' के अंतर्गत राज्य की सभी पंचायतों में भी सुधा दुग्ध बिक्री केंद्र खोलने का निर्णय लिया गया है। कुमार ने कहा कि राज्य की कुल 8,053 पंचायतों में से अभी तक 100 पंचायतों में सुधा दुग्ध बिक्री केंद्र स्थापित हो चुके हैं। शेष 7,953 पंचायतों में वित्त वर्ष 2026-27 के अंत तक केंद्र खोलने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने कहा कि पंचायतों में खुलने वाले नए सुधा दुग्ध बिक्री केंद्रों को प्राथमिकता के आधार पर मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना से लाभान्वित जीविका दीदियों को आवंटित किया जाएगा, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में महिला उद्यमिता को बढ़ावा मिलेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में डेयरी व्यवसाय के विस्तार से ग्रामीण इलाकों में स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे और लोगों की आमदनी बढ़ेगी। साथ ही दूध और दुग्ध उत्पादों की उपलब्धता सुनिश्चित होगी, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत होगी और राज्यवासियों के जीवन में समृद्धि आएगी।

# संक्षिप्त समाचार

### आरटीओ ऑफिस में जिला अधिकारी का छापा, अधिकारियों को सख्त निर्देश

**हल्द्वानी।** आरटीओ कार्यालय में जिलाधिकारी नैनीताल ललित मोहन रयाल ने अचानक छापेमारी की। डीएम की कार्रवाई से विभागीय अधिकारियों के साथ-साथ दलालों में हड़कंप मच गया और कार्यालय परिसर से दलाल फरार हो गए। डीएम ने आरटीओ कार्यालय के सभी अनुभागों का निरीक्षण किया और कर्मचारियों को नेम प्लेट व आईकार्ड अनिवार्य रूप से लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने विभाग में किसी भी कार्य की पेंडेंसी न रखने के निर्देश दिए। डीएम ने कहा कि यदि कोई बाहरी व्यक्ति लाइसेंस या वाहन पंजीकरण जल्द कराने के नाम पर हस्तक्षेप करता है तो उसे परिसर से बाहर किया जाए और उसके खिलाफ कार्रवाई की जाए। साथ ही आरटीओ कार्यालय में सीसीटीवी कैमरों और रिकॉर्ड सिस्टम को दुरुस्त करने के निर्देश दिए गए, ताकि पारदर्शिता के साथ काम सुनिश्चित हो सके। इस दौरान आरटीओ हल्द्वानी गुरदेव सिंह समेत कई अन्य परिवहन विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

### श्री गुरु नानक देव जी के सम्मान के खिलाफ टिप्पणी करने के लिए गुरजंत सिंह श्री अकाल तख्त साहिब पर तलब

**अमृतसर।** हाल ही में हुए एक गुरमत कार्यक्रम के दौरान श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी की मौजूदगी में श्री गुरु नानक देव जी के सम्मान और आदर के खिलाफ की गई टिप्पणियों से जुड़े एक मामले में, बरनाला के गुरजंत सिंह को अपना लिखित स्पष्टीकरण देने के लिए श्री अकाल तख्त साहिब में बुलाया गया है। श्री अकाल तख्त साहिब के जत्थेदार ज्ञानी कुलदीप सिंह गड़गज्ज द्वारा शनिवार को जारी के निर्देशों के अनुसार, गुरजंत सिंह को 9 फरवरी, 2026 को सुबह दस बजे श्री अकाल तख्त साहिब के सचिवालय में व्यक्तिगत रूप से पेश होने और जत्थेदार ज्ञानी कुलदीप सिंह गड़गज्ज के सामने अपना स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया है।

### बुजुर्ग महिला की गोली मारकर हत्या

**होशियारपुर।** पंजाब में होशियारपुर जिले के मेहंदवानी गुजरां गांव में शनिवार तड़के एक अज्ञात मोटरसाइकिल सवार हमलावर ने 62 वर्षीय महिला की गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस उपाधीक्षक दलजीत सिंह खाख ने बताया कि यह घटना सुबह करीब 5.30 बजे हुई जब महिला पास के एक धार्मिक स्थल, 'भूरी वाले दी कुटिया' में मत्था टेकने के बाद घर लौट रही थी। हमलावर ने उस पर कई गोलियां चलाईं, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। उन्होंने बताया कि घायल अवस्था में महिला को सिविल अस्पताल ले जाते समय रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। हमले के बाद आरोपी अपनी मोटरसाइकिल पर फरार हो गया।

### फिल्म 'गोदान' उत्तराखंड में टैक्स फ्री, मुख्यमंत्री धामी ने दिए निर्देश

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने किसान परंपरा, ग्रामीण जीवन और गोवंश के महत्व पर आधारित फिल्म 'गोदान' को उत्तराखंड में टैक्स फ्री करने के निर्देश दिए हैं। यह फिल्म 6 फरवरी को देशभर के सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है। फिल्म भारतीय संस्कृति व पारंपरिक मूल्यों को समाज तक पहुंचाने का संदेश देती है। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि गाय केवल धर्म और आस्था का विषय नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति, समाज और ग्रामीण अर्थव्यवस्था का अभिन्न हिस्सा है। उन्होंने कहा कि इस तरह की फिल्में समाज में सकारात्मक सोच और संवेदनशीलता को बढ़ावा देती हैं, इसलिए इन्हें प्रोत्साहित किया जाना आवश्यक है। धामी ने बताया कि राज्य सरकार गोवंश संरक्षण की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है। प्रदेश में गोसदनों को बढ़ावा दिया जा रहा है, जिससे निराश्रित और बेसहारा गोवंश की समुचित देखभाल सुनिश्चित हो सके। साथ ही गोपालकों और पशुपालकों को विभिन्न सरकारी योजनाओं के माध्यम से लाभ पहुंचाया जा रहा है, ताकि उनकी आय में वृद्धि हो और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिले। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि उत्तराखंड सरकार सामाजिक, सांस्कृतिक और जनहित से जुड़े विषयों पर आधारित फिल्मों और रचनात्मक प्रयासों को भविष्य में भी प्रोत्साहित करती रहेगी।

### शासकीय विद्यालयों के साथ सौतेला व्यवहार बर्दाश्त नहीं होगा : डॉ. घनश्याम गुप्ता

**हरिद्वार।** उत्तरांचल प्रधानाचार्य परिषद की जनपदीय इकाई की वार्षिक बैठक शुक्रवार को डॉ. हरिराम आर्य इंटर कॉलेज, मायापुर में सम्पन्न हुई। बैठक में परिषद के प्रांतीय संरक्षक डॉ. घनश्याम गुप्ता ने कहा कि शासकीय विद्यालयों के साथ सौतेला व्यवहार किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अशासकीय विद्यालयों में रिक्त पड़े सैकड़ों पदों पर नियुक्ति करने के बजाय सरकार की ओर से स्थायी नॉन-प्लान पदों को पुनर्जीवित करने का नया शिगूफ़ा छोड़ा गया है, जिसे शीघ्र ही उच्च न्यायालय में चुनौती दी जाएगी। जनपदीय संरक्षक डॉ. प्रधान विजय कुमार ने कहा कि संगठन के पदाधिकारी पूरी सक्रियता के साथ परिषद का संचालन कर रहे हैं, जिसमें जनपद के सभी प्रधानाचार्यों की सहभागिता अत्यंत आवश्यक है। जिला अध्यक्ष डॉ. दीपक शर्मा ने प्रधानाचार्यों की लंबित समस्याओं के शीघ्र समाधान हेतु प्रत्येक माह के अंतिम कार्य दिवस को अपराह्न 2 बजे मुख्य शिक्षा अधिकारी कार्यालय में सभी प्रधानाचार्यों की उपस्थिति का आग्रह किया। जिला उपाध्यक्ष मीनाक्षी शर्मा ने कहा कि कलयुग में संगठन में ही शक्ति है, इसलिए सभी को संगठित रहकर संगठन को और अधिक मजबूत बनाना चाहिए। जिला मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा एवं जिला कोषाध्यक्ष डॉ. ओम सिंह सैनी ने डाउनग्रेड व्यवस्था में परिवर्तन का मुद्दा उठाते हुए समान कार्य के लिए समान वेतन की मांग दोहराई। मार्गदर्शक सुदेश अरोड़ा ने संगठन की बैठकों में लिए गए निर्णयों को क्रियान्वित करने के लिए प्रांतीय नेतृत्व के साथ कंधे से कंधा मिलाकर कार्य करने की बात कही। बैठक में उपस्थित सभी प्रधानाचार्यों ने अपने-अपने सुझाव सदन के पटल पर रखे। इस अवसर पर परिषद की ओर से मुख्य शिक्षा अधिकारी के वरिष्ठ वैयक्तिक अधिकारी अशोक कुमार को सेवानिवृत्ति पर शाल ओढ़ाकर तथा गंगाजलि एवं बुके भेंट कर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही जनपद हरिद्वार से प्रदेश कार्यकारिणी में चयनित प्रांतीय संरक्षक डॉ. घनश्याम गुप्ता, प्रांतीय कार्यकारिणी सदस्य डॉ. दीपक शर्मा, जनपदीय संरक्षक डॉ. प्रधान विजय कुमार, मार्गदर्शक सुदेश अरोड़ा तथा एल.डी.ए.वी. इंटर कॉलेज, रुड़की के नवनियुक्त प्रधानाचार्य सुरेश कुमार राय का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। बैठक में हितेश गुप्ता, विनोद कुमार सैनी, विराज सिंह, जितेंद्र नेगी, अरुण कुमार, राजेंद्र सिंह वर्मा, सुनील कुमार कटारिया, प्रदीप कुमार, डॉ. लक्ष्मी देवी, ज्योत्सना, जयचंद चतुर्वेदी, अंकित चौहान सहित अनेक प्रधानाचार्य उपस्थित रहे।

# दिल्ली के मटियाला में मुख्यमंत्री ने 400 करोड़ की विकास परियोजनाओं का किया शुभारंभ



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

नई दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शनिवार को मटियाला विधानसभा क्षेत्र में 400 करोड़ की विकास परियोजनाओं का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि मटियाला क्षेत्र आज विकसित दिल्ली के निर्माण की दिशा में एक नई शुरुआत का साक्षी बना है। मुख्यमंत्री ने एक्स पोस्ट में कहा कि मटियाला में दिल्ली की शहरी चमक और गांव-देहात की पारंपरिक संस्कृति एक साथ सांस लेती है। इसलिए इसके सर्वांगीण विकास के लिए हर मोर्चे पर काम किया जाएगा। बुनियादी इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत किया जाएगा, सड़कें बनेंगी, पेयजल व्यवस्था पर काम होगा और स्वच्छता पर भी विशेष ध्यान दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि पिछले एक वर्ष में मटियाला ने आयुष्मान आरोग्य मंदिर, अटल कैंटीन जैसी अनेक जनसुविधाओं के तेज विस्तार को देखा है। अब इस बजट के माध्यम से हमारी सरकार इस क्षेत्र के व्यापक कायाकल्प की दिशा में आगे बढ़ रही है। इस अवसर पर स्थानीय सांसद कमलजीत सहरावत, विधायक संदीप सहरावत, पार्षद अनुराधा शर्मा, राम निवास, नजफगढ़ जोन की एमसीडी चेयरमैन सविता शर्मा, पूर्व जिलाध्यक्ष रमेश शौखंदा सहित बड़ी संख्या में क्षेत्र के लोग उपस्थित रहे।

### मुख्यमंत्री ने शालीमार बाग में विकास कार्यों का किया उद्घाटन




नई दिल्ली,। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शनिवार को शालीमार बाग विधानसभा के एसी ब्लॉक में कई विकास कार्यों का उद्घाटन किया। मुख्यमंत्री सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि शालीमार बाग के इस ब्लॉक को आज रिंग रोड के पास सर्विस रोड, ड्रेनेज और रिटेनिंग वॉल, बेहतर सड़कें और नालियां, नई बाउंड्री वॉल और पार्किंग एरिया मिला है। इसके साथ ही सेंट्रल पार्क में बाउंड्री वॉल और वॉकिंग ट्रैक, नेहरू पार्क और अपना पार्क में वॉकवे बनाए गए हैं। उन्होंने कहा कि इन सभी कामों का सीधा फायदा क्षेत्र के लोगों को मिलेगा। आवागमन आसान होगा, सफाई बेहतर होगी और पार्कों में घूमने के लिए सुरक्षित और अच्छी जगह मिलेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली सरकार शालीमार बाग को स्वच्छ, सुविधाजनक और अच्छी शहरी व्यवस्थाओं वाला एक आदर्श विधानसभा क्षेत्र बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही हैं।

### बिहार के पूर्णिया से सांसद पप्पू यादव 31 साल पुराने मामले में गिरफ्तार

पटना। बिहार में पटना के बुद्धा कॉलोनी थाना क्षेत्र से पूर्णिया से सांसद पप्पू यादव को बीती आधी रात 31 साल एक पुराने मामले में गिरफ्तार कर लिया गया। पटना पुलिस ने यादव को मंदिरी इलाके में घर से गिरफ्तार किया। भारी पुलिस बल के साथ एसपी सिटी भानु प्रताप सिंह और एसएसपी कार्तिकेय शर्मा के नेतृत्व में टीम पहुंची थी। गिरफ्तारी पर समर्थकों ने विरोध जताया और नारेबाजी की। पप्पू यादव दिल्ली से पटना लौटे ही थे कि पुलिस टीम उनके घर पहुंच गई। अफसरों और पांच थानों की टीम ने वारंट दिखाते हुए गिरफ्तारी की । पप्पू यादव ने शुरू में विरोध किया और कहा कि वे शनिवार सुबह खुद कोर्ट में पेश होंगे। उनके समर्थकों और पुलिस के बीच बहस हुई। पप्पू यादव ने चिल्लाकर कहा कि ये लोग उन्हें मारने आए हैं और गिरफ्तारी का वारंट नहीं दिखाया गया, बल्कि संपत्ति कुर्की का कागज निकाला गया। गिरफ्तारी से पहले पप्पू यादव ने मीडिया से बातचीत में दावा किया कि यह राजनीतिक साजिश है।

### फाइलेरिया उन्मूलन को लेकर मीडिया उन्मुखीकरण कार्यशाला आयोजित

भागलपुर। जिले में राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन (एमडीए) अभियान को प्रभावी बनाने के उद्देश्य से शनिवार को एक मीडिया उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम मॉडल अस्पताल सभागार भागलपुर में आयोजित हुआ, जिसमें स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों, चिकित्सा विशेषज्ञों, विभिन्न सहयोगी संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। कार्यशाला का उद्देश्य फाइलेरिया जैसी गंभीर बीमारी के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाना और एमडीए अभियान को सफल बनाने में मीडिया की भूमिका को सशक्त करना रहा। कार्यक्रम के दौरान विशेषज्ञों ने बताया कि फाइलेरिया एक उपेक्षित उष्णकटिबंधीय रोग है, जो संक्रमित मच्छरों के काटने से फैलता है और समय पर उपचार नहीं मिलने पर यह स्थायी विकलांगता का कारण बन सकता है।

# हम जितनी सार्थक चर्चा करेंगे, उतनी ही बढ़ेगी सदन की मर्यादा : ओम बिरला

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



पटना। बिहार विधानसभा के स्थापना दिवस समारोह के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने जनप्रतिनिधियों को संसदीय मर्यादाओं के पालन और ज्ञान-आधारित सार्थक चर्चा पर जोर देते हुए लोकतंत्र को मजबूत बनाने का आह्वान किया।

विधानसभा के केंद्रीय कक्ष में शनिवार को आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि सदन की प्रतिष्ठा और लोकतंत्र की मजबूती इस बात पर निर्भर करती है कि प्रतिनिधि कितनी तैयारी और जिम्मेदारी के साथ चर्चा में भाग लेते हैं। लोकसभा अध्यक्ष ने कहा ऌहम जितनी सार्थक चर्चा करेंगे, उतनी ही सदन की मर्यादा बढ़ेगी। जब भी हम सदन के भीतर किसी विषय पर बोलें, तो उसके तथ्य और पृष्ठभूमि की जानकारी हमारे पास अवश्य होनी चाहिए। उन्होंने हाल के समय में विभिन्न सभागृहों में घटती संसदीय गरिमा पर चिंता व्यक्त करते हुए नारेबाजी, व्यवधान और वेल में आकर प्रदर्शन जैसी प्रवृत्तियों से बचने की अपील की। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र संवाद, तर्क और विचार-विमर्श से मजबूत होता है, टकराव से नहीं। सशक्त विधायक, मजबूत लोकतंत्र विषय पर अपने उद्बोधन में ओम बिरला ने कहा कि जो जनप्रतिनिधि संविधान, संसदीय परंपराओं और लोकतांत्रिक मूल्यों को गहराई से समझते हैं, वही सदन को प्रभावी बना सकते हैं। उन्होंने कहा कि बिहार की धरती लोकतांत्रिक विचारधारा और परंपराओं की महत्वपूर्ण जन्मस्थली रही है, जिसने देश की संसदीय व्यवस्था को वैचारिक आधार दिया है। उन्होंने विधायकों से आग्रह किया कि वे ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों, किसानों, महिलाओं और युवाओं से जुड़े मुद्दों को प्राथमिकता के साथ सदन में उठाएं, ताकि जन-जन की आवाज नीति निर्माण तक पहुंचे और समस्याओं का त्वरित समाधान हो सके। उन्होंने कहा कि जनता के विश्वास से सशक्त जनप्रतिनिधि ही लोकतंत्र को ऊर्जा देते हैं और कानून निर्माण की प्रक्रिया को सार्थक बनाते हैं। ओम बिरला ने यह भी कहा कि एक विधायक की वास्तविक शक्ति उसके नैतिक मूल्यों, जिम्मेदारी की भावना और संवैधानिक प्रक्रियाओं की समझ में निहित होती है। सक्षम और जागरूक विधायक शासन व्यवस्था को अधिक पारदर्शी, जवाबदेह और जन-केंद्रित बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

# दस साल में देश के केवल 31 शहर बने 'स्मार्ट', कई शहर अब भी जोह रहे बाट : आरटीआई

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



नयी दिल्ली। देश के 100 शहरों को 'स्मार्ट सिटी' में बदलने के लिए 2016 में पांच साल के लिए एक परियोजना शुरू की गई थी लेकिन दस साल बीतने और तीन बार परियोजना की समयसीमा बढ़ाए जाने के बावजूद केवल 31 शहर ही 'स्मार्ट' बन पाए हैं तथा 26 शहरों को अभी खुद को 'स्मार्ट' कहलाने में कुछ और वक्त लगेगा।

सूचना के अधिकार (आरटीआई) के तहत दायर एक आवेदन के जवाब में भारत सरकार के आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय ने बताया है कि 43 शहरों में परियोजनाएं लगभग पूरी होने को हैं जबकि 26 शहरों में अब भी इनके पूरा होने में समय है।

'स्मार्ट सिटी मिशन' परियोजना को पूरा करने के लिए मंत्रालय ने पहले मिशन की समयसीमा को जून 2023 तक बढ़ाने का निर्णय लिया। इसके बाद इसे दोबारा बढ़ाकर 30 जून 2024 और फिर 31 मार्च 2025 कर दिया गया। दिसंबर 2025 तक के आंकड़ों के अनुसार, परियोजना के तहत लगभग दस साल में 59,385 करोड़ रुपये की मदद से 31 शहरों को स्मार्ट सिटी में तब्दील किया गया है। आरटीआई के जरिए मंत्रालय से मिली जानकारी में कहा गया कि 'स्मार्ट सिटी मिशन' के तहत चार चरणों में देश के 28 राज्यों व आठ केंद्र शासित प्रदेशों के चुनिंदा 100 शहरों को 'स्मार्ट सिटी' में तब्दील करने के लिए चुना गया था। मंत्रालय ने बताया कि पहले चरण के तहत जनवरी 2016 में 20, दूसरे चरण के तहत मई से सितंबर 2016 में 40, तीसरे चरण के तहत जून 2017 में 30 और जनवरी 2018 तक 10 शहरों को 'स्मार्ट सिटी मिशन' के लिए चुना गया था। इसने स्पष्ट किया कि 'स्मार्ट सिटी मिशन' का उद्देश्य पूरे शहर का विकास करना नहीं बल्कि क्षेत्र-आधारित विकास करना था। इस योजना के अंतर्गत पुरानी संरचनाओं को तोड़े बिना उन्हें नए मानकों के अनुरूप तैयार करना, पुनर्विकास और हरित क्षेत्र तैयार करने सहित एक ऐसा मॉडल विकसित करना है जिसे अन्य शहरों द्वारा भी अपनाया जा सके। मंत्रालय ने एक सवाल के जवाब में बताया कि 24 जून 2025 तक मिशन के अंतर्गत इन 100 शहरों में 1.64 लाख करोड़ की लागत से 8067 परियोजनाएं (कुल परियोजनाओं का 94 प्रतिशत) पूरी हो चुकी हैं। आरटीआई में मिली जानकारी के मुताबिक, 'स्मार्ट सिटी' बने 31 शहरों में अगरतला (77 परियोजनाएं), आगरा (62), अटल नगर (52), बरेली (88), भोपाल (82), चंडीगढ़ (97), कोयंबटूर (72), दाहोद (36), इरोड (55), इंदौर (231), जबलपुर (130), झांसी (78), कोहिमा (40), मदुरै (16), मुरादाबाद (41), पटना (34), पुणे (55), राजकोट (71), रांची (26), सालेम (114), शिवमोगा (112), सोलापुर (49), सूरत (87), तुतूकोरिन (75), तिरुचिरापल्ली (83), तिरुनवेली (81), त्रिप्पुर (28), तुमकुरु (217), उदयपुर (143), वडोदरा (52) और वाराणसी (117) शामिल हैं। मंत्रालय से मिली जानकारी के मुताबिक, इन 31 स्मार्ट शहरों में जिन शहरों पर सबसे ज्यादा राशि खर्च की गई है उनमें इंदौर, त्रिप्पुर, सूरत, वाराणसी, भोपाल और राजकोट शामिल हैं। आरटीआई के तहत प्राप्त सूचना के अनुसार, इंदौर में 3751 करोड़ रुपये की मदद से 231 योजनाएं, त्रिप्पुर में 2833 करोड़ रुपये की मदद से 28, सूरत में 2694 करोड़ रुपये की मदद से 87, वाराणसी में 3,342 करोड़ रुपये की मदद से 117, सालेम में 1,861 करोड़ रुपये की मदद से 114 और शिवमोगा में 1,381 करोड़ रुपये की मदद से 112 परियोजनाएं पूरी हुई हैं। 'स्मार्ट सिटी डिवीजन' के संयुक्त निदेशक विवेक कुमार ने जानकारी देने के लिए अधिकृत नहीं होने की बात कहते हुए इस विषय पर कुछ भी कहने से इनकार किया। मंत्रालय ने बताया कि जिन शहरों में काम 100 फीसदी पूरा होने को है, उनमें विशाखापत्तनम (दो), गुवाहाटी (एक), भागलपुर (एक), पणजी (चार), अहमदाबाद (एक), गांधीनगर (दो), शिमला (तीन), जम्मू (चार), बेंगलुरु (एक), दावणगेरे (एक), हुब्बली-धारवाड़ (दो), कोच्चि (दो), तिरुवनंतपुरम (तीन), कावारट्टी (चार), ग्वालियर (चार), सागर (दो), उज्जैन (तीन), औरंगाबाद (दो), कल्याण डोंबिविली (तीन), नासिक (दो), पिंपरी-चिंचवड (एक), ठाणे (दो), इंफाल (चार) और शिलांग (तीन) शामिल हैं।

चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।

समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063